RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 276
नई दिल्ली, सोमवार, 15 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



गिल को तीसरे क्रम पर करनी पड़ सकती है बल्लेबाजी
स्पोर्ट्स-12

# देश के लिए सर्वस्व अर्पण करने का संकल्प लें

## ● भारत ने दुनिया को लोकतंत्र की वास्तविक क्षमता का पता लगाने में मदद की: राष्ट्रपति

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि भारत ने दुनिया को लोकतंत्र की वास्तविक क्षमता का पता लगाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि देश में आज संवेदनशीलता एवं करुणा के जीवन-मूल्यों को प्रमुखता दी जा रही है और इन जीवन-मूल्यों का मुख्य उद्देश्य वंचित, जरूरतमंद तथा समाज के हाशिए पर रहने वाले लोगों के कल्याण के वास्ते कार्य करना है।

मुर्मू ने 76वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में कहा कि प्रमुख आर्थिक सुधारों के साथ अभिनव कल्याणकारी पहल की जा रही है और दुनिया ने हाल के वर्षों में नए भारत को विकसित होते देखा है, विशेषकर कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बाद। राष्ट्रपति ने कहा कि जब भारत को स्वतंत्रता मिली, तो दुनिया के कई नेता और विशेषज्ञ थे, जिन्हें उस समय गरीबी और निरक्षरता के कारण भारत में सरकार के लोकतांत्रिक स्वरूप की सफलता के बारे में संशय था। उन्होंने कहा, हम भारतीयों ने संदेह जताने वाले लोगों को गलत साबित किया। इस मिट्टी में न केवल लोकतंत्र की जड़ें बढ़ीं, बल्कि समृद्ध भी हुईं। उन्होंने कहा, हमारे पास जो कुछ भी है वह हमारी मातृभूमि का दिया हुआ है। इसलिए हमें अपने देश की सुरक्षा, प्रगति और समृद्धि के लिए अपना सब कुछ अर्पण कर देने का संकल्प लेना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा, हमारा संकल्प है कि वर्ष 2047 तक हम अपने स्वाधीनता सेनानियों के सपनों को पूरी तरह साकार कर लेंगे। इसी काल-खंड में हम बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के नेतृत्व में संविधान का निर्माण करने वाली विभूतियों के दृष्टिकोण को साकार कर चुके होंगे। एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हम पहले से ही तत्पर हैं। वह एक ऐसा भारत होगा जो अपनी संभावनाओं को साकार कर चुका होगा। मुर्मू ने कहा कि14 अगस्त के दिन को विभाजन-विभीषिका स्मृति-दिवस के रूप में मनाया जा रहा है और इस स्मृति दिवस को मनाने का उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, मानव सशक्तीकरण और एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा, 15 अगस्त 1947 के दिन हमने औपनिवेशिक शासन की बेड़ियों को काट दिया था। उस दिन हमने अपनी नियति को नया स्वरूप देने का निर्णय लिया था।



स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

उन्होंने कहा, उस दिन की वर्षगांठ मनाते हुए हम लोग सभी स्वाधीनता सेनानियों को सादर नमन करते हैं। उन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया ताकि हम सब एक स्वाधीन भारत में सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी हमारे साथ-साथ विश्व में हर लोकतंत्र समर्थक के लिए उत्सव का विषय है। अपने 17 मिनट के संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि विश्व में चल रही आर्थिक कठिनाई के विपरीत, भारत की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने का श्रेय सरकार तथा नीति-निर्माताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि देश का विकास अधिक समावेशी होता जा रहा है और क्षेत्रीय असमानताएं भी कम हो रही हैं। उन्होंने कहा, इस कोविड महामारी का सामना हमने जिस तरह किया है उसकी सर्वत्र सराहना की गई है। हमने देश में ही निर्मित टीके के साथ मानव इतिहास का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया। पिछले महीने हमने कोविड रोधी टीके की दो सौ करोड़ खुराक का आंकड़ा पार कर लिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस महामारी का सामना करने में भारत की उपलब्धियां विश्व के अनेक विकसित देशों से अधिक रही हैं। उन्होंने कहा, इस प्रशंसनीय उपलब्धि के लिए हम अपने वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, नर्सों, पैरामेडिक्स और टीकाकरण से जुड़े कर्मचारियों के आभारी हैं। इस आपदा में कोरोना योद्धाओं द्वारा किया गया योगदान विशेष रूप से प्रशंसनीय है। मुर्मू ने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरे विश्व में मानव-जीवन और अर्थव्यवस्थाओं पर कठोर प्रहार किया है। उन्होंने कहा, जब दुनिया इस गंभीर संकट के आर्थिक परिणामों से जूझ रही थी, तब भारत ने स्वयं को संभाला और अब पुन: तीव्र गति से आगे बढ़ने लगा है। इस समय भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही प्रमुख अर्थ-व्यवस्थाओं में से एक है। भारत के स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र का विश्व में ऊंचा स्थान है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे अस्तित्व की सार्थकता एक महान भारत के निर्माण में ही दिखाई देगी। कन्नड़ भाषा के माध्यम से भारतीय साहित्य को समृद्ध करने वाले महान राष्ट्रवादी कवि कुवेम्पु ने कहा है: मैं नहीं रहूंगा, न रहोगे तुम, परन्तु हमारी अस्थियों पर उदित होगी, उदित होगी नए भारत की महागाथा।

उन्होंने कहा, उस महान कवि का यह स्पष्ट आह्वान है कि मातृभूमि तथा देशवासियों के उत्थान के लिए सर्वस्व बलिदान करना हमारा आदर्श होना चाहिए। इन आदर्शों को अपनाने के लिए मैं अपने देश के युवाओं से विशेष अनुरोध करती हूं। वे युवा ही 2047 के भारत का निर्माण करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में वोट देने का अधिकार प्राप्त करने के लिए महिलाओं को लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन गणतंत्र की शुरुआत से ही भारत ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार आधुनिक भारत के निर्माताओं ने प्रत्एक वयस्क नागरिक को राष्ट्र-निर्माण की सामूहिक प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भारत को यह श्रेय जाता है कि उसने विश्व समुदाय को लोकतंत्र की वास्तविक क्षमता से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप की सफलता, विशेष रूप से यूनिकॉर्न की बढ़ती संख्या औद्योगिक प्रगति का एक जबरदस्त ( शेष पेज 8 )

# बिग बुल राकेश झुनझुनवाला नहीं रहे

## ● प्रधानमंत्री समेत कई गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया

**भाषा।** मुंबई

**शेयर** बाजार के दिग्गज निवेशक और भारत के वारेन बफे कहे जाने वाले राकेश झुनझुनवाला का रविवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे। उनकी नेटवर्थ 5.8 अरब डॉलर (46,000 करोड़ रुपए) थी। झुनझुनवाला की तरफ से हाल ही में शुरू की गई एयरलाइन आकाश एयर के एक सूत्र ने बताया कि झुनझुनवाला को रविवार सुबह दिल का दौरा पड़ा। उन्हें फौरन ब्रीच कैंडी अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने तक उनका निधन हो चुका था। वह अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्हें गुर्दे को लेकर कुछ परेशानी थी। अपने आखिरी सार्वजनिक कार्यक्रम में वह व्हीलचेयर पर आए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झुनझुनवाला के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने आर्थिक जगत में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, राकेश झुनझुनवाला जिंदादिल, हाजिरजवाब और गहरी समझ वाले व्यक्ति थे। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने ट्वीट किया कि श्री राकेश झुनझुनवाला अब नहीं रहे। वह जोखिम लेने में काफी साहस दिखाते थे और शेयर बाजार को लेकर उनकी समझ



जबर्दस्त थी। मेरी उनके साथ कई बार बातचीत हुई। उनको भारत की ताकत और क्षमता में भरोसा था। देश के सबसे अमीर व्यक्ति और अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अडाणी ने कहा कि झुनझुनवाला पूरी पीढ़ी के लिए प्रेरणा थे। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि झुनझुनवाला को भारत में भरोसा था और वह देश की क्षमता में विश्वास रखते थे। फोर्ब्स के अनुसार, झुनझुनवाला की नेटवर्थ 5.8 अरब डॉलर थी।

फोर्ब्स की 2021 की सूची के अनुसार, वह भारत के 36वें सबसे अमीर व्यक्ति थे। कई बार उनकी तुलना दिग्गज अमेरिकी निवेशक वारेन बफे से की जाती थी। उन्हें भारतीय बाजारों का बिग बुल भी कहा जाता था। उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों में भारतीय शेयर बाजारों में निवेश की शुरुआत मात्र 5,000 रुपए की पूंजी से की थी। उन्होंने हाल में जेट एयरवेज के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे और इंडिगो के पूर्व प्रमुख आदित्य घोष के साथ मिलकर देश की नई किफायती विमान सेवा कंपनी आकाश एयर की शुरुआत की। इस एयरलाइन ने एक हफ्ते पहले ही मुंबई से अहमदाबाद की उड़ान के साथ अपना परिचालन शुरू किया है। चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) रहे झुनझुनवाला ने कंपनियों के खातों का ऑडिट करने के बजाय दलाल पथ की राह चुनी। 1985 में उन्होंने 5,000 रुपए की पूंजी के साथ इसकी शुरुआत की। उनके पोर्टफोलियो में स्टार हेल्थ, टाइटन, रैलिस इंडिया, केनरा बैंक, इंडियन होटल्स कंपनी, एग्रो टेक फूड्स, नजारा टेक्नोलॉजीज और टाटा मोटर्स शामिल हैं। उनका तीन दर्जन से ज्यादा कंपनियों में निवेश था। टाइटन, स्टार हेल्थ, टाटा मोटर्स और मेट्रो ब्रांड्स जैसी कंपनियों में उनकी बड़ी हिस्सेदारी थी। अकेले टाइटन में ही उनकी 5.05 प्रतिशत हिस्सेदारी का मूल्य 11,000 करोड़ रुपए है। उनकी सबसे अधिक 23.37 प्रतिशत हिस्सेदारी एप्टेक लि. में है। स्टार हेल्थ एंड अलायड इंश्योरेंस कंपनी में उनकी 17.49 प्रतिशत, मेट्रो ब्रांड्स में 14.43 प्रतिशत, एनसीसी लि. में 2.62 प्रतिशत और नजारा टेक्नोलॉजीज में 10.03 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह हंगामा मीडिया और एप्टेक के चेयरमैन थे। वह कई कंपनियों के निदेशक मंडल में भी शामिल थे। झुनझुनवाला का जन्म पांच जुलाई, 1960 को राजस्थान के परिवार में हुआ था। वह मुंबई में पले-बढ़े थे। मुंबई में उनके पिता आयकर आयुक्त थे। उन्होंने साइडेन्हेम कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की और बाद में भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) में नामांकन कराया। झुनझुनवाला ने ( शेष पेज 8 )

## अवकाश सूचना




**स्वतंत्रता दिवस** के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 15 अगस्त 2022 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 17 अगस्त 2022 को प्रकाशित होगा।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,462 | |
| निफ्टी | 17,698 | |
| सोना | 52,915 | /10g |
| चांदी | 59,166 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आतंकी मोहम्मद नदीम का साथी सैफुल्ला कानपुर से गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने कुख्यात आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक और आतंकी हबीबुल इस्लाम उर्फ सैफुल्ला को रविवार को कानपुर से गिरफ्तार किया। सैफुल्ला सहारनपुर से गिरफ्तार मोहम्मद नदीम के भारतीय कनेक्शन से जुड़ा हुआ था। उसे पूछताछ के लिए फतेहपुर से कानपुर लाया गया था, जहां बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। नदीम के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान उससे प्रारंभिक पूछताछ में सैफुल्ला का नाम सामने आया। इसके बाद विवेचक के निर्देश पर उसे फतेहपुर से कानपुर लाकर पूछताछ की गई। सैफुल्ला ने स्वीकार किया कि वह नदीम को जानता था तथा दोनों एक ही आतंकी नेटवर्क जेम से जुड़े हुए थे। दोनों के संबंधों की पुष्टि होने के बाद एटीएस की कानपुर फील्ड यूनिट ने सैफुल्ला को गिरफ्तार किया गया।

### कांग्रेस विधायक के इस्तीफे के बाद तेलंगाना में राजनीतिक पारा चढ़ा

**हैदराबाद।** कांग्रेस के विधायक के. राजगोपाल रेड्डी के अपने पद और पार्टी से इस्तीफा देने के साथ ही तेलंगाना में सियासी पारा चढ़ गया है। रेड्डी मुनुगोडे विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। माना जा रहा है कि रेड्डी के इस्तीफा देने के बाद खाली हुई सीट पर होने वाले उपचुनाव में जीत दर्ज करने वाले दल को अगले साल प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में बढ़त मिल सकती है। राजगोपाल रेड्डी ने आठ अगस्त को विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया था, जिन्होंने इसे स्वीकार कर लिया था। इस्तीफे के बाद खाली हुई सीट पर छह महीने के भीतर उपचुनाव कराने की आवश्यकता होगी। राजगोपाल रेड्डी ने कांग्रेस पार्टी से और विधायक पद से यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया।

# विभाजन हमारे इतिहास का दुखद काल: मोदी

## ● विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रधानमंत्री ने उस दौरान जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी

## ● भाजपा ने विभाजन को मंजूरी देने के लिए कांग्रेस पर हमला बोला, जवाबदेही पूछी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को याद करते हुए कहा कि 'ये दिन भारतीयों द्वारा भोगे गए कष्ट और त्याग की हमें याद दिलाता है। प्रधानमंत्री की तर्ज पर भाजपा ने इस मौके पर पूरे देश में शांति रैलियां निकाली तथा कार्यक्रमों का आयोजन किया। पार्टी ने विभाजन की अनुमति देने के लिए कांग्रेस पर भी हमला बोला।

भाजपा ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी में जंतर-मंतर पर विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन मार्च निकाला। एक ट्वीट में पीएम ने कहा कि आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। विभाजन के दौरान जिन लोगों ने जान गंवाई है मैं उनको श्रद्धांजलि देता हूं और उन सभी लोगों की सराहना करता हूं जिन्होंने हमारे इतिहास के इस दुखद काल में तकलीफें झेली लेकिन अपना सब्र बनाए रखा। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐलान किया था कि 14 अगस्त को हर साल विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिससे कि देश को 1947 में विभाजन के दौरान भारतीयों के त्याग और तकलीफों को याद दिलाया जा सके।



विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर यात्रा निकालते भाजपा नेता

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले लाखों लोगों को श्रद्धांजलि दी। सिलसिलेवार ट्वीट में शाह ने कहा कि 1947 में हुआ विभाजन भारतीय इतिहास का अमानवीय अध्याय है, इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। भाजपा ने कांग्रेस का नाम लेते हुए एक वीड़ियो में यह जानना चाहा कि उन लोगों द्वारा जो सारे मसलों को देख रहे थे विभाजन क्यों नहीं रोका गया। भाजपा के वीडियो में सिरिल जॉन रेडक्लिफ का नक्शा दिखाया गया जिसमें पंजाब और बंगाल को लगभग आधा कर दिया गया है। पार्टी ने सवाल उठाया कि एक ऐसा व्यक्ति जिसे भारत की सांस्कृतिक विरासत के बारे में कुछ अता-पता नहीं था उसे कैसे ( शेष पेज 8 )

### सियासी लाभ लेना पीएम की मंशा: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने रविवार को आरोप लगाया कि 14 अगस्त के दिन विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वास्तविक मंशा सबसे दुखद ऐतिहासिक घटनाओं को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने की है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि विभाजन की त्रासदी का इस्तेमाल नफरत और पूर्वाग्रह की भावना को भड़काने के लिए नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नफरत की राजनीति हारेगी और कांग्रेस गांधी, नेहरू, पटेल तथा अन्य नेताओं की विरासत को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्र को एकजुट करने का प्रयास जारी रखेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल घोषणा की थी कि लोगों के संघर्ष और बलिदान ( शेष पेज 8 )



स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राजधानी नई दिल्ली में तिरंगा यात्रा निकालते विद्यार्थी

# रुश्दी का समर्थन करने वाली लेखिका रॉउलिंग को हत्या की धमकी

**भाषा।** लंदन, लॉस एंजिलिस

**हैरी** पोर्टर की लेखिका जेके रॉउलिंग को मुंबई में जन्में लेखक सलमान रुश्दी पर न्यूयॉर्क में हमले के बाद उनका समर्थन करने के लिए जान से मारने की धमकी मिली है, जिसकी जांच स्कॉटलैंड पुलिस कर रही है। पुलिस ने रविवार को बताया कि माना जा रहा है कि यह ऑनलाइन धमकी पाकिस्तान से भेजी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

रॉउलिंग (57) ने धमकी का स्क्रीनशॉट ट्विटर पर साझा किया गया है, जिसमें लिखा गया है चिंता न करो, अगली तुम ही हो। रॉउलिंग को जिस ट्विटर एकाउंट से धमकी भेजी गई है, उसी पर न्यूयॉर्क में 75 वर्षीय रुश्दी पर हमला करने वाले की प्रशंसा करने वाले संदेश भी पोस्ट किए गए हैं। स्कॉटलैंड पुलिस ने कहा, हमें ऑनलाइन धमकी मिलने की सूचना मिली है और अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। रॉउलिंग ने ट्वीट किया था कि वह रुश्दी पर हमले की खबर जान कर बहुत कमजोर महसूस कर रही हैं और उम्मीद करती हैं कि वह ठीक हो जाएंगे। इसी ट्वीट पर उन्हें यह धमकी भर जवाब मिला है। ब्रिटेन के ( शेष पेज 8 )

# महाराष्ट्र में शिंदे कैबिनेट में विभागों का बंटवारा

## ● फडणवीस को गृह और वित्त, मुख्यमंत्री ने शहरी विकास अपने पास रखा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**मंत्रिपरिषद** में 18 मंत्रियों को शामिल करने के पांच दिन बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को विभागों का आवंटन कर दिया। उन्होंने नगर विकास और 11 अन्य विभाग जहां अपने पास रखे हैं, वहीं उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को अहम गृह विभाग आवंटित किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि भाजपा नेता फडणवीस वित्त और योजना विभाग भी संभालेंगे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ही राधाकृष्ण विखे पाटिल नए राजस्व मंत्री होंगे। वह 2019 के विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। शिंदे ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के 41 दिन बाद नौ अगस्त को 18 मंत्रियों को शामिल कर अपनी दो सदस्यीय मंत्रिपरिषद का विस्तार किया था।



फाइल फोटो

इसमें नौ मंत्री भाजपा से और नौ मंत्री शिवसेना के बागी खेमे से शामिल किए गए थे। मंत्रियों की सूची में किसी महिला का नाम नहीं था। मुख्यमंत्री ने शहरी विकास विभाग के अलावा सामान्य प्रशासन विभाग, लोक निर्माण विभाग (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम), सूचना एवं जनसंपर्क, परिवहन, विपणन, सामाजिक न्याय, आपदा प्रबंधन, राहत एवं पुनर्वास, मृदा एवं जल संरक्षण, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग अपने पास रखे हैं। फडणवीस, गृह, वित्त और योजना विभागों के अलावा कानून और न्यायपालिका, जल संसाधन, आवास, ऊर्जा और प्रोटोकॉल विभाग भी संभालेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के करीबी माने जाने वाले चंद्रकांत पाटिल नए उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री होंगे। इसके साथ ही ( शेष पेज 8 )

# सियाचिन में 38 साल पहले लापता जवान का अवशेष मिला

## ● उत्तराखंड के हल्द्वानी के रहने वाले थे लांस नायक चंद्रशेखर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सियाचिन** ग्लेशियर में सेना को 38 साल बाद एक जवान का शव मिला है। जवान की पहचान लांस नायक चंद्रशेखर के रूप में हुई है। विश्व के सबसे बड़े युद्ध के मैदान सियाचिन में आए एक बर्फीले तूफान के बाद यह जवान लापता हो गया था। एक खोजी दल को शनिवार को 16,000 फीट ऊंचाई पर एक पुराने बंकर से चंद्रशेखर के शरीर का अवशेष मिला।

कंकाल के गले से लिपटी प्लेट से की उसकी पहचान हुई। 19वीं कुमांयू रेजीमेंट में अपनी सेवा देने वाला जवान उत्तराखंड के हल्द्वानी का रहने वाला था। उसके परिवार में पत्नी और दो बेटियां थीं। सूत्र ने बताया कि



लांस नायक चंद्रशेखर के चित्र के साथ उनके परिजन — फाइल फोटो

इस हादसे के समय उसकी बड़ी बेटी 8 साल की और छोटी बेटी 4 साल की थी। हल्द्वानी में जवान की शव यात्रा उसकी यूनिट के कई सेवानिवृत्त जवानों और परिजनों के शामिल होने की संभावना है। 1984 में जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, भारतीय सेना ने कुछ समय पहले ही एक टीम को तैनात किया था। शेखर भी उस टीम का हिस्सा थे जिसे 5965 प्वाइंट पर कब्जा करने के लिए भेजा गया था। इस पर पाकिस्तान भी आंख गड़ाए बैठा था। 19वीं कुमांयू रेजीमेंट भारतीय सेना की उस टुकड़ी का हिस्सा थी जिसे ग्लेशियर पर तैनात किया गया था। शेखर की टुकड़ी उस समय वहां ठहरी थी जब बर्फीला तूफान आया ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 15 अगस्त, 2022



# तिरंगामय हुए नोएडा-गाजियाबाद, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## दोनों शहरों में 8500 पुलिसकर्मी किए गए तैनात, संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा और गाजियाबाद दोनों ही शहर 75वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगामय हो गए। जिधर देखें, उधर तिरंगे ही तिरंगे नजर आ रहे हैं। घर, दुकान, ऑफिस और यहां तक कि निजी गाड़ियों पर भी लोग तिरंगा लगाकर हर घर अभियान से जुड़ रहे हैं। मुख्य समारोह सोमवार को होंगे। इसके मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। दिल्ली की सीमाओं और पड़ोसी जिलों के संवेदनशील स्थानों पर चौकियां स्थापित की गई हैं। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में विशेष तौर पर 8500 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। दिल्ली आने-जाने वाले यात्रियों और वाहनों पर कड़ी नजर रखने के अलावा पुलिस लोगों की सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी नजर रखे हुए है। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

नोएडा के अतिरिक्त डीसीपी कानून व्यवस्था रणविजय सिंह ने कहा कि दोनों शहरों और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में कुल 3500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी नौ बॉर्डर प्वाइंट पर सुरक्षा जांच तेज कर दी गई है। शहर में प्रवेश करने वाले लगभग हर वाहन को स्कैन किया जा रहा है। दो शहरों में मौजूद महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा जांच के लिए तोड़फोड़ विरोधी टीमों और बम निरोधक दस्तों को तैनात किया गया है। पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए नोएडा और ग्रेटर नोएडा के गेस्ट हाउस और होटलों का दौरा कर रही है कि कोई भी बाहरी व्यक्ति बिना उचित दस्तावेजों के यहां न ठहर सके। सिंह ने कहा कि पेट्रोलिंग करने के अलावा, स्टेशन हाउस अधिकारियों एसएचओ को निर्देश दिया गया है कि वे स्थानीय लोगों से बात करें ताकि उनके उनके क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिले और वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में पुलिस को तुरंत सूचित करें। पुलिस अधिकारी पड़ोसी जिलों में अपने समकक्षों के भी संपर्क में हैं और अपराधियों के बारे में सूचनाओं का आदान-प्रदान कर रहे हैं। किसी भी अवांछित घटना से बचने एवं असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखने के लिए स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ड्रोन तैनात किए गए हैं। पुलिस की सोशल मीडिया टीम भी पूरी तरह सक्रिय है और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग कर अफवाहें फैलाने की कोशिश करने वालों पर शिकंजा कसेगी।

नोएडा पुलिस ने पहले ही 13 से 17 अगस्त तक यानी पांच दिनों के लिए जिले में हवाई प्लेटफार्मों पर उड़ान भरने पर रोक लगाई हुई है। इसका उल्लंघन करने वालों पर मामला दर्ज किया जाएगा। गाजियाबाद में भी 5000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इनकी तैनाती ज्यादातर सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर जांच के लिए की गई है। होटल, लॉज, सड़क किनारे स्थित भोजनालय, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन सभी गाजियाबाद पुलिस के रडार पर हैं। गाजियाबाद के एसएसपी जी मुनिराज ने कहा कि स्निफर डॉग और बम निरोधक दस्तों की दो क्विक रिस्पॉन्स टीमों क्यूआरटी का गठन किया गया है। एसएसपी ने कहा कि दो टीमों में से एक का नेतृत्व एसपी अपराध और दूसरे का नेतृत्व एसपी पुलिस लाइंस करेंगे। गाजियाबाद के सीमावर्ती इलाकों में 60 प्वाइंट पर विशेष जांच की जा रही है। यहां भी संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जा रहा है। बेहतर पुलिसिंग के लिए पूरे जिले को 56 सेक्टरों में बांटा गया है, जिसमें लोनी, कैला भट्टा, मुरादनगर और मसूरी के 14 अति संवेदनशील क्षेत्र शामिल हैं। इस बीच, साइबर टीमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नजर रख रही हैं।

## तिरंगा लेकर 22 किलोमीटर दौड़े गाजियाबाद के एसएसपी



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनीराज जी ने आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में तिरंगा लेकर 22 किलोमीटर दौड़कर राष्ट्र भावना का संदेश दिया। शनिवार आधी रात उन्होंने यह दौड़ थाना निवाड़ी से शुरू की और मुरादनगर क्षेत्र में दुहाई पॉइंट पर पहुंचकर संपन्न हुई। आमजन के दिलों में देशभक्ति की भावना को प्रबल करने व देश के प्रत्येक व्यक्ति के दिल में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान पैदा करने के लिए उन्होंने यह हाफमैराथन पूरी की। शुरुआत में कई पुलिसकर्मियों ने हाफ मैराथन पूरी करने की कोशिश की, लेकिन वह थक गए और आधे रास्ते में ही दौड़ पूरी करनी पड़ी। लेकिन मुनीराज जी तिरंगा लेकर 22 किलोमीटर हाफ मैराथन पूरी होने तक दौड़ते रहे। ऑफिसर मुनीराज का दौड़ने का शौक पुराना है। वह कई प्रतियोगिताओं में भी इनाम जीत चुके हैं। 19 नवंबर 2017 को दिल्ली में हाफ मैराथन हुई। मुनीराज जी ने इसे 1 घंटा 40 मिनट में पूरा किया था।

# दादरी नगर पालिका में बुलडोजर पर सवार होकर निकाली रैली

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- तिरंगा यात्रा दादरी नगर पालिका से शुरू होते हुए बस स्टैंड व रेलवे रोड से होकर वापस नगर पालिका कार्यालय पर ही समाप्त हुई

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान दादरी नगर पालिका द्वारा आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में आम लोग एवं दादरी नगर पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ सभासद भी शामिल हुए। दादरी नगर पालिका ने रविवार की सुबह आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान तिरंगा यात्रा निकाली यह तिरंगा यात्रा दादरी नगर पालिका से शुरू होते हुए बस स्टैंड व रेलवे रोड से होकर वापस नगर पालिका पर ही समाप्त हुई।

इस तिरंगा यात्रा में नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों व सभासदों के साथ अन्य लोग भी शामिल हुए। सभी ने हाथों में तिरंगा लेते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। दादरी नगर पालिका के द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा में कुछ लोग बुलडोजर पर सवार होकर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस तरह बुलडोजर पर सवार होने से हादसा होने की संभावना भी बनी रही। हालांकि लोग आजादी के जश्न में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और खुशी जाहिर कर रहे हैं।



# ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर 25 अगस्त से होगा ट्रायल

**नोएडा।** ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कारिडोर के न्यू बोड़ाकी से न्यू खुर्जा 54.378 किमी के बीच रविवार को डीजल इंजन चलाने का ट्रायल सफल रहा। 25 अगस्त से इलेक्ट्रिक इंजन का ट्रायल शुरू होगा। वहीं 10 सितंबर से मालगाड़ी दौड़ाने का ट्रायल किया जाएगा। 30 सितंबर से न्यू बोड़ाकी से इलाहाबाद तक मालगाड़ियों का संचालन शुरू हो जाएगा। शनिवार को न्यू खुर्जा से न्यू बोड़ाकी के बीच ट्रायल सफल रहा था। इलेक्ट्रिक का कार्य 21 अगस्त तक पूरा हो जाएगा। इलेक्ट्रिक का कार्य मैसर्स जीएमआर इंफ्रा लि. जीआइएल व टाटा प्रोजेक्ट्स लि टीपीएल द्वारा किया जा रहा है।












# अंकों के साथ-साथ विद्यार्थियों का व्यवहार भी बताएगा रिपोर्ट कार्ड

- माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं का दस बिंदुओं पर होगा मूल्यांकन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिले के राजकीय एवं अर्द्धसरकारी स्कूलों में इस साल से नए तरह के प्रगति और अंक पत्र जारी किए जाएंगे। नए रिपोर्ट कार्ड में विद्यार्थियों के विषयवार अंक के साथ ही व्यवहार, शिष्टाचार और अनुशासन के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता के भी ग्रेड दिए जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यह निर्णय लिया गया है। अब माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का विभिन्न दस बिंदुओं पर मूल्यांकन होगा। एक ओर शैक्षिक मूल्यांकन तो दूसरी ओर पाठ्यसहगामी और व्यक्तित्व का मूल्यांकन होगा। शैक्षिक मूल्यांकन में नंबर मिलेंगे, तो पाठ्यसहगामी और व्यक्तित्व मूल्यांकन में ग्रेडिंग दी जाएगी।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर राजकीय और एडेड स्कूल में इसका प्रारूप भेजा गया है। शिक्षकों को अब बच्चों की अन्य गतिविधि पर भी ग्रेड देने होंगे। प्रगति पत्र में परिवर्तन का मूल उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देने के साथ ही अभिभावकों से भी बेहतर सामन्जस्य बनाना है। अब तक कक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को ही होनहार माना जाता है, लेकिन अब अनुसाशन, उपस्थिति, सांस्कृतिक आयोजन, शिक्षणेत्तर प्रतिभा, नेतृत्व गुण, स्वच्छता और सौम्य व्यवहार वाले बच्चों का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा। यह बदलाव निजी स्कूलों में व्यवहार को लेकर तैयार किए जाने वाले रिपोर्ट कार्ड के तहत किया गया है। शासन सरकारी शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के प्रयास में जुटा है। विद्यार्थियों को जहां गणित, विज्ञान और कंप्यूटर लैब के अलावा निजी स्कूलों की तर्ज पर अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं वहीं, अब उनकी पढ़ाई के साथ ही उनके व्यवहार पर भी कार्य किया जाएगा। इसके लिए माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 88 हजार विद्यार्थियों का दस बिंदुओं पर रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा।

# त्यागी समाज की हुंकार, 21 को घेरेंगे कमिश्नरी

- नोएडा में देशभर से त्यागी समाज के लोग इकट्ठा होकर आंदोलन करेंगे : स्वाभिमान मोर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा





श्रीकांत त्यागी के परिवार के समर्थन में पश्चिमी यूपी के अलावा देशभर से त्यागी समाज के लोग 21 अगस्त को नोएडा में पुलिस कमिश्नरेट का घेराव करेंगे। यह जानकारी संयुक्त त्यागी स्वाभिमान मोर्चा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। त्यागी समाज ने दावा किया है कि देशभर से त्यागी समाज के लाखों लोग अपने अपमान का बदला लेने के लिए नोएडा में पुलिस कमिश्नर के यहां पहुंचकर हुंकार भरेंगे। इससे पहले मेरठ में आयोजित 15 जिलों के त्यागी समाज की बैठक में आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई।

त्यागी समाज के नेताओं ने कहा कि उन्होंने कहा कि अब ये निर्णय किया जा चुका है कि 21 अगस्त को नोएडा में देशभर से त्यागी समाज के लोग इकट्ठा होकर आंदोलन करेंगे। इसमें मध्य प्रदेश, बिहार से भूमिहार समाज, राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखंड से त्यागी समाज के लोग आएंगे। त्यागी समाज के नेताओं ने कहा कि पूरे मामले में गौतमबुद्धनगर के सांसद की शह रही है।

त्यागी समाज को एकजुट करने के लिए गेझा गांव में भी एक पंचायत हुई। बारात घर में आयोजित इस पंचायत में श्रीकांत त्यागी के परिवार के साथ जो कुछ हुआ है, उसमें कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। इसके साथ ही जिन 6 युवकों को उपद्रव करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, उन्हें तुरंत रिहा करने एवं मुकदमे वापस लेने की मांग भी पंचायत के माध्यम से की गई। इस पंचायत में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे त्यागी उत्थान परिषद के अध्यक्ष तेज प्रकाश त्यागी ने बताया कि 21 तारीख को पुलिस आयुक्त के कार्यालय का घेराव करने की रणनीति बन रही है। इसके साथ ही गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, मेरठ एवं शामली सहित 12 से अधिक जिलों से समाज के महत्वपूर्ण व्यक्तियों को इकट्ठा करके कोर कमेटी बनेगी।

## त्यागी समाज के लिए एक शब्द नहीं बोला : महेश शर्मा



नोएडा। गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा है कि कुछ लोग नोएडा का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें एक स्थानीय राजनेता, अधिकारी के संरक्षण में चल रहे एक लोकल यू ट्यूब चैनल की साजिश है। उन्होंने कहा कि उन्हें भेजे गए अलग-अलग लेटर पैड पर एक ही व्यक्ति, एक ही पेन की लिखावट है, जो यह बताता है कि कुछ लोग स्थिति को खराब कर रहे हैं। इस विषय की जांच होनी चाहिए। अपराधी और पीड़ित को धर्म या जाति से जोड़कर देखना सही नहीं है। उन्होंने यह भी लिखा कि मेरा उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष जाति या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं है।

श्रीकांत त्यागी के परिवार के साथ भी मेरी पूरी सहानुभूति है और त्यागी समाज हमेशा से मेरा व भाजपा का समर्थक रहा है। मैंने एक भी शब्द त्यागी समाज के लिए नहीं बोला है।

# बिजली, पानी व रास्तों की मांग, प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- प्रधानमंत्री योजना के तहत दिए गए आवास में रहने वाले परिवारों की कोई सुनने वाला नहीं

दादरी नगर में प्रधानमंत्री योजना के तहत दिए गए आवास में रहने वाले परिवारों ने रविवार को एकजुट होकर बिजली, पानी और रास्ते को लेकर प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास में रहते हुए आठ महीने बीत चुके हैं। अब तक न तो बिजली है और न पेयजल की व्यवस्था है। घर जाने के लिए रास्ता नहीं है। जंगल में मकान होने से सुरक्षा व्यवस्था भी नहीं है। बिना बिजली और पानी के दूसरी जगह जाने पर मजबूर होंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दादरी में चिटहेरा गांव के पास 72 मकानों का आवंटन किया गया है। इनमें अभी 46 परिवार रह रहे हैं। बाकी 26 मकान खाली पड़े हैं। सभी मकानों में बिजली की फिटिंग है। पानी की आपूर्ति के लिए पाइप की फिटिंग भी है। पानी की टंकी का निर्माण भी हो चुका है। टंकी में पानी आपूर्ति के लिए पंप भी स्थापित है। निवासी आशा, कविता, भोपाल सिंह, आरती, लता, रजनी, बबली आदि ने बताया कि उन्हें यहां रहते हुए आठ महीने हो चुके हैं। टंकी से पानी की आपूर्ति नहीं होती। पीने के लिए पानी नलों से लेना पड़ रहा है। तीसरी मंजिल तक पानी नहीं जाता।

# देश का अनूठा शोधक यंत्र करेगा जल व वायु को साफ

**गाजियाबाद।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर नगर निगम ने देश के पहले जल शोधक सोलर स्मार्ट फ्लोटिंग वाटर एयर प्यूरिफिकेशन सिस्टम का उद्घाटन किया है, जो जल और वायु प्रदूषण पर चोट कर स्वच्छ हवा में सांस लेने का मौका देगा। नायफल तालाब में महापौर आशा शर्मा व नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने इसे रविवार को छोड़ा। यह पानी की सतह पर तैरता रहेगा। जल्द ही ऐसे और शोधक बनाकर जिले के सभी तालाब, नालों और हरनंदी में छोड़े जाएंगे। नगर निगम कराएगा पेटेंट जलवायु शोधक तैयार करने वाले नगर निगम पर्यावरण अनुभाग के विज्ञानी डॉ. उमर सैफ ने बताया कि इसके पेटेंट की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

# संक्षिप्त समाचार

### फौजी बन डॉक्टर के खातों से निकाले सादे 74 हजार

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र के अवंतिका में एक दांतों के डाक्टर से फौजी बनकर जवानों के चेकअप का झांसा देकर साइबर ठगों ने साढ़े 74 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद उन्हें ठगी का पता चला। मामले में उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवंतिका निवासी डॉ. मनोज कुमार डेंटिस्ट हैं। उनका कहना है कि उनके पास एक अनजान नंबर से काल आई और काल करने वाले ने अपने को फौजी बताया। उसने कहा कि वह अपने 200 जवानों का चेकअप कराना चाहता है। दो बार में 100-100 जवानों का चेकअप होगा।

### यमुना के जलस्तर पर अधिकारी रख रहे नजर

**गाजियाबाद।** हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी से रात को यमुना का जलस्तर बढ़ गया। अधिकारी पल-पल नजर बनाए हुए हैं। उपजिलाधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि यमुना के जलस्तर को लेकर पल-पल निगरानी की जा रही है। यदि हथिनी कुंड बैराज से और पानी नहीं छोड़ा गया तो अभी कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने बताया कि अन्य वर्ष की अपेक्षा काफी कम नुकसान हुआ है। बता दें कि हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से बृहस्पतिवार को दो लाख 77 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। इसके चलते शुक्रवार से यमुना का जलस्तर बढ़ गया था।

### महिला ने खुद को आग लगाई, एम्स में भर्ती

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र में रक्षाबंधन पर मायके जाने को लेकर पति से हुए झगड़े के बाद कथित तौर पर एक महिला ने अपने और पति के ऊपर पेट्रोल छिड़कर खुद को आग लगा ली। पति और सास ने जैसे.तैसे आग पर काबू पाया। झुलसी हुई हालत में महिला को दिल्ली स्थित एम्स की बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जब घटना की जांच की तो महिला घर के बाहर खड़ी बाइक से पेट्रोल निकालते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने महिला के पति को गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

### दुकान और क्योस्क के लिए 17 से आवेदन

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण ने व्यावसायिक संपत्तियों की योजना लांच कर दी है। दुकानों और क्योस्क की योजना में 17 अगस्त से आवेदन किए जा सकेंगे। योजना में 15 दुकानें और नौ क्योस्क हैं। इनका आवंटन नीलामी के जरिये किया जाएगा। पिछली क्योस्क की योजना में एक क्योस्क की बोली 1.45 करोड़ रुपये तक पहुंची थी। यीडा ने दुकानों और क्योस्क की योजना लॉन्च कर दी है। इस योजना में 17 अगस्त से आवेदन किया जा सकेगा, जबकि नौ सितंबर अंतिम तारीख रखी गई है। दुकानें यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 22डी में हैं। योजना में 15 दुकानें हैं। ये दुकानों 30.17 वर्ग मीटर से लेकर 31.22 वर्ग मीटर की हैं। इनका आधार मूल्य 3458991 रुपये से लेकर 3579373 रुपये है।

# दो दिन में 15 लोगों को कुत्तों ने काट कर किया घायल

## फ्यूजन होम्स सोसायटी में लोग सड़क पर घूमने वाले कुत्तों से हुए परेशान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा





ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसायटियों में रहने वाले लोग इन दिनों सड़क पर घूमने वाले कुत्तों से त्रस्त हैं। ताजा मामला ग्रेनो वेस्ट की फ्यूजन होम्स सोसायटी का है। आवारा कुत्ते ने शनिवार व रविवार को दो दिनों के दौरान एक बच्ची समेत 15 लोगों को काटकर घायल किया है। सोसायटी के लोगों ने बताया कि आवारा कुत्ते ने कई लोगों के हाथ व पैर पर हमला कर उन्हें गंभीर जख्मी कर दिया है। घायलों को नजदीकी अस्पताल भर्ती कराना पड़ा। ज्यादातर लोग प्राथमिक उपचार के बाद सोसायटी लौट आए हैं।

सोसायटी के लोगों ने बताया कि सोसायटी में आवारा कुत्तों का आतंक है। कई कुत्तों की प्रवृत्ति हिसक हो चुकी है। शनिवार देर शाम हिसक प्रवृति के एक कुत्ते ने चार लोगों को निशाना बनाया था। इसकी शिकायत सोसायटी के लोगों ने ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से की थी। रविवार दोपहर बाद प्राधिकरण की टीम कुत्तों को पकड़ने पहुंची। टीम को आता देख कुत्ते की प्रवृति और भी ज्यादा हिसक हो गई। उसके रास्ते में जो भी आया वह उसको घायल करता चला गया। आवारा कुत्ते ने पार्क में खेल रही एक साढ़े नौ साल की बच्ची सांभवी को भी अपना निशाना बनाया। बच्ची को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को छुट्टी मिल गई है, लेकिन घटना के बाद से बच्ची काफी डरी हुई है। एक बुजुर्ग महिला को भी आवारा कुत्ते ने अपना निशाना बनाया है। उनके बेटे विकास ने बताया कि मां को नजदीकी यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया है। उनके पैर में गंभीर चोट है। चिकित्सक सर्जरी की बात कह रहे हैं। प्राधिकरण की टीम ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कुत्ते को पकड़ने में कामयाब हुई।

घटना के बाद से सोसायटी के लोगों में दहशत है। लोग फ्लैट से बाहर निकलने में भी कतरा रहे हैं। सोसायटी के रहने वाले रोबिन मित्तल, विकास कुमार, धीरज सिंह ने बताया कि पूर्व में भी आवारा कुत्ते कई लोगों को अपना निशाना बना चुके हैं। घटना के बाद से बच्चों में डर का माहौल है। कुत्ते के हमले में दो लोग बुरी तरह जख्मी हुए हैं। एक महिला का पैर भी गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।

पूर्व में कई बार कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की गुहार बिल्डर प्रबंधन व ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# तिरंगा लहराते ही उमड़ा जोश और जश्न का ज्वार

## आजादी के 75 साल पूरे होने पर उत्सव में डूबी दिल्ली, सरकारी प्रतिष्ठान तिरंगी रोशनी से नहाए, घर-घर लगा राष्ट्रीय ध्वज

- त्यागराज स्टेडियम में हर हाथ तिरंगा अभियान का आगाज किया गया
- मुख्यमंत्री ने राजधानी के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं



त्यागराज स्टेडियम में हर हाथ तिरंगा कार्यक्रम का आगाज करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य दिल्ली समेत पूरा देश बड़े हर्ष उल्लास और उत्साह के साथ अमृत महोत्सव मना रहा है। स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले दिल्ली हर घर तिरंगा उत्सव से सराबोर हो चुकी है। तिरंगा लहराते ही ऐस लग रहा है कि आसमां से इंद्र धनुष जमीन पर उतर आया है।

लोगों ने अपने-अपने घरों के ऊपर, वाहनों पर तिरंगा झंडा लगा रखा है। खेत हों या खलिहान, नदी हो या पर्वत, सड़क हो या हवाई मार्ग चप्पा-चप्पा तिरंगे की शान बढ़ा रहा है। इमारतें राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंगों की रोशनी से जगमगा रही हैं। आजादी के जश्न में डूबे दिल्ली वाले बेहद खुश और खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

दिल्ली सरकार की तरफ से त्याग राज स्टेडियम में हर हाथ तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने संबोधन की शुरुआत वंदे मातरम और जय हिंद के नारे के साथ करते हुए लोगों को आजादी के 75 साल पूरे होने की शुभकामनाएं दीं। समारोह में केजरीवाल ने देशवासियों से की अपील आइए आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हम सब 130 करोड़ भारतवासी मिलकर प्रण लें कि आने वाले समय में भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाएंगे। 75 साल पहले जब सारा भारत इकट्ठा हुआ, तो हमने अंग्रेजों को उठाकर देश से बाहर फेंक दिया। अगर हम सभी फिर एक बार इकट्ठे हो जाएं, तो भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनाने से कोई नहीं रोक सकता है। सीएम ने बताया कि उनकी सरकार ने 500 जगह पर बड़े बड़े और ऊंचे-ऊंचे तिरंगे लगाए हैं। पूरे देश में दिल्ली तिरंगे का शहर बन गया है। पूरे देश में सबसे ज्यादा ऊंचे तिरंगे यहां लगे हैं।

इस समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और पूरा स्टेडियम लोगों से खचाखच भरा हुआ था। समारोह की शुरूआत में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता व मोटिवेशनल असबने गाया 'मेरा रंग दे बसंती चोला' गीत

दिल्ली में 25 लाख लोगों को तिरंगा बांटा गया। त्यागराज स्टेडियम में हर किसी के हाथ में रष्ट्रीय ध्वज था। कार्यक्रम के दौरान सबने हाथ में तिरंगा लेकर लहराया और आजादी की 75वीं वर्षगांठ को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया और देश के शहीदों को याद किया। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल द्वारा लिखे गीत 'मेरा रंग दे बसंती चोला' को स्टेडियम में मौजूद लोगों ने एक साथ गाया।

विद्यार्थी की बुलंद आवाज में रिकॉर्डेड प्रसिद्ध कविता 'आ रही रवि की सवारी' प्रस्तुत किया गया। इसके बाद आस्कर व ग्रैमी अवार्ड विजेता सुखविंदर सिंह ने शहीद-ए- आजम सरदार भगत को याद करते हुए अपनी बुलंद आवाज में 'पगड़ी संभाल जट्टा' गीत की प्रस्तुति देकर स्टेडियम में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, गीतिका गंजू ने स्वतंत्रता आंदोलन के प्रसिद्ध कवि स्वर्गीय पंडित सोहनलाल द्विवेदी की काविता 'हिम्मत करने वालों की कभी हार नहीं होती' को अपनी आवाज देकर सभी को मुसिबतों से लड़कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

प्रसिद्ध भजन गायिका आशीष कौर ने अपनी आवाज में 'रघुपति राघव राजा राम' भजन गाकर आजादी की लड़ाई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के संघर्ष और बलिदान को याद किया। इस दौरान प्रसिद्ध गायक सुखबिंदर सिंह द्वारा पेश गीत 'जय हो' ने लोगों में जोश भरने का काम किया।

### सबने गाया 'मेरा रंग दे बसंती चोला' गीत

दिल्ली में 25 लाख लोगों को तिरंगा बांटा गया। त्यागराज स्टेडियम में हर किसी के हाथ में रष्ट्रीय ध्वज था। कार्यक्रम के दौरान सबने हाथ में तिरंगा लेकर लहराया और आजादी की 75वीं वर्षगांठ को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया और देश के शहीदों को याद किया। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल द्वारा लिखे गीत 'मेरा रंग दे बसंती चोला' को स्टेडियम में मौजूद लोगों ने एक साथ गाया।

# लाल किले पर 10000 पुलिसकर्मी समेत 400 शार्प शूटर किए तैनात

- स्वतंत्रता दिवस पर आतंकी हमले को लेकर हाई अलर्ट, खुफिया एजेंसियों ने दिए इनपुट



**पायनियर समाचार सेवा** नई दिल्ली

ऐतिहासिक लाल किले पर सुरक्षा का ऐसा चर्कव्यूह तैयार किया गया है जिसको भेदना किसी के लिए मुमकिन नहीं। इसका जिम्मा मिला है एनएसजी को। एनएसजी की असॉल्ट से लेकर स्नाइपर टीमें इसके लिए तैनात रहेंगी नापाक इरादा दिखा तो पल भर में नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा।

लाल किले के आसपास के हर घर हर छत हर खिड़की पर नजर रखने के लिए करीब दस हजार सुरक्षाकर्मियों समेत 400 शार्प शूटर तैनात किए हैं। खिड़कियों पर नजर रखने के लिए खास तौर पर विंडो वाचर्स तैनात होंगे। खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट जारी कर बताया कि एसफजे, जैश ए मोहम्मद, आईएसआईएस खुरासान मॉड्यूल नाम के आतंकी संगठन 15 अगस्त के दौरान बड़ा हमला करने की फिराक में है। सुरक्षा एजेंसियों को बताया कि पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए घातक हथियार भारत में लाए गए हैं, जिसमें पिस्टल, हैंड ग्रेनेड औ एके 47 जैसे घातक हथियार भी शामिल हैं।

वहीं, कुछ हथियारों को बीएसएफ ने पकड़ा था, लेकिन बावजूद उसके काफी हथियार भारत में भेजे जा चुके हैं। पिछले दिनों अलग- अलग राज्यों में गिरफ्तार आतंकियों ने पूछताछ में बताया था कि ड्रोन के जरिये काफी सारे आइईडी भारत में भेजे जा चुके हैं।

# दस हजार बच्चों ने युद्ध स्मारक तक निकाली प्रभात फेरी

## अभियान में केंद्रीय मंत्रियों और उपराज्यपाल ने लिया हिस्सा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रविवार को एनडीएमसी के 10,000 स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। इस प्रभात फेरी में तीन केंद्रीय मंत्री और उपराज्यपाल इस अभियान का हिस्सा बने।

भारत की आजादी के 75 साल के जश्न आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रभात फेरी जनपथ रेडियल से शुरू हुई और इंडिया गेट पर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, स्मृति ईरानी और मीनाक्षी लेखी शामिल हुईं। दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) अध्यक्ष अश्विनी कुमार, एनडीएमसी के सदस्य कुलजीत सिंह चहल और विशाखा सैलानी ने भी प्रभात फेरी में हिस्सा लिया। उपराज्यपाल ने ट्वीट किया कि हर घर तिरंगा अभियान के हिस्से के रूप में 10000 से अधिक स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी में केंद्रीय मंत्रियों पीयूष गोयल, स्मृति ईरानी, मीनाक्षी लेखी के साथ शामिल हुआ। पराज्यपाल ने प्रभात फेरी की तस्वीरें भी पोस्ट कीं, जिसमें केंद्रीय मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के साथ बच्चे राष्टीय ध्वज के साथ दिखे।

उपराज्यपाल ने एक अन्य ट्वीट में कहा, असीम ऊर्जा, जबर्दस्त उत्साह, हाथ में तिरंगा और दिल में भारत जब बच्चे कनाट प्लेस से इंडिया गेट पर युद्ध स्मारक तक गए। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले उपराज्यपाल ने कहा कि बच्चे भारत का उज्ज्वल भविष्य हैं जो हर घर तिरंगा अभियान के साक्षी बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव स्वतंत्र भारत के 75 साल के दौरान अर्जित की गई हमारी संस्कृति, विरासत और उपलब्धि का त्योहार है।

# दो दमकल कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** दिल्ली अग्निशमन सेवा के दो अधिकारियों सहायक मंडल अधिकारी सोमवीर सिंह और अग्रणी दमकलकर्मी निर्मल सिंह को उनकी बहादुरी और असाधारण कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है।

अग्निशमन विभाग के मुताबिक, सोमवीर सिंह (49) ने राष्ट्रमंडल खेल 2010 के दौरान अग्नि सुरक्षा प्रबंधन योजना और नक्शा तैयार करने में अहम भूमिका निभाई थी।

अग्निशमन विभाग के मुताबिक वर्तमान में फायर स्टेशन हरि नगर में तैनात निर्मल सिंह (54) विभाग के सर्वश्रेष्ठ दमकलकर्मी और बचाव दल के सदस्यों में से एक हैं।

# हरियाणा ने यमुना में अचानक छोड़ा पानी, आसपास बाढ़ का खतरा बढ़ा

- मुख्यमंत्री केजरीवाल ने लोगों से की अपील, कुछ समय के लिए नदी के आसपास जाने से बचें

**पायनियर समाचार सेवा** नई दिल्ली

हथिनी कुंड बैराज से यमुना नदी में 221781 क्यूसेक प्रति घंटे की भारी मात्रा में पानी छोड़ने के कारण अचानक दिल्ली में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। यमुना नदी का जलस्तर शनिवार को 205.33 मीटर के खतरे के निशान को छू गया। इससे एक दिन पहले शाम सात बजे पुराने रेलवे ब्रिज पर नदी के पानी का स्तर 205.92 मीटर था। दिल्ली सरकार बढ़ते जल स्तर को लेकर सतर्क है और सभी संबंधित जिलाधिकारियों और उनकी जिला सेक्टर समितियों, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, दिल्ली पुलिस और अन्य हितधारकों को हाई अलर्ट मोड पर रखा है। मुख्यमंत्री ने एक-दूसरे के साथ तालमेल बनाकर बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कहा है। पुलिस कर्मियों के अलावा, सरकार ने प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और स्थानांतरित करने के लिए सिविल डिफेन्स वालंटियर्स को तैनात किया है। वालंटियर्स नदी के आसपास रहने वाले लोगों को जागरूक करने के लिए भी लगातार काम कर रहे हैं।

# कॉलेजों में चार साल से धूल चाट रहा यूजीसी सर्कुलर

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( यूजीसी ) अवर सचिव ने विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को चार साल पहले ( 4 जून 2018 ) विश्वविद्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थानों / कॉलेजों में जातीय आधारित किसी भी तरह के भेदभाव की निगरानी करने के लिए एक सर्कुलर जारी किया था। लेकिन इस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इस सर्कुलर में भेदभाव संबंधी शिकायत दर्ज करने के लिए अपना वेबसाइट पेज निमित्त करने को कहा था। लेकिन विश्वविद्यालयों /कॉलेजों ने आज तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की है।



# अमृत महोत्सव के माध्यम से अमर शहीदों को पूरा देश कर रहा है नमन : डॉ. संजय

संवाददाता। अमेठी



**जनपद के** अमेठी तहसील के भेटुआ विकास खण्ड के टिकरी गांव में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को अपने हांथ से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया।

आजादी के 75 साल पूरे होने पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक देश व्यापी हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पूर्व केंद्रीय मंत्री व अमेठी राजघराने के मुखिया डॉ संजय सिंह ने टिकरी गांव में अपने हाथों से गांव के निवासियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य सभा सदस्य डॉ संजय सिंह ने कहा की हमारे देश को आजादी दिलाने में लाखों लोगों ने अपने जीवन की कुर्बानी दिया है। आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों के बलिदान को अमृत महोत्सव के माध्यम से नमन कर रहा है। आज हमे आजाद हुए 75 साल बीत चुके हैं और हमारा देश इस 15 अगस्त को 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। हमारे लिए गौरव की बात है। हमारे राष्ट्र के आन बान और शान के प्रतीक तिरंगे को अवश्य लगाएं और इस राष्ट्रीय पर्व में प्रतिभाग करते हुए इस महाअभियान को सफल बनाएं।

इस अवसर पर गांव के साधू सिंह, हरिकेश सिंह, फूल सिंह, रामलाल चौरसिया, विजय गुप्ता, सुवरन मौर्या, सुभाष यादव, राजाराम यादव के साथ क्षेत्र से धीरेंद्र सिंह, अभय सिंह, संतोष सिंह, शेर बहादुर सिंह, राजकुमार सिंह, के के तिवारी, संदीप मिश्रा, आदि के साथ गांव के लोग उपस्थित रहे।

## बाइक व ई रिक्शा की टक्कर में महिला की मौत

**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के साकेत नगर में हुई मार्ग दुर्घटना में एक महिला दर्दनाक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। जानकारी के अनुसार डलमऊ थाना क्षेत्र के पखरौली गांव निवासिनी सरोजनी चौरसिया पत्नी संतोष अपने मायके खीरों गई थी। जहां से आज वह बाईक से वापस अपनी ससुराल जा रही थी। साकेत नगर मोहल्ले में अचानक उसकी बाईक ई रिक्से में पीछे से भिड गई जिससे बाईक चालक पंचम व सरोजनी गंभीर रूप से जख्मी हो गये। दोनो को तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सको ने सरोजनी को मृत घोषित कर दिया जबकि पंचम को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। मामले की जानकारी परिजनो के साथ कोतवाली पुलिस को दी गई है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि शव को अन्त्य परीक्षण के लिये जिला चिकित्सालय भेजते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# चारों तरफ तिरंगा यात्रा की मची धूम जगह-जगह निकाली गई तिरंगा यात्रा

संवाददाता। जगदीशपुर, अमेठी



तिरंगा यात्रा निकालते हुए अल्पसंख्यक वर्ग के लोग

**चारों तरफ** तिरंगा यात्रा की धूम मची हुई है तो वहीं विभिन्न संगठनों सहित मदरसा व स्कूल के बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर हर घर तिरंगा लगाने की अपील की ।जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित पूरे गौहर मजरे ग ?रियाडीह में रविवार को तिरंगा यात्रा ब ? ही धूमधाम के साथ ग्राम प्रधान मोहम्मद अतीक कुरैशी व पूर्व प्रधान हाजी मुनीर खान के नेतृत्व में नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा मदरसा अशरफुल उलूम पूरे गौहर से शुरू होकर पूरे गांव में भ्रमण करती हुई पंचायत भवन पर चलकर समाप्त हो गई । वहीं जगदीशपुर में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हाजी मोहम्मद रफीक वारसी उर्फ अल्लू मियाँ व पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी के कुशल नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जहाँ सैकड़ों लोगों ने तेज गर्मी होने के बाद भी हाथों में तिरंगा लेकर पद यात्रा की इस दौरान भारत माता की जय और बंदे मातरम आदि नारे लगाए जा रहे थे इस तिरंगा पदयात्रा में दर्जनों गांवों के हजारों लोग शामिल रहे ।तिरंगा यात्रा में प्रधानाचार्य मु ?ती मंजूर अहमद वसीक खान मोहम्मद तौ ?ी ? कुरैशी सिराज कुरैशी फखीम कुरैशी युवा कांग्रेस जिला महासचिव अमेठी मुख्तार किदवई एडवोकेट सतीश सिंह ब्लाक अध्यक्ष अशफाक अहमद कल्लू पण्डित मौलाना अरशदुल ?ादरी रैहान सुल्तानपुरी कारी नफीस अहमद अब्दुल खालिक उर्फ कल्लू खान मौलाना रहबर सलीम कुरैशी मोहम्मद अलीम मोहम्मद एजाज खान इसरार पठान सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।

# एनटीपीसी में तिरंगा रैली के साथ आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम का हुआ भव्य आगाज़

**ऊंचाहार ।** भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से एनटीपीसी ऊंचाहार में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली की अगुवाई परियोजना प्रमुख अभय कुमार समैयार व प्रियदर्शिनी महिला कल्ब की अध्यक्ष मनीषा समैयार ने की ।एनटीपीसी कर्मचारियों, आवासीय परिसर के महिलाओं-बच्चों व सीआईएसएफके जवानों ने गर्मजोशी के साथ श्भारत माता की जयश् और श्वंदे मातरम्श् के नारे लगाए। राष्ट्रप्रेम की भावना मन में लिए नारे लगाते हुए सभी लोगों के चेहरे मुस्कान से खिल उठे। चारों ओर गुंजते जयकारों से एनटीपीसी ऊंचाहार का परिसर मनोरम हो उठा ।तिरंगा रैली की अगुवाई कर रहे श्री समैयार ने कहा कि



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित इस तिरंगा रैली से राष्ट्रीय एकता की भावना को बल मिलेगा। राष्ट्र प्रेम सर्वोपरि है। हमारा प्रयास है कि तिरंगा रैली के माध्यम से हम राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने में सहायता कर सकें ।रैली में महाप्रबंधक (अनुरक्षण) ए के त्रिपाठी, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के डी यादव, महाप्रबंधक (सुरक्षा अकादमी) ए के डैंग, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) एस के मंडल, सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि व सीआईएसएफ के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई

संवाददाता। तिलोई ,अमेठी

**आजादी का** अमृत महोत्सव अंतर्गत चतुर्थ दिन कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला, विकास खंड तिलोई जनपद अमेठी में धीरेंद्र प्रताप सिंह प्रधानाध्यापक/ जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद अमेठी के नेतृत्व में ग्रामसभा के विभिन्न मजरों में हर घर तिरंगा के अंतर्गत रैली निकाली गई ,रैली को कर्मठ एवं सुयोग्य प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमरौता (प्रथम) शिव पूजन मिश्रा , संरक्षक , उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, तिलोई- अमेठी ने झंडी दिखाकर रवाना किया ।विद्यालय का समस्त स्टाफ रैली के संचालन में सक्रिय रहा। कर्मठ एवं सुयोग्य शिक्षिका प्राची श्रीवास्तव जी के नेतृत्व में अमृत महोत्सव पर मेंहदी प्रतियोगिता व परिश्रमी एवं विद्वान शिक्षिका पल्लवी श्रीवास्तव जी द्वारा रंगोली प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई, ।जिसमें प्रत्येक कक्षा से बच्चों ने प्रतिभाग किया ।इस अवसर पर रैली में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों में अमिता जायसवाल, रजिया बानो, शशि कुमारी सिंह, प्राची श्रीवास्तव ,सरिता सिंह , पल्लवी श्रीवास्तव, सुचित्रा सती ,प्रभावती - अनुचर एवं शिव पूजन मिश्रा जी व विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।बच्चों ने रैली में देश के प्रति समर्पण की भावना से विजई विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ,ऊंचा रहे हमारा भारत माता की जय घोष करते हुए रैली को सफल बनाया । रैली के पश्चात बच्चों को खीर खिलाई गई। उक्त कार्यक्रम से बच्चे उत्साहित दिखे।



झण्डारोहण करते जिलाध्यक्ष शिक्षक संघ

# आजादी गौरव पदयात्रा निकली

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर रायबरेली कांग्रेस ने संसदीय क्षेत्र के आजादी गौरव पदयात्रा की गई अमावां में नौशाद खतीब के नेतृत्व में डिघिया चौराहे से हीरा लाल का पुरवा तक, बछरावां में नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में राजामऊ से शेषपुर समोधा तक, खीरो में सुरेंद्र विक्रम के नेतृत्व में खपुरा से सेमरी कस्बा तक, लालगंज में सुधा द्विवेदी के नेतृत्व में उत्तरा गौरी चौराहे से पूरे राना तक, ऊंचाहार में अतुल सिंह के नेतृत्व में रामचंद्रपुर से जमुनापुर चौराहे तक पद यात्रा निकली गई ।पद यात्रा में शामिल लोगों ने महंगाई को जो रोक ना सके वह सरकार निकम्मी है, जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी हैष् और आटा चावल दूध दही पर जीएसटी वापस लो वापस लोष् के नारे लगाते हुए सैकड़ों की संख्या में कई कि.मी. पद यात्रा की । यात्रा में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि के.एल. शर्मा, पंकज तिवारी जिलाध्यक्ष, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, सईदुल हसन, अजीत सिंह, संतोष त्रिवेदी, महेश शर्मा, पराग प्रसाद रावत, सुंदर लाल निर्मल, मेंहदी हसन, हसन, अजीत सिंह, संतोष त्रिवेदी, महेश शर्मा, पराग प्रसाद रावत, सुंदर लाल निर्मल, मेंहदी हसन,रवींद्र सिंह, अनूप बाजपेई, गिरिजेश श्रीवास्तव, कृपाशंकर शुक्ला, संत प्रसाद रैदास, दीपेंद्र गुप्ता, अनुरुद्ध दीक्षित, चंद्र प्रकाश बाजपेई, सतीश पासी, आर.के. सिंह, विजय दीक्षित, राम बहादुर गुप्ता, सुरेश दीक्षित, घनश्याम शुक्ल, प्रियंका रावत, मो.अशरफ अवधेश चौधरी, शम्भू शरण पाल, कामता प्रसाद गोड़, दिलीप तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# लोकतंत्र को स्थापित करने में हमारे लोगों ने बहुत यातनाएं झेलीं और दर्द सहा

**रायबरेली** । 5 अगस्त को हम आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं लेकिन इस आजादी और लोकतंत्र को स्थापित करने में हमारे लोगों ने बहुत सी यातनाएं झेली, दर्द सहा और देश के बंटवारे का दंश भी झेला है। नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों-भाइयों को विस्थापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी उन लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर '14 अगस्त 2022' को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के तौर पर मनाया गया जिसमें पंजाब नैशनल बैंक के तत्वावधान में शहीद स्मारक भारत माता मंदिर रायबरेली में जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के साथ शहीदों और बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस पुनीत अवसर पर मंडल प्रमुख पंजाब नैशनल बैंक श्री रोहिताश्व इन्द्रायण,श्रीमती रश्मि इन्द्रा श्री आनंद बाजपेयी, श्री अनिल मिश्रा डॉ. मधुरेश कुमार सिंह ,सचिव अधिकारी संगठन, श्री अयाज अहमद, राजा राम मौर्य , नवल किशोर बाजपेयी, विनोद अग्निहोत्री भारत विकास परिषद , एस पी सिंह सभासद, एवं जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन तथा बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।




## क्विक न्यूज

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला मौन जुलूस

**मुसाफिरखाना अमेठी ।** 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र की अगुवाई में दादरा स्थित मां देवी हिंगलाज मंदिर से तिरंगे के साथ पैदल यात्रा निकाली गई ।मौन यात्रा शहीद वीरेंद्र सिंह स्मारक पहुंचकर स्वच्छता का कार्य करने के उपरांत शहीद वीरेंद्र सिंह को भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र ने कर्तकर्ताओं के साथ विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता विभाजन की विभीषिका में अपने प्राण गंवाने वाले तथा विस्थापन का दर्द झेलने वाले लाखों भारतवासियों के संघर्ष और बलिदान की याद में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मंत्री प्रभात शुक्ला जिला मीडिया सह प्रभारी अरुण मिश्र मंडल महामंत्री रामगोपाल कौशल जय विंद सिंह देवेंद्र सिंह, राकेश शुक्ल जीत बहादुर सिंह शैलेंद्र सिंह रघुवंश मिश्र गिरेंद्र सिंह शिव मणि तिवारी श्याम लाल यादव सुरेंद्र निषाद सहित अन्य कार्यकर्ता मौन जुलूस में शामिल रहे ।

### मृगांकेश्वर के नेतृत्व में राजभवन से निकला मौन जुलूस

**तिलोई,अमेठी ।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज राजभवन तिलोई से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के पुत्र कुँवर मृगांकेश्वर शरण सिंह के नेतृत्व में मौन जुलूस निकाला गया ।गौरतलब रहे कि 14 अगस्त 1947 को आज ही के दिन भारत विभाजन के समय हुई गदर की याद में मौन जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर सिंहपुर प्रमुख अंकित पासी, जिला पंचायत सदस्य भाजपा के जिला महामंत्री रामकृष्ण भारतीय एडवोकेट, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम मूर्ति यादव , सुरेंद्र सिंह, सोनू सिंह, ग्राम प्रधान विपुल सिंह एडवोकेट , अमर बहादुर सिंह, पवन सिंह, दुर्गा सिंह, मो0 अशरफ भेलाई, बबलू मिश्र, प्रदीप सिंह, मो0 आमीन, बबलू सिंह रमई, ध्रूपराज हसवां सहित सैक ?ों लोग राजभवन से बस स्टॉप तक मौन जुलूस में शामिल हुए।

### परशदेपुर में चेयरमैन विनोद कौशल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई

**परशदेपुर।** नगर पंचायत परशदेपुर में चेयरमैन विनोद कौशल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा विधायक अशोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ कराया। कस्बे के महाबीरन भीटा से रामसागर,महाबीरन, मुख्य चौराहा,पूरे वैशन, अंसार चौक,काजी का पुरवा , साकेतनगर होते हुए महावीरन भीटा पर समाप्त हुई। लोगों को संबोधित करते चेयरमैन विनोद कौशल ने कहा तिरंगा यात्रा में सभी को शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा को लेकर पूरे देश में जुनून है।इस मौके पर सलोन सीओ अमित सिंह, डीह थानाध्यक्ष पंकज सोनकर ,सभासद आशू जायसवाल,कमल चंद्र वैश्य, गोपाल श्रीवास्तव, श्रीकांत त्रिवेदी,सतीश कौशल, राहुल पांडेय,संत प्रसाद उपाध्याय आदि लोग मौजूद थे। नगर पंचायत परशदेपुर तिरंगा यात्रा निकालते चेयरमैन विनोद कौशल साथ भाजपा विधायक अशोक कुमार सीओ अमित सिंह

### सिंहपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तिरंगा यात्रा निकली



**तिलोई,अमेठी।** सिंहपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रविवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई इसके अलावा गांव के पंचायत भवनों को तिरंगी लाइट से सजाया गया है।क्षेत्र की पश्चिमी सीमा के गांव कुकहा रामपुर के दर्जनों युवाओं ने तिरंगे के साथ बाइक रैली निकाली।बंदे मातरम और भारत माता के जय घोष के साथ निकली रैली क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के बीच से होकर निकली।आजादी का अमृत महोत्सव गांवों में भी सर चढ़कर बोल रहा है प्रत्येक घर की छत पर तिरंगा नजर आ रहा है खास बात यह है कि गांव में बड़ी संख्या में लोग पढ़े लिखे नहीं हैं इसके बावजूद सभी की छतों पर लगा तिरंगा सीधा लगा है।ग्राम पंचायतों में बने पंचायत भवनों को तिरंगी लाइट से सजाया गया है। टेढ़ई गांव स्थित पंचायत भवन को तिरंगी रनिंग लाइट से सजाया गया है। जेहटा उसरहा स्थित पंचायत भवन भी खूबसूरत तिरंगी लाइट से सजाया गया है।कुल मिलाकर पहली बार गांवों में स्वतंत्रता दिवस का यह राष्ट्रीय हर घर में नजर आ रहा है।

### एक लाख 25 हजार 996 लोगो को लगा प्रिकाशन डोज

**अमेठी।** जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि टीकाकरण ही कोविड-19 से बचने का एकमात्र माध्यम है, आम जनमानस प्रीकाशन डोज लगवा कर जनपद को करोना से मुक्त करने का रास्ता प्रशस्त करें। उन्होंने कहा कि प्रीकाशन डोज आपके द्वार तक आपके के लिए किया गया, आपका सहयोग निश्चित रूप से जिले को कोविड से निजात दिलाने में सहयोग करेगा। इस हेतु आगामी 30 सितंबर तक विशेष अभियान चल रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विमलेंद्र शेखर ने कहा आगामी 16 अगस्त से 23 अगस्त तक बृहद अभियान चलाकर जनपद के समस्त सरकारी कर्मचारियों को प्रीकाशन डोज लगाया जाएगा। अभी तक 12 लाख 83 हजार 28 लोगो के सापेक्ष 1 लाख 25 हजार 996 लोगो को प्रीकाशन डोज लगाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जनपद में 18 उम्र से अधिक 13 लाख 90 हजार 717 लोगों को कोविड टीके की प्रथम डोज वह 13 लाख 88 हजार 720 लोगो को कोविड टीके की द्वितीय डोज दी जा चुकी है। वही 15 से 17 वर्ष के 1 लाख 43 हजार 150 लोगों को द्वितीय खुराक दी जा चुकी है। 12 से 14 वर्ष तक के 92 हजार 704 लोगों को प्रथम खुराक व 87 हजार 010 लोगों को द्वितीय खुराक दी जा चुकी है।उन्होंने बताया सिंहपुर ब्लाक के 20650, मुसाफिरखाना 13504 व भेटुआ विकास खंड 133 62 लोगों ने प्रीकाशन डोज लगाया कर जिले में अव्वल रहे है। जनपद के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डा जकारिया चौहान ने बताया 16 अगस्त से 23 अगस्त के बीच जनपद के समस्त सरकारी कर्मचारियों को प्रीकाशन डोज लगाया जाएगा, जिसमें उन्हें आधार कार्ड कोविड प्रमाण पत्र वा मोबाइल नंबर लाना जरूरी है।

### आवारा गोवंश से परेशान तीन गांव किसानों ने दो सौ से अधिक गो वंश इकट्ठा किए

**तिलोई,अमेठी।** जब पूरा देश आजादी का अमृत उत्सव उत्सव मना रहा है तो सैकड़ों आवारा गोवंश से परेशान तीन गांव के किसानों ने 250 से अधिक आवारा गो वंश को पूरे बाबा खरगपुर गांव के पास वन विभाग द्वारा खोदी गई से बने मैदान में इकट्ठा कर दिया और चारों तरफ से कीकर की झाड़ लगाकर रोक दिया। पेंडारा,खरगपुर और जेहटा उसरहा गांव के किसान बीते कई महीनो से इन आवारा गोवंश से परेशान है लगातार किसान अपनी फसल सूखे से बचाने के लिए एडी चोटी का जोर लगा रहा है उधर आवारा गोवंश उनकी फसल को चौपट कर रहे हैं बीते कई दिनों से किसान परेशान होकर ब्लाक से लेकर जनपद तक गुहार लगा रहा है कि इन आवारा गोवंश की व्यवस्था की जाय।

# थानेदारों को सता रहा कुर्सी जाने का डर

**जगदीशपुर ,अमेठी।** एसपी के कड़े तेवर के बाद थानेदारों को कुर्सी जाने का डर सताने लगा है ।जगदीशपुर कमरौली व शुकुल बाजार सहित जनपद के कई थानेदारों को अपने नीचे से कुर्सी खिसकती हुई दिखाई दे रही है थाने की कुर्सी से अधिक लगाव रखने वाले इन थानेदारों को लग रहा है कि किसी भी दिन उनके हाथ से थाने की सत्ता छीनी जा सकती है। थाने की सत्ता न छीनी जाए इसके लिए कुछ तो अपने आकाओं के दरबार में लगाई जाने वाली हाजिरी में बढ़ोत्तरी कर दी है लेकिन यहां से भी उन्हें कोई खास आश्वासन मिलता दिखाई नहीं दे रहा है इन थानेदारों को कुर्सी छिनने का डर कोई एक दो दिन से नहीं सता रहा है बल्कि पुलिस अधीक्षक डॉ0 इलामारन के द्वारा जनपद का चार्ज संभालने के बाद से ही उनमें खलबली मच गई थी वहीं कप्तान के रडार पर भी कई थानेदार बताए जा रहे हैं। जनपद में कई ऐसे थाना प्रभारी हैं जिन्होंने काफी समय से थाना इंचार्ज की कुर्सी पर जमे हुए है। सूत्रों की मानें तो कुछ थाना इंचार्ज तो ऐसे हैं जो अब तक अपने काम के बल पर नहीं बल्कि सत्ताधारी आकाओं के बल पर कुर्सी पर चिपके हुए हैं लेकिन एक जुलाई को एसपी डॉ0 इलामारन द्वारा अमेठी का कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही उनमें खलबली मच गई थी । ऐसे थाना इंचार्जो को अपने नीचे से कुर्सी खिसकने का डर सताने लगा है । सूत्रों का कहना है कि कप्तान साहब के कड़े तेवर को देखते हुए थानेदारों को साफ दिखने लगा है कि उनके राज में न तो किसी सिफारिश के बल पर चार्ज मिलेगा और न ही चापलूसी के बल पर तैनाती ही मिलेगी। क्षेत्र में ला एंड आर्डर क़ायम करने वाले तथा फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करने वाले ही थानों की कुर्सी पर टिक पाएंगे। एसपी के कड़े तेवर के चलते थानों में जमें कुछ इंचार्जो में खलबली मची हुई है अब देखना यह है कि आने वाले समय में पुलिस अधीक्षक की कसौटी पर कौन कौन खरा उतर पाता है और किसको थाने की सत्ता से हाथ धोना पड़ सकता है।

# पंचवटी ने क्षेत्र की प्रथम त्रिवेणी व हरिशंकरी के पौधे रोपे

## क्षेत्र को हरा-भरा करने में सत्त प्रयत्नशील है पंचवटी संस्था

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**पंचवटी विकास** समिति के तत्वावधान में, ब्रह्मदेव मंदिर परिसर , मैदे मऊ में, क्षेत्र की प्रथम त्रिवेणी तथा हरिशंकरी वृक्षारोपण का कार्य फिरोजगांधी महा विद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व विभागाध्यक्ष (वनस्पति विज्ञान ) प्रो. आदर्श कुमार शुक्ल के दिशा निर्देश में सम्पन्न हुआ।

पौधरोपण के उपरांत मुख्य अतिथि के रूप में,प्रोफेसर आदर्श कुमार ने मानव धर्म एवं पर्यावरण विषय पर सारगर्भित वक्तव्य दिया और धर्म की व्यापक व्याख्या करते हुए कहा कि धर्म बिना कोई नहीं रह सकता। जो भी प्राणी सांस लेता है, जल पीता है, जीवन रखता है, अपना धर्म निभाता है, श्वसन मानव धर्म है। आगे कहा कि मानव जीवन दुर्लभ है। सृष्टि में केवल मानव ही नवीन कर्मों का सृजन कर सकता है। अध्यक्ष के रूप में प्रोफेसर बैजनाथ विश्वकर्मा ने प्रोफेसर शुक्ल के गिलहरी प्रयास संकल्पना की प्रशंसा करते हुए कहा कि पंच तत्व क्षित, जल, पावक, गगन, समीर क्रमश: संयोजित होकर जीव को शरीर देकर प्राणित करते हैं, जब कि विघटित होने की प्रक्रिया ठीक इसके विपरीत क्रम समीर, गगन, पावक, जल और क्षिति(मिट्टी) में लयमान होती है। आगंतुकों के प्रति आभार प्रदर्शन करते हुए पंचवटी समिति के अध्यक्ष प्रेम नारायण तिवारी ने कहा कि घटते जल स्तर व वर्षण को बढाने हेतु एक ही कारगर उपाय है पौध रोपण एवं वृक्ष संरक्षण। संचालन पंचवटी सचिव, डॉ महादेव सिंह ने बताया कि हरिशंकरी में बरगद ,पीपल और पाकर के पौधों को एक ही स्थान पर जबकि त्रिवेणी रोपण में बरगद ,पीपल और नीम को 5मीटर अर्धव्यास की परिधि में पूरब, पश्चिम और उत्तर दिशाओं में रोपा जाता है। त्रिवेणी में दक्षिण दिशा अधिक प्रकाश प्राप्ति हेतु रिक्त छोड़ दी जाती है। कार्यक्रम का संयोजन हनुमन्त सिंह एवं रामगुलाम सविता ने किया। कार्यक्रम में, अम्बुज दीक्षित, डॉ प्रेमशंकर मिश्र, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, हरद्वार सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, अमर पाल सिंह, महेन्द्र सिंह, सज्जन मिश्र, रामेन्द्र पाण्डेय, गंगा राम, संजय सिंह, जगन्नाथ सिंह, अजय सिंह (ग्राम पंचायत अधिकारी) वीरेन्द्र सिंह, देवराज सिंह, कमलेश मिश्र, अक्षत विश्वकर्मा, हरिशंकर आदि सैकड़ो ग्राम वासी पर्यावरण मित्रों की उपस्थिति ने उत्साहपूर्वक इस पर्यावरण यज्ञ में भाग लिया।

# पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**लालगंज रायबरेली।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी के अमृत महोत्सव राष्ट्रीय अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी लालगंज द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर विशाल तिरंगा यात्रा पूर्व विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व मे निकाली गई। तिरंगा यात्रा लालगंज पावर हाऊस से प्रारंभ होकर गल्ला मंडी रोड, चिकवाही मंडी, सर्राफा मंडी, मेनरोड, आचार्य नगर, बेहटा चौराहा होते हुए गांधी चौराहे पर समाप्त हुई। धीरेन्द्र बहादुर सिंह, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, बच्चा पाण्डेय, आशुतोष शुक्ला, मनोज अवस्थी ,हरीशंकर पाण्डेय आदि कार्यकर्ताओं ने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। हाथ मे तिरंगा लिए सैकड़ो कार्यकर्ता आम नागरिक देशभक्ति के नारे लगाते हुए उल्लास उमंग के साथ चल रहे थे। पूर्व विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने सभी से अपने अपने घरों मे तिरंगा लगाने की अपील की। तिरंगा यात्रा में बच्चा पाण्डेय, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, आशुतोष शुक्ला, मनोज अवस्थी, कैलाश बाजपेयी, हरीशंकर पाण्डेय, अर्पित गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, अशोक गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन, सदाशिव सोनी, नागेंद्र सिंह, मंटू बाजपेयी, कौशिक बाजपेयी, नागेंद्र गुप्ता, राघवेन्द्र सूर्यवंशी, राजकुमार कोरी, महेश स्वर्णकार, निर्लेश सिंह, बी के सिंह, अर्पित बाजपेयी, शिवम गुप्ता गोलू, गोविंद मिश्रा, ब्रम्हेन्द्र सिंह, मनोज सिंह प्रेंधाइजी, रवी सिंह, मनमोहन सिंह रामू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने कबूतर उड़ाकर की तिरंगा यात्रा की शुरुआत

**बस्ती।** आजादी के 75 वें वर्ष गांठ पर आयोजित अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत पुरानी बस्ती स्थित पठान टोला के युवाओं ने स्वतंत्रता सेनानी स्व.श्री कैलाश नाथ मिश्रा के घर से तिरंगा यात्रा निकाली। सीडीओ राजेश प्रजापति और उनकी पत्नी डॉ श्रेया ने शांति का प्रतीक कबूतर उड़ा कर यात्रा की शुरुआत की। तिरंगा यात्रा पठान टोला से शुरू होकर मंगल बाजार होते हुए दक्षिण दरवाजा चौराहे पर राष्ट्रगान पढ़ कर सामप्त हुआ। सीडीओ राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि इस उत्साह को देखकर अब यह समझा जा सकता है कि हमारे देश की आजादी हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण थी। स्वतंत्रता सेनानी कैलाश नाथ मिश्रा जी ने देश की आजादी के लड़ाई में जो योगदान दिया उसे शब्दों मैं बयान नहीं किया जा सकता। ऐसे वीरों के कारण ही आज हमारा देश आजाद हुआ है और हम खुलकर अपना जिंदगी जी पा रहे हैं।

डॉ. श्रेया ने यात्रा में आगे आगे चल रहे दिव्यांग गुलजार की सराहना की और कहा कि जब हमारे समाज के शारीरिक रूप से कमजोर दिव्यांग इस मुहिम से जुड़ गए हैं तो निश्चित ही अमृत महोत्सव का जश्न घर घर पहुंच गया है। कहा कि हमारे युवाओं को तिरंगा यात्रा के साथ साथ तिरंगे से जुड़ी बातों को भी जानना चाहिए। जीवीएम कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर संतोष सिंह ने कहा कि इस देश को बड़े ही मुश्किल दौर से गुजर कर स्वतंत्रता सेनानियों ने आजाद कराया है, हमे उनके द्वारा आजाद भारत मिला तो हमारा भी कर्तव्य है कि देश आगे कैसे जाए इस पर विचार करें। देश आगे तभी जाएगा जब देश के युवा आजादी के महत्व को समझ कर अच्छी शिक्षा लेंगे और देश की सेवा करेंगे। कार्यक्रम संयोजक इमरान अली ने कहा कि तिरंगे के रंगों ने हमें जो संदेश दिया है, हमें वचनबद्ध तरीके से उसका पालन करना चाहिए। आव्हान किया कि सभी लोग अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाएं और अपने बच्चों को आजादी के बारे में जानकारी दें। फैज अहमद, राहुल श्रीवास्तव, विशाल पांडे, संजय श्रीवास्तव, अब्दुल रहमान, एजाज अहमद, डब्बू श्रीवास्तव, प्रशांत त्रिपाठी, नदीम, बबलू, ज़फर आलम, प्रशांत श्रीवास्तव, शौरभ श्रीवास्तव, विक्की अग्रवाल, कमल जायसवाल, मनीष मिश्र, युवराज, मोहम्मद अहमद, प्रेम सागर, विनय, चंद्रशेखर मिश्र, रविन्द्र पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



स्वतन्त्रता सेनानी स्व. कैलाश नाथ मिश्र के घर से निकला तिरंगा यात्रा

# बस्ती में रही अमृत महोत्सव की धूम

**● मैराथन दौड़ में बालिका वर्ग में नेहा चौधरी प्रथम दिव्या मिश्रा द्वितीय तथा सुशीला ने तीसरे, बालक वर्ग में सतीश चौधरी प्रथम विशाल प्रजापति द्वितीय और दुर्गेश भट्ट तीसरे स्थान पर रहे ● दिव्यांगजन ने भी टाउन क्लब से शास्त्री चौक तक निकाली तिरंगा यात्रा**





**बस्ती।** जिले भर में रविवार को भी डीएम प्रियंका निरंजन की अगुवाई में आजादी के अमृत महोत्सव की धूम रही। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगों की टाउनक्लब बस्ती से शास्त्री चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, रिद्म एकेडमी की डायरेक्टर डा. श्रेया, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। रैली के पूर्व सभी महानुभाव द्वारा आचार्य राम चन्द्र शुक्ल की मूर्ति पर माल्यापर्ण किया गया। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर राजकीय इण्टर कालेज तथा टाउनक्लब में कार्यक्रम आयोजित करके वाद, विवाद प्रतियोगिता एवं चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। राजकीय इण्टर कालेज में जिला विद्यालय निरीक्षक डी.एस. यादव ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया तथा वहॉ उपस्थित छात्रों को देश की आजादी के लड़ाई के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। टाउनक्लब में नगर पालिका परिषद बस्ती द्वारा 14 अगस्त से संबंधित प्रदर्शनी लगायी गयी। इसका उद्घाटन अशोक सिंह तथा महेश शुक्ल ने किया। इस अवसर पर एडीएम अभय कुमार मिश्र, ईओ नगर पालिका, प्रेम सागर तिवारी, अमरनाथ सिंह, अरविन्द गौतम, आलम चौधरी, डा. अरविन्द्र सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, अजय पाल तथा नगर पालिका परिषद के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

अमृत महोत्सव के अवसर पर पांच किमी. अमृत मैराथन का बालक बालिका वर्ग में आयोजन किया गया, जो शास्त्री चौक से शुरू होकर रौता चौराहा तक गया और वापस शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में समाप्त हुआ। इस मैराथन में 52 बालक एवं 26 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग में नेहा चौधरी प्रथम, दिव्या मिश्रा द्वितीय तथा सुशीला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में सतीश चौधरी प्रथम, विशाल प्रजापति द्वितीय तथा दुर्गेश भट्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रैली को एडीएम अभय कुमार मिश्र ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। क्रीडाधिकारी संजय शर्मा, उप क्रीडाधिकारी प्रमोद जायसवाल, मो. आसिफखान, विकास सोनकर, आशुतोष पाण्डेय, अभिषेक श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश, ओ.पी. मिश्रा उपस्थित रहें। विक्रमजोत ब्लाक में जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह के नेतृत्व में कोटेदारों द्वारा तिरंगा रैली निकाला गया तथा लोगों को जागरूक किया गया। रैली के पूर्व अधिकारियों ने ब्लाक स्थित शहीद स्मारक पर फूल माला चढाया। विकास खण्ड बनकटी पर प्रादेशिक विकास दल द्वारा मोटरसाइकिल तिरंगा रैली आयोजित की गयी, जो बनकटी मुख्य मार्ग पर गयी तथा लोगों को घर-घर तिरंगा के लिए प्रेरित किया। ब्लाक कल्याण अधिकारी अरूण पाण्डेय तथा खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें।

### तिरंगा यात्रा निकाल किया जन जागरूकता

**बस्ती।** रविवार 14 अगस्त को ओकिनावा ई-बाइक के सेल्स हेड नार्थ जोन प्रवीण शुक्ल व रीजनल मैनेजर अमन पाण्डेय के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। यह तिरंगा यात्रा प्लास्टिक कॉम्प्लेक्स से शुरू होकर ओकिनावा ई-बाइक से गांधी नगर, शास्त्री चौक, कचहरी, दक्षिण दरवाजा होते हुए पुन: कार्यालय पहुंची। देश जब अंग्रेजों का गुलाम था उस समय भारतीयों के साथ अन्याय जुल्म किया जाता रहा। देश को आजादी दिलाने के लिए देश के युवा नौजवानों ने हुंकार भरा और आंदोलन किए। इन आंदोलन में हमारे युवा नौजवानों ने आजादी दिलाने के लिये अपने प्राणों की आहुति दी। सुभाष चन्द्र बोस, मंगल पांडेय, चंद्रशेखर आजाद सहित तमाम क्रांतिकारियों ने शहादत दी। आज उसी स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर आज़ादी का अमृत महोत्सव देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है आज इसी स्वर्णिम अवसर पर हम अपने देश के वीर शहीदों को नमन करते हैं जिन्होंने देश की रक्षा के लिए सीमा पर बलिदान हो गए। शुक्ल ने देश के युवाओं के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना भरने का समाज के लोगों से आह्वान किया। इस अमृत महोत्सव में ओकिनावा ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।



ओकिनावा ई-बाइक से तिरंगा रैली निकालते

# पूर्व पालिका अध्यक्ष ने माल्यार्पण कर किया महापुरूषों को नमन

**संतकबीरनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आज नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के पूर्व चेयरमैन जगत जायसवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद से मेंहदावल बाईपास तक पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गयी। उन्होंने शहर में स्थित महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्याप्रण किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन जायसवाल ने कहा कि देश को आजाद कराने में हमारे तमाम महापुरूषों ने काफी संघर्ष किया है और अपना बलिदान देकर देश को आजाद कराया है। हमें उन शहीदों और उनकी शहादत को याद रखना चाहिए। युवा पीढ़ी को इन शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन अमर बलिदानियों की याद में आज तिरंगा यात्रा निकाली गयी है जिसमें बड़ी संख्या मे युवा वर्ग के लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई है। तिरंगा यात्रा में अब्दुल्लाह खान, शेषनाथ यादव, रविन्द्र तिवारी, आदित्य सिंह, गौरव, जकाउल्लाह, अंकुर पंडित, रमेश गौड़, गोलू यादव, विकास राजन जायसवाल, विनोद जायसवाल, बाबू भटनागर, वसीउल्लह, गोपी जायसवाल, बिल्लू नेता, भुट्टो, फिरोज खान, मतीन खान, शशांक जायसवाल, सलमान, रजत गुप्ता, आनंद गुप्ता सहित अन्य शामिल रहे।



तिरंगा यात्रा निकालते पूर्व नपा अध्यक्ष।

# नपा अध्यक्ष ने खलीलाबाद में फहराया सबसे ऊॅचा तिरंगा

**● चेयरमैन ने विधायक सहित भाजपा नेताओं के साथ तिरंगा यात्रा का किया उद्घाटन**

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद नगर पालिका द्वारा सबसे ऊंचा तिरंगा झंडा खलीलाबाद के मेहदावल चौराहे पर सांसद इं0 प्रवीण निषाद, सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, चेयरमैन श्याम सुंदर वर्मा, जिलाध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव की मौजूदगी में फहराया। विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा खलीलाबाद के लिए बहुत गर्व की बात है, जो यहां जिले का पहला सबसे ऊंचा ध्वज फहराया गया। चेयरमैन श्याम सुंदर वर्मा के उपस्थिति में तिरंगा रैली निकाली गई। कस्बे में सैकड़ों की संख्या में भाजपाईयों ने तिरंगा यात्रा निकालने के साथ ही लोगों को अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने का आह्वान किया। इस दौरान उन शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम में बूथ स्तर के समस्त पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं आम नागरिको ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन श्याम सुंदर वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने राष्ट्रीयता का जागरण करने का संकल्प लिया। साथ ही देश की आजादी के 75 वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर अमृत महोत्सव को मनाते हुए सभी से अपने-अपने घरों तिरंगा फहराने की अपील की।



मेंहदवाल चौक पर उपस्थित विधायक सहित भाजपा नेता।

# कुलपति के नेतृत्व में मुक्त विवि ने निकाला मौन जुलूस

**राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत फिल्म का हुआ प्रदर्शन, कुलपति और शिक्षकों ने सुनाई ओजपूर्ण कविताएं**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में रविवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो सीमा सिंह के नेतृत्व में शांतिपुरम फाफामऊ में मौन जुलूस निकाला गया। समाज विज्ञान विद्या शाखा की तरफ से आयोजित मौन जुलूस में विश्वविद्यालय के कुलसचिव निदेशक अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं शामिल रहे। इसके पश्चात आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रभक्ति पर आधारित फिल्मों के प्रदर्शन में चटगांव और आजादी फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। फिल्म प्रदर्शन के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा कि आज की प्रदर्शित फिल्मों ने शहीदों के बलिदान और उनके द्वारा उठाये गए कष्टों का एहसास कराया। इसी क्रम में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने किया। प्रदर्शनी में भारत पाकिस्तान विभाजन के दौरान मानवीय त्रासदी का चित्रण किया गया है। प्रदर्शनी में 52 से अधिक चित्रों का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही अटल प्रेक्षागृह में राष्ट्रभक्ति पर आधारित ओजपूर्ण कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो सीमा सिंह ने सुभद्रा कुमारी चौहान रचित काव्य पंक्तियां बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी का पाठ कर जोश भर दिया। कवि सम्मेलन में विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने देशभक्ति पर आधारित ओजपूर्ण कविताएं सुनाई। मीडिया प्रभारी डा प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सुबह सात बजे प्रभातफेरी का आयोजन किया गया है। इसके बाद सुबह बजे कुलपति प्रो सीमा सिंह प्रशासनिक भवन में ध्वजारोहण करेंगी। इसके उपरांत खेलकूद एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न होंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में तिरंगे की लाइटिंग का प्रदर्शन किया गया है।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर सेवानिवृत्त 75 पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

**● आईजी और पुलिस अधीक्षक ने डायल 112 पिंक सेवा को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

संवाददाता। संतकबीरनगर

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों तथा जनपद के 75 अच्छे कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को शाल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा, क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया, क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजीव कुमार यादव, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर, प्रभारी महिला थाना सरोज शर्मा, प्रभारी निरीक्षक यूपी 112 मंजू सिंह, प्रभारी निरीक्षक दुधारा सर्वेश राय, प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल जयवर्धन सिंह, प्रभारी निरीक्षक स्वाट धर्मेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी रिजर्व पुलिस लाइन उनि अजय सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक उनि अमित कुशवाहा सहित अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर से पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज द्वारा पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर सोनम कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में यूपी 112 की दोनों तरफ तिरंगा झण्डा लगी 10 गाड़ियों में सवार 40 पुलिसकर्मियों व पुलिस की महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की पिंक वाहन की 02 गाड़ियों व 45 अन्य पैदल महिला पुलिसकर्मियों की तिरंगा मार्चपास्ट को हरा झण्डा दिखाकर रवाना किया। तिरंगा मार्च पास्ट रिजर्व पुलिस लाइन खलीलाबाद से शुरु होकर कलेक्ट्रेट परिसर, महिला थाना, विकास भवन, तहसील खलीलाबाद परिसर होते हुए पुन: रिजर्व पुलिस लाइन में समाप्त हुआ। तिरंगा मार्च पास्ट के दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा, क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया, क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजीव कुमार यादव, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी श्रीमती दीपांशी राठौर, प्रभारी महिला थाना सरोज शर्मा, प्रभारी निरीक्षक यूपी 112 मंजू सिंह, प्रभारी रिजर्व पुलिस लाइन उनि अजय सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक उनि अमित कुशवाहा सहित अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



पुलिसकर्मी को प्रशस्ति पत्र देते आईजी रेंज बस्ती।

# कारागार मंत्री ने किया पीएचसी शाहपुर का निरीक्षण

**सीतापुर।** कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में भारी खामियां मिलीं। यहां मरीजों के लिए कोई शौचालय नहीं है, रूम टूटा पड़ा है, स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गंदगी मिली। कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। एएनएम मीर देवी के सहारे अस्पताल संचालित होता पाया गया। इस बदहाली पर कारागार राज्यमंत्री ने नाराजगी जताई। सफाई कराने के निर्देश दिए। एएनएम मीरा देवी ने बताया कि हमारे पास डिलीवरी कराने के उचित साधन नहीं हैं। हम लोग संसाधनों के अभाव में किसी तरह से डिलीवरी करते हैं। सीएचसी अधीक्षक तम्बौर अनन्त कुमार मिश्रा से से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया जो अनुपस्थित हैं जांच करके स्पष्टीकरण लिया जाएगा।

## हुसैनी मस्जिद के इमाम ने रिमझिम फुहारों के बीच निकाली तिरंगा यात्रा

**रामपुरा** (जालौन)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत और भारत सरकार के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत रामपुरा नगर के मुस्लिम समुदाय के लोगो ने बरसते पानी मे भीगते हुए भारत माता की जय के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। हुसैनी मस्जिद के इमाम जरीफहनफी ने कहा कि देश की आजादी के 75 साल पूरा होने के उत्सव को इस बार काफी बड़े महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। श्आजादी का अमृत उत्सवश् के तहत इस बार नगर में श्हर घर तिरंगाश्अभियान की शुरूआत की है। जिससे जुड़कर आप भी अपने घर पर तिरंगा लगा सकते हैं। तिरंगा यात्रा में मस्जिद के मदरसे के बच्चों के साथ मुस्लिम भाई हाथ में तिरंगा फहराते हुए डीजे पर देश भक्ति गीतों पर थिरकते हुए जय हिंद के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। इस अवसर पर मौलाना जरीफहनफी के साथ नगर चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, अमित पुरवार, शानू खान सभासद, रामलला सभासद, अमर सिंह मई, संतोष प्रजापति, मुख्तार, अमीन, आसिफ बब्लू पठान, साहिल, इमरान, बसीम, यासीन आदि सहित सैकड़ों मुस्लिम भाई मौजूद रहे।

## ब्लॉक प्रमुख ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, अनेकों गांवों में पहुंची

**रामपुरा** (जालौन)। विकास खण्ड के ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर द्वारा शनिवार को ग्राम मकटौरा से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कर विकास खण्ड क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों से होते हुए मकटौरा में समापन की। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप विकास खण्ड रामपुरा के ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर द्वारा शनिवार को गाजे बाजे के साथ तिरंगा यात्रा का आगाज किया। तिरंगा यात्रा ग्राम मकटौरा से शुरू होकर बहादुरपुरा, ल, उमरी, टीहर, रामपुरा, जगम्मनपुर, हुसेपुरा, लिढ़ऊपुर, लिटावली होते हुए बिलुहा में शहीद स्मारक पर तिरंगा लहराते हुए मकटौरा पर समापन कर दिया। इस भव्य तिरंगा यात्रा में 500 से अधिक क्षेत्रीय लोगो ने अपने वाहनों के साथ हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर वन्दे मातरम के नारे लगाकर रैली में शामिल हुए। ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने डीजे पर देश भक्ति गानों के साथ तिरंगा यात्रा को केशरिया रंग में रंग दिया। तिरंगा यात्रा समापन में विधायक ने संबोधित किया।

# युवक ने पिता और दादी पर किया जानलेवा हमला

**बरेली** । शराब के लिए पैसे ना देने पर गुस्साए युवक ने सो रहे पिता और दादी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हमलावर फरार बताया जाता है

सुभाष नगर थाना क्षेत्र के रविंद्र नगर निवासी सुखराम और उसकी मां राजेश्वरी देवी को आज सुबह तड़के इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रविंदर ने बताया कि उसका बेटा 21 वर्षीय सचिन शराब शादी है और अक्सर शराब के नशे में घर में हंगामा करता है और शराब पीने के लिए पैसे मांगता है आज सुबह जब घर के सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे तो सचिन शराब के नशे में घर आया और उसने हंगामा करते हुए शराब पीने के पैसे मांगे लेकिन सो रहे लोगों ने उसकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया और वह सोते रहे इसी से नाराज सचिन ने चाकू से पिता सुखराम और दादी रामेश्वरी पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने सुखराम बार राजेश्वरी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया हमलावर सचिन मौके से फरार हो गया पुलिस उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है

**घरेलू कलह के चलते महिला ने जहर खाया:** बरेली। पति से हुए मामूली विवाद के बाद पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया शाही थाने के गांव हल्दी कला निवासी सोम प्रकाश की 25 वर्षीय पत्नी शीला को आज सुबह घरवालों ने इलाज के लिए बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उन्होंने बताया कि शीला का आज सुबह अपने पति सोमप्रकाश से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिससे नाराज सोमप्रकाश ने उसकी डांट लगा दी और घर से बाहर चला गया उसके जाने के कुछ देर बाद शीला ने घर में रखा जरीला पदार्थ खा लिया कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ने लगी घर वालों ने घटना की जानकारी सोमपाल को दी जो घर वापस लौटा और शीला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे शीला के मायके वालों ने सोमपाल और उसके भाइयों पर आरोप लगाया कि उन्होंने शीला को जबरन जहर दिया है

**पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश:** बरेली। खेत में लगे पेड़ पर युवक की लाश लटकी हुई पाई गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव गिरधारी पुर में आज सुबह जंगल में जा रहे स्थानीय लोगों ने गांव के बाहर स्थित खेत की मेढ पर लगे पेड़ से बंधी रस्सी के सहारे एक युवक की लाश को लटके देखा मृतक की गर्दन में बंधी रस्सी बंधी थी और उसके धड़ का अधिकतर हिस्सा जमीन पर टिका हुआ था घटना की सूचना जैसे ही गांव के लोगों को मिली बड़ी संख्या मैं लोग मौके पर पहुंच गए और उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन कोई भी उसकी शिनाख्त नहीं कर सका तब पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा समझा जाता है कि युवक की हत्या करने के बाद उसकी लाश को पेड़ पर लटकाया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है

**दो लोगों पर बंदरो नें किया हमला:** बरेली। दो अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाओं में 2 लोगों पर बंदरों ने हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। प्रेम नगर थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर निवासी मनजीत सिंह पर आज सुबह बांके बिहारी मंदिर के सामने बंदरों ने घेर कर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गए मनजीत सिंह ने बताया कि वह आज सुबह मंदिर के सामने रहने वाले अपने एक दोस्त से मिलने के लिए पैदल ही उसके घर जा रहे थे लेकिन जैसे ही वह बांके बिहारी मंदिर के पास पहुंचे अचानक बंदरों के एक झुंड ने उनको घेर लिया और हमला कर दिया तभी एक बंदर ने उनके पैर में जोरदार तरीके से काटा जिससे उनका पैर घायल हो गये मौके अन्य बंधुओं ने भी उन पर हमला किया मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बंदरों को लाठी-डंडों से भगाया सूचना मिलने पर मनजीत सिंह के घर वाले मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए

इसके अलावा कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला बिहारीपुर निवासी रिटायर्ड शिक्षक हाजी अमीरुद्दीन को भी जिला अस्पताल लाया गया जहां उनके घर वालों ने बताया कि अमीरुद्दीन आज सुबह रोजाना की तरह करने के लिए गांधी उद्यान गए थे जहां उद्यान के अंदर ही बंदरों के झुंड ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और हमला कर दिया जिससे अमीरुद्दीन घायल हो गए पार्क में टहलने आए अन्य लोगों ने किसी तरह बंदरों को भगाया और अमीर उद्दीन के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# वैश्विक आतंकी

## चीन द्वारा बचाव

**भारत** और अमेरिका जैशे मुहम्मद के उप-प्रमुख व वांछित आतंकी अब्दुल रऊफ़ अजहर को 'वैश्विक आतंकी' घोषित करना चाहते हैं। चीन ने पाकिस्तान में रहने वाले लश्करे तैयबा-एलईटी के उप-प्रमुख अब्दुल रहमान मक्की को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित होने से बचाने के एक महीने बाद चीन ने ऐसा ही काम किया है। उसने जैशे मुहम्मद-जेईएम के उप-प्रमुख अब्दुल रऊफ़ अज़हर को 'वैश्विक आतंकी' घोषित करने के भारत व अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्ताव पर वीटो कर दिया। वह एक और हत्यारे जिहादी व जेईएम के संस्थापिक मौलाना मसूद अजहर का छोटा भाई है। इस पर स्वाभाविक रूप से भारत ने चीन की खिंचाई करते हुए आतंक के खिलाफ युद्ध में उसकी 'दोमुंही बातों' व 'दुहरे मानकों' की ओर संकेत किया है। वास्तव में चीन का यह दोमुंहापन लंबे समय से जारी है। पिछले एक दशक में द पायनियर ने खबरें दी हैं कि उसने आधा दर्जन बार खूंखार जिहादियों का बचाव किया है। अकेले मसूद अजहर की ही उसने चार बार सहायता की है। चीन ने अपने कृत्य का बचाव करने के लिए परंपरागत लच्छेदार भाषा का इस्तेमाल किया है। संरा. में चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने एक खबरिया एजेंसी को बताया कि उसे 'मामले का अध्ययन करने के लिए थोड़ा और समय चाहिए।' चीन राजनयिक शब्दावली व तकनीकी बिंदुओं के पीछे छिप कर आतंकियों का बचाव कर रहा है। यह एक प्रकार से आतंकियों को समर्थन देने वाले पाकिस्तान की तात्कालिक सहायता है जिससे अनेक उद्देश्य पूरे होते हैं। लेकिन इससे धीरे-धीरे सबसे बड़े 'दुष्ट देश' के रूप में चीन की असलियत उजागर होती है जो नियमित रूप से छोटे दुष्ट देशों-पाकिस्तान व उत्तर कोरिया की सहायता करता है। वास्तव में, अमेरिकन इतिहासकार व नीति विश्लेषक माइकेल ए. लीडीन के शब्दों में चीन पहले ही एक परिपक्व 'फासीवादी' राज्य के रूप में सामने आ चुका था। यह संभवत: चीन का सर्वाधिक उपयुक्त विश्लेषण है।



अमेरिकी विद्वान का तर्क है कि चीन में मार्क्सवाद फासीवाद में बदल गया। लीडीन ने लिखा था कि परंपरागत संस्कृति को नापसंद करने वाले परंपरागत कम्युनिस्ट तानाशाहों से उलट माओ ने इसे बंजर मार्क्सवाद-लेनिनवाद के स्थान पर रख दिया। महान नेता के सर्वाधिक माओवादी वारिस शी जिनपिंग ने सर्वाधिक जोश के सथ चीन के लंबे इतिहास की गरिमा को गले लगाया। हालांकि, चीन का फासीवाद कभी ढका-छिपा नहीं था, लेकिन पिछले कुछ साल से दुनिया देख रही है कि एक फासीवादी राज्य कितनी बड़ी विभीषिका का कारण बन सकता है। खतरा खासकर उसके नाभिकीय हथियारों व हाइपरसोनिक मिसाइलों से लैस होने पर और गंभीर हो जाता है। सभी जानते हैं कि आज चीन अमेरिका तथा कुछ सीमा तक रूस को छोड़ कर दुनिया का सर्वाधिक शक्तिशाली देश है। साथ ही इस तथ्य से भी सभी परिचित हैं कि वह लगातार भारी समस्यायें पैदा करता रहता है। दुनिया भर में पूरी बेशर्मी से व जानबूझ कर कोरोनावायरस फैलाने के बाद उसने जून, 2020 में गलवान में भारतीय सैनिकों पर क्रूर हमला बोला। इसके साथ ही वह ताइवान को डरा कर पड़ोस के अन्य देशों का उत्पीड़न करना चाहता है। उसने कुख्यात 'बेल्ट एंड रोड' पहल से दुनिया भर के गरीब देशों को कर्ज के जाल में फंसा लिया है और वह जिहादी आतंकियों का बचाव करते हुए भी अपने देश में धार्मिक व नस्ली अल्पसंख्यकों का नरसंहार कर रहा है। इस प्रकार दुनिया में ऐसा कोई अपराध या पाप नहीं है जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी न कर सकती हो। यदि उन्होंने पहले ही ऐसे कदम न उठाए हों तो भारत और अन्य लोकतंत्रों को उससे अपनी रक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए। उनको चीन से जिम्मेदारी भरे व्यवहार की उम्मीदें या अवधारणायें छोड़ देनी चाहिए। उनको इस आधार पर अपनी नीतियां व रणनीतियां बनानी चाहिए कि चीन सुधरने वाला नहीं है।

# बाजार शक्तियों को तय करने दें कीमतें

### कृषि बाजार की शक्तियां कृषि उत्पादों के दाम तय करने में बेहतर भूमिका निभा सकती हैं, इसलिए मूल्य भुगतान में डीपीपीएस व्यवस्था लागू होनी चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र ने 6 जुलाई 2022 को 'कृषि बाजारों में सुधार' पर एक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने डिफिसिएन्सी प्राइस पेमेंट सिस्टम-डीपीपीएस की पैरवी की जो वर्तमान समय में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर किसानों से फसलें खरीदने का विकल्प होगा। सवाल है कि एमएसपी आधारित व्यवस्था की क्या समस्या है? और डीपीपीएस इससे उबरने में कैसे सहायता कर सकती है? वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकार की एजेंसियां गेंहू, चावल-धान व मोटे अनाज जैसे कृषि उत्पाद किसानों से एमएसपी पर खरीदती हैं और उनको उचित मूल्य की दूकानों के नेटवर्क से 1,2,3 रुपये प्रति किलो की सस्ती कीमतों पर वितरित करती हैं, जिसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस कहा जाता है। इसका उद्देश्य भारत के गरीबों की आवयकतायें पूरी करना है। 1,2,3 रुपये कीमत से अधिक एमएसपी तथा हैंडलिंग, भंडारण व वितरण खर्च-एचएसडी का सब्सिडी के रूप में भुगतान किया जाता है। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग-सीएसीपी की संस्तुतियों के आधार पर सरकार ने खरीफ और रबी फसलों की 22-23 फसलों के एमएसपी तय किए हैं। लेकिन एफसीआई व अन्य राज्य एजेंसियों द्वारा खरीद मुख्यत: केवल चावल व गेंहू तक सीमित है। दालों व तिलहन जैसी अन्य महत्वपूर्ण फसलों की खरीद नेशनल एग्रीकल्चरल कोआपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन आफ इंडिया लिमिटेड-नैफेड द्वारा की जाती है।

इस व्यवस्था का उद्देश्य 800 मिलियन से अधिक लोगों को 'खाद्य सुरक्षा' सुनिश्चित करने के लिए 'सस्ती' कीमतों पर अनाज उपलब्ध कराना है। यह संसद द्वारा 2013 में बनाए गए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अनुपालन में होता है जो इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। किसानों को उसकी फसलों की आकर्षक कीमतें देना इस मुख्य लक्ष्य की पूर्ति में सहायक है। 1960 के दशक में एक कार्यकारी आदेश से लागू एमएसपी व्यवस्था किसानों को पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 'हरित क्रांति' के माध्यम से धान व गेंहू का अधिक उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए थी। हालांकि, उन दिनों इसके पीछे इरादा खाद्यान्नों की कमी को संबोधित करना था, पर आज देश अतिरिक्त खाद्यान्न पैदा करने लगा है। इस मूलभूत परिवर्तन के बावजूद सरकार एक बड़े अंतर के साथ एमएसपी व्यवस्था लगातार चला रही है। जहां पहले राज्य की एजेंसियां केवल पीडीएस तथा 'रणनीतिक बफर' की आवश्यक मात्रा के अनुरूप खरीद करती थी, पर आज इनमें कोई संबंध नहीं रह गया है। आज सरकार एक खुली खरीद नीति चला रही है जहां एजेंसियां लगातार बढ़ती एमएसपी पर यथासंभव अधिकाधिक मात्रा में अनाज खरीदती हैं। सत्तारूढ़ अवस्थापना इस मामले में एक प्रकार से चुनावों द्वारा संचालित है। अगला कार्यकाल पाने के लिए सरकारों का मूल्यांकन इस आधार पर होता है कि उन्होंने एमएसपी में कितनी वृद्धि की तथा किसानों से कितनी खरीद की गई। यह अभियान एक मिशनरी भावना से संचालित होता है और इस बात की चिन्ता नहीं की जाती है कि खरीदे गए अनाज की आवश्यकता है या नहीं। इस व्यवस्था ने अनेक समस्यायें पैदा की हैं। अक्सर अनाज की खरीद एजेंसियों की भंडारण क्षमता से अधिक होती है, उनकी अक्षमताओं व अधिक खर्च के कारण भारी बरबादी होती है, बड़े पैमाने पर अनाज का दुरुपयोग व अन्य कामों में उपयोग होता है, सब्सिडी में असाधारण रूप से वृद्धि होती है तथा भारत द्वारा डब्लूटीओ को दी गई प्रतिबद्धता के उल्लंघन का खतरा पैदा होता है। यह स्थिति तब है जब केवल 6 प्रतिशत किसानों को एमएसपी का लाभ मिल पाता है, एमएसपी केवल कुछ ही फसलों पर लागू होता है तथा एजेंसियां उत्पादित गेंहू व चावल का लगभग 30 प्रतिशत ही खरीदती हैं। सभी 22-23 फसलों व अतिरिक्त उत्पाद बेचने के इच्छुक 'सभी' किसानों पर योजना लागू करने के लिए शोर-शराबा मचाया जा रहा है। यदि ये मांगें मान ली जाएं तथा किसानों के साल भर चले आंदोलन की मांग मानते हुए इसकी 'कानूनी गारंटी' दे दी जाए तो यह निश्चित रूप से आर्थिक विभीषिका तथा केन्द्र सरकार के वित्तीय दीवालिया होने का कारण बनेगा।

डीपीपीएस योजना के अंतर्गत सरकार को केवल चयनित फसलों के लिए मंडी में बिक्री व एमएसपी के बीच अंतर का मुआवजा देना होगा। यह वर्तमान व्यवस्था से उलट है जहां राज्य एजेंसियां वास्तव में एमएसपी पर किसानों का उत्पाद खरीदती हैं। प्रस्तावित व्यवस्था में इसकी आवश्यकता नहीं होगी। मध्य प्रदेश ने पहले चयनित फसलों पर डीपीपीएस का प्रयोग किया है, वहीं हरियाणा कुछ वस्तुओं के लिए इसे लागू करने की तैयारी कर रहा है। रमेश चंद्र चाहते हैं कि केन्द्र सरकार इस योजना को अखिल भारतीय स्तर पर लागू करने के लिए विचार करे। यदि सरकार केवल पीडीएस की आवश्यकता के अनुसार कृषि उत्पादों की खरीद करे तो डीपीपीएस की उस सीमा तक कोई प्रासांगिकता नहीं होगी। यह केवल उस मात्रा का स्थान लेगी जो एजेंसियां वर्तमान समय में पीडीएस की आवश्यकता से अधिक खरीदती हैं अथवा इनमें दालों व तिलहन जैसी चीजें शामिल हो सकती हैं जिनकी खरीद नैफेड किसानों की सहायता के लिए करता है। डिफीसियेंसी मूल्य व्यवस्था के अंतर्गत इस खरीद को स्थानापन्न करने से सरकार का वह पैसा बचेगा जो वह वर्तमान समय में हैंडलिंग व कैरीइंग कास्ट-एचएंडसीसी पर खर्च करती है। इसके साथ ही वह उस नुकसान से भी बचेगी जो वह एमएसपी से कम कीमत पर खेली बाजार बिक्री योजना-ओएमएसएस में अनाज बेच कर उठाती है। उदाहरण के लिए, यदि एक किलो गेंहू का एमएसपी 20 रुपये तथा एचएंडसीसी 10 रुपये हो और एजेंसी उसे 15 रुपये में बेचे तो नई योजना से 15 रुपये की बचत होगी। सिद्धान्त रूप से डिफीसियेंसी मूल्य भुगतान के पक्ष में निर्णय करने पर सरकार को इसे सभी किसानों तक विस्तारित करना होगा तथा सभी फसलों को इसमें शामिल करना होगा, जबकि वर्तमान व्यवस्था में एमएसपी समर्थन 'केवल उन लोगों तक सीमित है जिनसे वह खरीदती है'। लेकिन डीपीपीएस के अंतर्गत कवरेज के काफी विस्तार के कारण न खरीदने के कारण होने वाली बचत अधिक खर्च से निरर्थक हो जाएगी। इसका परिणाम यह होगा कि प्रस्तावित योजना के अंतर्गत भी सब्सिडी बढ़ने को रोकना संभव नहीं होगा। वर्तमान योजना योजना के अंतर्गत एमएसपी की गणना खेती पर खर्च की औसत अखिल भारतीय लागत के आधार पर की जाती है। यदि यह गणना किसानों के व्यक्तिगत स्तर पर खर्च के आधार पर की जाए तो यह विभिन्न स्थानों पर निर्भर करेगी। ऐसा होने पर उन किसानों को लाभ होगा जिनका वास्तविक खर्च औसत से कम होता है, हालांकि इसका उल्टा भी हो सकता है। यदि डीपीपीएस के अंतर्गत एमएसपी की गणना स्थानीय मंडी से तुलना कर की जाए तो भी विकृति बनी रहेगी। इसके लिए स्थानीय स्तर पर एमएसपी की गणना कर उसकी तुलना स्थानीय मंडी से करनी होगी। यह डेटा संग्रह, विश्लेषण व क्रियान्वयन के लिए भारी चुनौती पेश करेगी। इस प्रकार चाहे एमएसपी की व्यवस्था हो अथवा प्रस्तावित डीपीपीएस, दोनों में सब्सिडी का बोझ बढ़ता रहेगा और यह डब्लूटीओ को दी गई प्रतिबद्धता के उल्लंघन का कारण बन सकता है।

ऐसे में आगे बढ़ने का क्या रास्ता है? राज्य की ओर से ऐसी सहायक व्यवस्था बनाना असंभव है जो सभी किसानों व सभी फसलों की देखभाल कर सके। यह काम पूरी तरह बाजार शक्तियों पर छोड़ दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऐसी परिस्थिति पैदा करनी चाहिए जिसमें सभी किसानों के सामने अपनी फसल बेचने के अनेक विकल्प हों तथा उनको अच्छी कीमत मिल सके। इसके लिए तीन केन्द्रीय कृषि कानूनों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता हो सकती है। आवश्यकता होने पर सरकार गरीब किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता दे सकती है। वर्तमान समय में पीएम किसान सम्मान निधि में सभी किसान शामिल हैं, इसे बढ़ी धनराशि के साथ गरीब किसानों तक सीमित किया जा सकता है। यह व्यवस्था उन विकृतियों से मुक्त होगी जो एमपीएस-डीपीपीएस को प्रभावित करती हैं। इससे डब्लूटीओ में भी भारत से सवाल नहीं पूछा जाएगा। खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार पीडीएस तथा 'रणनीतिक बफर' की आवश्यकता के लिए बाजार से खरीद सकती है। आदर्श रूप से वह लाभार्थी को सीधे भी सब्सिडी दे सकती है जिससे वह अपनी आवश्यकता बाजार से पूरी कर सकता है। उदाहरणार्थ, एक किलो गेंहू के लिए वह 28 रुपये लाभार्थी के खाते में भेज सकती है जिससे वह 2 रुपये अपनी जेब से खर्च कर 30 रुपये की पूरी कीमत पर अनाज खरीद सकता है।

# जवाहिरी का सफाया महत्वपूर्ण घटना

**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



अफगानिस्तान में अयमान अल जवाहिरी की उपस्थिति दोहा में 29 फरवरी, 2020 को हस्ताक्षरित अमेरिका-तालिबान समझौते तथा स्वयं तालिबान द्वारा दिए आश्वासनों का घोर उल्लंघन था। उसे 31 जुलाई, 2022 को काबुल में एक अमेरिकी ड्रोन ने दो एजीएम 114आर9एक्स हेलफायर मिसाइलें दाग कर मार डाला। समझौते के भाग दो की पहली धारा के अनुसार तालिबान 'अपने किसी सदस्यों तथा अलकायदा समेत अन्य व्यक्तियों व समूहों को अफगानिस्तान की धरती का प्रयोग संयुक्त राज्य अमेरिका या उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने के लिए करने की अनुमति नहीं देंगे।' दूसरी धारा में कहा गया है कि तालिबान 'उन लोगों को स्पष्ट संदेश देंगे कि संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वालों का अफगानिस्तान में कोई स्थान नहीं है। वे अपने सदस्यों को निर्देश देंगे कि संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले ऐसे समूहों या व्यक्तियों के साथ सहयोग न करें।' तीसरी धारा में कहा गया था कि 'तालिबान अफगानिस्तान में ऐसे समूह या व्यक्ति पर रोक लगाएंगे जो संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरे में डालेगा तथा उसे भर्ती, प्रशिक्षण व पैसा एकत्र करने से रोकेंगे और इस समझौते की प्रतिबद्धता के अनुरूप उसे अतिथि नहीं बनाएंगे।'

धारा 4 के अनुसार तालिबान ने प्रतिबद्धता प्रकट की थी कि वे 'अफगानिस्तान में शरण लेने या रहने की इच्छा करने वालों के साथ अंतरराष्ट्रीय आप्रवासी कानून और इस समझौते की प्रतिबद्धताओं के अनुसार व्यवहार करेंगे ताकि ऐसे व्यक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा न पैदा कर सकें।'

धारा 5 के अनुसार उन्होंने प्रतिबद्धता प्रकट की थी कि वे 'संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वालों को वीसा, पासपोर्ट या यात्रा परमिट या अन्य विधिक दस्तावेज नहीं प्रदान करेंगे।' जहां तक आश्वासनों का सवाल है, 17 अगस्त, 2021 को काबुल में अपनी पहली आधिकारिक प्रेस कान्फ्रेंस में तालिबान प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने कहा था कि तालिबान अन्य देशों के साथ शांतिपूर्ण संबंध चाहते हैं और किसी भी समूह को अफगान क्षेत्र का प्रयोग अन्य देशों पर हमलों के लिए नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने अमेरिका समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आश्वस्त किया था कि 'किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। हम कोई भीतरी या बाहरी दुश्मन नहीं चाहते हैं।'



अल जवाहिरी उसी समय से अलकायदा के नेता थे जब अमेरिकी नैवी सील की टीम ने मई, 2011 में ओसामा बिन लादेन को मारा था। उन्होंने अमेरिका पर 9-11 आतंकी हमले के साथ अनेक अन्य हमलों की योजना बनाने में प्रमुख भूमिका अदा की थी। उन्होंने कई बार मुसलमानों से अमेरिकनों की हत्या का आह्वान किया था। ऐसे में कोई संदेह नहीं कि अल जवाहिरी किसके पक्ष में थे। आश्चर्य नहीं कि अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन ने एक बयान में कहा था कि अल जवाहिरी की काबुल में उपस्थिति 'दोहा समझौते तथा दुनिया को बार-बार दिए आश्वासनों का घोर उल्लंघन था कि तालिबान अफगानिस्तान की धरती का प्रयोग उन आतंकियों को नहीं करने देंगे जो अन्य देशों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।' यह बात समझी जा सकती है कि वैश्विक मान्यता के लिए अत्यधिक प्रयासरत तथा विदेशों में जब्त धन व सहायता प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले तालिबानों ने स्वयं को इस मामले से अलग रखने के प्रयास किए हैं। ड्रोन हमले की निन्दा करते हुए उन्होंने 4 अगस्त, 2022 को जारी बयान में अल जवाहिरी के आने व काबुल में रहने की जानकारी से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने 'खुफिया एजेंसियों से पूरे मामले की जांच करने के साथ ही घटना के विभिन्न आयामों की एक समग्र व गंभीर जांच के निर्देश दिए हैं।' उन्होंने यह आश्वासन भी दिया है कि 'अफगानिस्तान की धरती से अमेरिका समेत किसी देश को कोई खतरा नहीं है।'

इसके साथ ही उनका कहना है कि इस्लामी अमीरात दोहा समझौते का क्रियान्वयन तथा उसके उल्लंघनों की समाप्ति चाहता है। लेकिन उनका यह बयान एक प्रकार से हास्यास्पद लगता है। यदि अमेरिका अल जवाहिरी का पता लगा कर उसे मार सकता है तो यह संभव नहीं कि तालिबानों के उसके काबुल में आने व वहां ठहरने का पता न हो। मई, 2022 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शन्स मानीटरिंग टीम-एस्मेट की 13वीं रिपोर्ट के अनुसार, अलकायदा व तालिबान के बीच नजदीकी संबंध बने हुए हैं। यह अफगानिस्तान व क्षेत्र में अलकायदा की उपस्थिति से रेखांकित होता है। अलकायदा के प्रमुख नेता तथा उनसे जुड़े समूहों, जैसे भारतीय उप-महाद्वीप के अलकायदा-एक्यूआईएस की उपस्थिति वहां बनी हुई है। पता चला है कि अल जवाहिरी एक घर में रह रहा था जो सिराजुद्दीन हक्कानी के एक वरिष्ठ सहायक का था। वह तालिबान का उप नेता, तालिबान सरकार में आंतरिक मामलों का मंत्री तथा हक्कानी आतंकी नेटवर्क का प्रमुख था जिसके हमेशा अलकायदा से नजदीकी संपर्क रहे हैं। एस्मेट की 13वीं रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि तालिबान जैशे मुहम्मद व लश्करे तैयबा को भी शरण देते रहे हैं। यह तर्क गले नहीं उतरने वाला है कि उनको अफगानिस्तान में रहने की अनुमति थी, पर उन पर कठोर निगरानी की जा रही थी। एस्मेट की रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान के प्रतिद्वंद्वी इस्लामिक स्टेट इन खुरासान प्राविंस-आईएसकेपी या अलकायदा 'विश्वास किया जाता है कि कम से कम 2023 तक अंतरराष्ट्रीय हमले करने में सक्षम नहीं होंगे, भले ही उनका इरादा चाहे जो हो अथवा तालिबान उन पर नियंत्रण करने में सक्षम हों या नहीं।' इसलिए यह तर्क उचित नहीं लगता कि तालिबान ने उनको कमजोर कर दिया है। कहा जाता है कि ये समूह अफगानिस्तान में तालिबान गुटों के समर्थन के कारण बने हुए हैं। इससे यह सवाल भी उठता है कि क्या आंशिक समर्थन उनको बड़े पैमाने पर आतंकी हमले करने में सक्षम नहीं बनाता है ताकि वैश्विक स्तर पर शरीया की स्थापना की जा सके? वर्तमान स्थितियों को देखते हुए इसका जवाब 'हां' है। दुनिया को आगामी एक-दो साल में आतंकी हमलों की नई लहर का सामना करना पड़ सकता है।

## आप की बात

### स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

**भारत** माता को गुलामी की जंजीरों से आज़ाद हुए आज 75 वर्ष हो गए हैं। आज भारत अपना 75वां स्वतंत्रता दिवस माना रहा है। अब इस सुनहरे पल के चलते भारत इस तारीख को और खास बनाने में जुटा हुआ है, एक ओर जहां आज़ादी का अमृत महोत्सव के चलते विकास कार्य किए जा रहा है वही दूसरी ओर मुहीम जैसे हर घर तिरंगा के जरिए लोगों को आजादी का महत्व समझाया जा रहा है। आमजन भी इस दिन को और यादगार बनाने की कोशिश कर रहा है जो उसके प्रयासों से झलकता भी है। आज़ादी मिलने तक का सफर भारत के लिए काफ़ी चौनौतीपूर्ण रहा; यह लोग समझें इसलिए सरकार हर तरीके से भारतीय वीरों और वीरांगनाओं के कामों से लोगो को रूबरू करवा रही है। आज हर भारतीय गौरवान्वित महसूस कर रहा है। लेकिन एक सच्चे भारतीय के रूप में अगर हमें उभरना है तो इस दिन को साक्षी मानकर हमें भारत को स्वच्छ और सेहतमंद बनाने की ओर कार्य करने होंगे। अगले 75 वर्षों में विकसित भारत के रूप में उभरने का यही रास्ता है। ख़ैर हर भारतीय के लिए आज खास दिन है; सभी भारतीयों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

– **निखिल रस्तोगी**, बरेली

### स्वागतयोग्य कदम

**पंजाब** सरकार द्वारा एक विधायक एक पेंशन संबंधित विधेयक को मंजूरी प्रदान की हैं जो कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में लिया गया स्वागत योग्य कदम है देश में पंजाब एकमात्र राज्य हो गया है जहां यह महत्वपूर्ण एवं दूरगामी परिणाम वाली व्यवस्था लागू की गई है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने इस पर प्रसन्नता जाहिर की है और कहा की पंजाब की जनता का 80 करोड रुपए बचेगा जिसको जनता के हित में खर्च किया जाएगा। देखा जाए तो किसी राज्य के द्वारा उठाया गया एक ऐतिहासिक, साहसिक एवं अभूतपूर्व कदम है जिसके माध्यम से राजनेताओं को यह संदेश दिया गया है कि राज्य को अनावश्यक खर्चे से बचना होगा । देश के सभी राज्यों में जन प्रतिनिधियों को जितनी बार विधायक और सांसद बनते हैं उसी अनुपात में पेंशन दी जाती है जिस पर केंद्र एवम राज्य सरकार को अरबों रुपए खर्च करना पड़ता ह जिस पर अब विरोध खड़ा हो गया है और संभवत सुप्रीम कोर्ट में भी यह मामला लंबित हैं। देश में ऐसे उदाहरण हैं कि एक विधायक अथवा सांसद पांच रुपया 5 लाख की मासिक पेंशन का हकदार है। वर्तमान आर्थिक चुनौतियों को देखते हुए इस तरह का प्रावधान सभी राज्यों को करना होगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, नई दिल्ली

### जातीयता का दंश

**राजस्थान** में कक्षा 3 के छात्र द्वारा हेडमास्टर की मटकी का पानी पीने पर इतनी बेरहमी से पिटाई की कि दलित छात्र की 23 दिन बाद जान चली गई। ऐसी कई खबरें आए दिन आती रहती है। जो आजादी के 75 वर्ष बाद, अमृत महोत्सव में बदनुमा दाग लगाती है। एक तरफ हम हमारी अनेकता में एकता पर गुमान करते हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी अगड़े पिछड़े, हरिजन, दलित के दलदल से बाहर निकल नहीं पा रहे है। आखिर इस प्रकार के भेदभाव वाले प्रकरण कब तक देश की एकता में पलीता लगाते रहेंगे। होना तो यह चाहिए कि हम सबको मिलकर %जो देश हमें सब कुछ देता है%, उस देश का सामूहिक प्रयास से कंधे से कंधा मिलाकर विकास निर्माण करें । मगर जातिवाद का ऊंचा नीचा भेदभाव अभी भी अमृत काल में विष की तरह भरा हुआ है । अब तो इस प्रकार की भेदभाव व कटुता वाली दूरियां खत्म होनी ही चाहिए । तभी हमारा यह अमृत काल स्वर्ण काल में बदल पाएगा, वर्ना ऐसी घटिया व बीमार मानसिकता अमृत महोत्सव जैसे गौरवान्वित करने वाले क्षणों की सार्थकता पर प्रश्न चिन्ह लगाते रहेंगे!

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**हम** प्रयास कर रहे हैं। हम अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन का सर्वोत्तम प्रयास करेंगे।

– **नीतीश कुमार**
बिहार के मुख्यमंत्री

**मैं** शहबाज गिल के खिलाफ हिंसा की निन्दा करता हूं। किसके आदेश से उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जा रहा है।

– **इमरान खान**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री





**लालू**-नीतीश के नए गठबंधन पर लालू से-'सांप आपके घर में घुस गया है।'

– **गिरिराज सिंह**
भाजपा नेता

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान का स्मरण करना हम सभी का कर्तव्य: योगी

## ● सीएम सहित दोनों उप मुख्यमंत्रियों व मंत्रीमण्डल के सभी सदस्यों ने 76वें स्वतंत्रता दिवस पर दी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह स्वाधीनता दिवस विशिष्ट है। इस स्वतंत्रता दिवस पर हमारा देश अपनी आजादी के 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्र अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की स्वाधीनता के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान का आदरपूर्वक स्मरण करना हम सभी का कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यह कार्य आजादी का अमृत महोत्सव के माध्यम से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव 75 वर्षों की विकास यात्रा के आत्मावलोकन के साथ-साथ आगामी 25 वर्ष के अमृत काल में नये भारत के निर्माण का अवसर है। सीएम ने कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए स्वाधीनता दिवस समारोह-2022 को मनाने की अपील की है।

वहीं इसके अलावा योगी सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री समेत मंत्रीमण्डल के सभी सदस्यों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। इसके साथ ही पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बधाई संदेश में कहा कि देश को आजाद कराने में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। आज का दिन उनके त्याग और बलिदान को स्मरण करने का दिन है। शहीदों ने देश का भविष्य बनाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। आज का दिन उनको नमन करने का दिन है। मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय निषाद ने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। प्रदेश के पशु एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कहा कि यह शुभ दिन देश की आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले तमाम ज्ञात-अज्ञात शहीदों को नमन करने का दिन है। हम सभी को उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा ग्रहण करते हुए राष्ट्र निर्माण में जुट जाना चाहिए। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि देश में आजादी के 75 वर्ष पूरा होने के अवसर पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। यह दिन हम सभी के लिए खास है देश के वीर सपूतों के बलिदान से हम विदेशी ताकतों को देश से बाहर खदेड़ने में सफल हुए। उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा ग्रहण करते हुए हमे राष्ट्र निर्माण में जुट जाना चाहिए ताकि उनके सपने साकार हो सकें। प्रदेश के होमगाड्र्स एवं कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं जीपीओ पार्क हजरतगंज से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। धर्मवीर प्रजापति ने जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए उनके साथ बाइक पर सवार होकर इस मार्च के साक्षी बने। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि देश में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। लोग अपने घरों में तिरंगा लगाकर देश के प्रति अपने प्यार और सम्मान को प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त प्रत्येक भारतीय के लिए खास दिन है, इसी दिन देश को गुलामी से आजादी मिली थी। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह दिन हम सभी के लिए खास है क्योंकि 15 अगस्त को ही देश को एक लम्बी लड़ाई के बाद गुलामी से मुक्ति मिली थी। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री अरूण कुमार सक्सेना ने बधाई संदेश में कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें आत्मचिन्तन करने तथा महान देशभक्तों के सपनों एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने देश की आजादी के लिए बलिदान होने वाले वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि इन देश भक्तों को सदैव याद रखा जाएगा।

### स्वाधीनता दिवस देशवासियों में नई ऊर्जा और नवचेतना का संचार करेगा: आंनदी बेन

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 76वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश तथा देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि 15 अगस्त 2022 को आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के साथ ही देश 76वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आजादी के अमृत महोत्सव के पुनीत अवसर पर स्वाधीनता दिवस का यह पर्व देशवासियों में नई ऊर्जा और नवचेतना का संचार करेगा।

### सौहार्द्र के साथ ही देश की अखण्डता को कायम रखने का संकल्प लेना है: महाना

**लखनऊ।** उप्र विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने आजादी के अमृत महोत्सव व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की है। विधान सभा अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा है कि आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर यह सांस्कृतिक राष्ट्रभाव की विजय स्मृति है। हम इस दिन को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते हैं। इस दिन हम उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद करते हैं जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना प्राणोत्सर्ग कर दिया। राष्ट्र उत्सव के इस अवसर पर हमें आपसी सौहार्द के साथ ही देश की अखण्डता को कायम रखने का संकल्प लेना है।

# बंटवारे की त्रासदी के शिकार लोगों को सीएम ने दी मौन श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** हाथ में तिरंगा, चेहरे पर विभाजन का दंश झेलने वालों के लिए दु:ख और अपने मौन की गूंज से 75 वर्ष पहले हुई विश्व की सबसे बड़ी त्रासदी की याद दिलाने की कोशिश करता पैदल मौन मार्च। यह दृश्य रविवार को राजधानी के विधानभवन से सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा तक देखने को मिला। बंटवारे के दौरान अपनों को खोने के दर्द को महसूस करने और सबको याद दिलाने की कोशिश करते इस मार्च का नेतृत्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे थे। बगल में उनके दोनों डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य तो पीछे मंत्रियों का समूह और उनके साथ विभाजन की त्रासदी झेल चुके परिवारों के सदस्य मौन श्रद्धांजलि देते हुए चल रहे थे।

मार्च आगे बढते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा तक पहुंचा। यहां सीएम योगी ने विभाजन के दंश को दर्शाती प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में विभाजन की त्रासदी से जुड़ी तस्वीरें और उससे संबंधित जानकारियों को जनता के लिये प्रदर्शित किया गया था। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विभाजन की त्रासदी झेल चुके परिवारों के सदस्यों ने सीएम से अपना दर्द भी बांटा। साथ ही बंटवारे के वक्त पाकिस्तान में अपना सर्वस्व छोड़कर यहां आये परिवारों ने उन वस्तुओं को भी सीएम को दिखाया, जिन्हें वो अपने साथ लेकर आये थे। किसी के पास अपनी मां की याद से जुड़े सामान थे तो कोई पाकिस्तान से लेकर आये 1926 के बने बर्तनों को दिखा रहा था। भावुक कर देने वाली ये प्रदर्शनी सन् 1947 में हुई बर्बरता की याद तो दिला ही रही थीए साथ ही भारी कष्ट झेलकर पाकिस्तान से भारत आये शरणार्थी से पुरुषार्थी बने परिवारों के संघर्षों से भरी कहानी को भी बयां कर रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पहुंचे और राष्ट्रपिता को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# मायावती ने की राजस्थान सरकार को बर्खास्त करने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजस्थान के** जालौर जिले के सुराणा में निजी स्कूल के एक शिक्षक की पिटाई से दलित छात्र की मौत पर राजनीति शुरू हो गयी है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस घटना पर नाराजगी जताई है और राजस्थान सरकार की आलोचना करते हुए उसे बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। रविवार को मायावती ने अपने ट्वीट में लिखा कि राजस्थान के जालौर जिले के सुराणा में प्राइवेट स्कूल के 9 साल के दलित छात्र द्वारा प्यास लगने पर मटके से पानी पीने पर सवर्ण जाति के जातिवादी सोच के शिक्षक ने उसे इतनी बेरहमी से पीटा कि कल उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना की जितनी निन्दा व भर्त्सना की जाए वह कम है। उन्होंने आगे लिखा कि राजस्थान में आए दिन ऐसी जातिवादी दर्दनाक घटनाएं होती रहती हैं। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस की सरकार वहां खासकर दलितों, आदिवासियों व उपेक्षितों आदि के जान व इज्जत.आबरू की सुरक्षा करने में नाकाम है। अत: इस सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाये तो बेहतर होगा। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के एक निजी स्कूल में एक अध्यापक ने दलित बच्चे नौ वर्षीय इंद्र कुमार मेघवाल को पानी पीने के बर्तन को छूने के कारण कथित तौर पर पीटा था, जिससे बच्चे की मौत हो गई।

आरोपी शिक्षक छैल सिंह (40) को गिरफ्तार कर लिया गया है और उस पर हत्या और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जालौर के सायला थाना क्षेत्र के सुराणा गांव के निजी स्कूल के छात्र इंद्र मेघवाल की 20 जुलाई को अध्यापक ने पिटाई की थी। उसकी शनिवार को अहमदाबाद के एक अस्पताल में मौत हो गई।

# नगर विकास मंत्री ने रिहर्सल का किया निरीक्षण, बच्चों का बढ़ाया उत्साह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर विकास** एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को सुबह अटल चौक हजरतगंज में 15 अगस्त को होने वाले राष्ट्रगान और इस दौरान निकलने वाली प्रभात फेरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर लौह पुरुष राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर फूल माला चढ़ाकर नमन किया और राष्ट्रीय ध्वज लगाया। इस दौरान एके शर्मा ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज पूरा देश तिरंगा मय हो चुका है। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त अभय पांडे, अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह मौजूद रहे।




राष्ट्रभक्ति की यह लहर सभी गांव, कस्बों, शहरों, सभी संस्थानों, सभी समाजो व वर्गों में दौड़ रही है। उन्होंने आज हजारों की संख्या में कई मदरसों विद्यालयों के बच्चों द्वारा तिरंगा झंडा लेकर 15 अगस्त को निकलने वाली प्रभात फेरी के लिए हो रहे रिहर्सल में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# स्वतंत्रता दिवस पर एडीजी व आईजी समेत 2688 पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वतंत्रता दिवस** के मौके पर सोमवार को एडीजी, आईजी, डीआईजी व एसपी समेत 2658 पुलिसकर्मियों को विभिन्न पुरस्कार देने की घोषणा की है। इनमें डीजीपी का प्लेटिनम, गोल्ड व सिल्वर प्रशंसा चिह्न प्राप्त करने वाले 251 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इसके साथ ही पहली बार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभाग के खिलाड़ियों को डीजीपी का प्रशंसा चिह्न सिल्वर दिया गया है। इसमें पुलिस के 24 खिलाड़ी शामिल हैं।

आपरेशनल-शौर्य के आधार पर डीजीपी प्रशंसा चिह्न प्लेटिनम के लिए मेरठ जोन के एडीजी राजीव सभरवाल, एडीजी कार्मिक राजा श्रीवास्तव, एडीजी पीएसी मुख्यालय लखनऊ डॉ केएस प्रताप कुमार, आईजी पीएसी पश्चिमी जोन मुरादाबाद अमित चंद्रा, आईजी लखनऊ रेंज लक्ष्मी सिंह और डीआईजी देवीपाटन रेंज उपेन्द्र अग्रवाल, एसपी सीतापुर घुले सुशील चंद्रभान और एसपी बाराबंकी अनुराग वत्स समेत 12 पुलिसकर्मी शामिल हैं। शौर्य के लिए डीजीपी प्रशंसा चिह्न गोल्ड पाने वालों में एडीजी साइबर क्राइम सुभाष चंद्रा, एडीजी पुलिस आवास निगम प्रकाश डीए एडीजी जोन बरेली राज कुमार, आईजी-सचिव गृह तरुण गाबा, डीआईजी पीएसी मध्य जोन अर्पणा कुमार, डीआईजी मुरादाबाद रेंज शलभ माथुर व डीआईजी तकनीकी सेवाएं लखनऊ प्रतिभा अंबेडकर समेत 22 पुलिसकर्मी शामिल हैं। इसी तरह शार्य के लिए डीजीपी प्रशंसा चिह्न सिल्वर पाने वालों में आईजी कानपुर रेंज प्रशांत कुमार द्वितीय, आईजी आगरा रेंज नचिकेता झा और अपर पुलिस आयुक्त कानपुर कमिश्नरेट आनंद प्रकाश तिवारी समेत 216 पुलिसकर्मी शामिल हैं। इसके अलावा एसटीएफ के सब इंस्पेक्टर अंगद सिंह यादव को शौर्य के आधार पर डीजीपी का उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिह्न दिया जाएगा। साथ ही 19 पुलिसकर्मियों को शौर्य के आधार पर डीजीपी का सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न दिया जाएगा। इसके अलावा 40 पुलिसकर्मियों को सेवा अभिलेख के आधार पर डीजीपी का उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिह्नए 50 पुलिसकर्मियों को सेवा अभिलेख के आधार पर डीजीपी का प्रशंसा चिह्न तथा 180 को सेवा अभिलेख के आधार पर डीजीपी का सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न दिया जाएगा।

### आईजी भगवान स्वरूप समेत 2133 को केंद्रीय गृह मंत्रालय का पदक

**आईजी इंटेलीजेंस** भगवान स्वरूप समेत 2123 पुलिसकर्मियों को सेवा अभिलेख के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय का उत्कृष्ट सेवा पदक और अति उत्कृष्ट सेवा पदक दिया जाएगा। सेवा अभिलेख के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय का उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वालों में आईजी भगवान स्वरूप के अलावा लखनऊ कमिश्नरेट के आईजी पीयूष मोर्डिया, पुलिस भर्ती बोर्ड की आईजी पद्मजा चौहान व आईजी डीजीपी मुख्यालय डॉ संजीव गुप्ता समेत 972 पुलिसकर्मी शामिल हैं। इसी तरह सेवा अभिलेख के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय का अति उत्कृष्ट पदक प्राप्त करने वालों में डीजी मानवाधिकार संदीप सालुंके, एडीजी जोन लखनऊ बृज भूषण व आईजी प्रयागराज रेंज डॉ राकेश सिंह समेत 1151 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

# सपा मुखिया ने स्वतंत्रता दिवस पर दी बधाई



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि भारत को आजादी महात्मा गांधी के नेतृत्व में अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान के फलस्वरूप मिली है। इस आजादी की सुरक्षा में देशवासियों को आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना होगा। श्री यादव ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त करने और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को जीवित रखने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से समाजवादीए धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक भारत के निर्माण में योगदान की अपील की है। अखिलेश यादव ने कहा है कि हम सब समाजवादी 9 से 15 अगस्त 2022 तक घर-घर तिरंगा अभियान में भागीदारी कर रहे है। राष्ट्रीय ध्वज हमारे गौरव का प्रतीक है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला के जरिए 4895 लोगों को मिला लाभ

## ● सभी पीएचसी पर आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जनपद के** सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू, एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज नि:शुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें।



आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जनआरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4346 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1665 पुरुष, 1993 महिलायें और 688 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 36 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 101 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए।

# हम सबको विभाजन से हुई त्रासदी से सबक लेना है: मुकेश शर्मा

**लखनऊ।** आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर विभाजन विभीषिका दिवस रविवार 14 अगस्त को राज्य संग्रहालय द्वारा विभाजन विभीषिका को दर्शाने वाली संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तैयार की गयी प्रदर्शनी लगायी गयी। प्रदर्शनी का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने किया। प्रदर्शनी में विभाजन से हुई त्रासदी को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी के अवलोकन के उपरान्त मुख्य अतिथि एमएलसी श्री शर्मा ने कहा कि प्रदर्शनी का प्रत्येक चित्र विभाजन से हुई विभीषिका को दर्शाता है। हम सबको विभाजन से हुई त्रासदी से सबक लेते हुए यह संकल्प लेना है कि हमारा देश अखंड रहे तथा भविष्य में ऐसी त्रासदी की पुनरावृत्ति न हो। मुख्य अतिथि ने उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को तिरंगा वितरित कर हर घर पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया। प्रदर्शनी के पश्चात मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा ने संग्रहालय परिसर में निर्मित स्वतंत्रता आन्दोलन पर आधारित झांकी का भी अवलोकन किया। निदेशक डॉ. आनन्द कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि श्री शर्मा का स्वागत कर आभार ज्ञापित किया।

# आप ने देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का लिया संकल्प: अनूप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आम आदमी** पार्टी (आप) ने रविवार को पार्टी कार्यालय से समतामूलक चौराहे तक तिरंगा संकल्प यात्रा निकाली। यात्रा का नेतृत्व आप पार्टी के नेता एवं सांसद संजय सिंह ने किया। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी अनूप पांडे ने बताया कि आम आदमी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने, रोज़गार को बढ़ाने, किसानों को उनकी फसल का दो गुना दाम दिलाने और माताओं बहनों की सुरक्षा दिलाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि कहा की आज़ादी के 75 वर्ष बाद पूर्व की सरकारें और विशेषकर भाजपा ने देश की जो हालत कर दी है वो अत्यंत दुखद और शर्मनाक है। उन्होंने देश में अब न तो रोजगार है और न ही सरकार इस दिशा में कोई कारगर कदम उठा रही है। इसी का परिणाम है कि देश में बेरोजगारी काफी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा आप पार्टी ने संकल्प लिया है कि वो देश की जनता की हर समस्याओं को दूर करने के लिए संघर्ष करेगी। साथ ही महात्मा गांधी, अम्बेडकर, शहीद भगत सिंह,



चंद्रशेखर आजद के मार्ग पर चलते हुए देश की समृद्धि के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने तिरंगा संकल्प यात्रा निकाल कर गरीबों की आवाज केन्द्र व प्रदेश की सरकार तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का जनहित के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। आम आदमी पार्टी की यह तिरंगा संकल्प यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई गोमतीनगर स्थित समतामूलक चौराहे पर समाप्त हुई। इस यात्रा में आम आदमी पार्टी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी शमिल हुए।

# बीजेपी ने विभाजन विभीषिका दिवस पर निकाला मौन जुलूस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी लखनऊ** महानगर ईकाई की ओर से रविवार को शहर के विभिन्न इलाकों में विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन जुलूस निकाला। इस दौरान देश बटवारे की दुखद घटना के बारे में लोगों को बताया गया।

लखनऊ के सभी मंडलों में विभाजनविभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। आयोजन का मकसद युवाओं को बंटवारे से जुड़े उस इतिहास को बताना है जिसने देश के दो टुकड़े कर दिए। इस अवसर पर लखनऊ महानगर के सभी मंडलों में मौन जुलूस निकाला गया। चौक चौराहा, पुरनिया सीतापुर रोड, डालीगंज क्रॉसिंग, किरण गैस सर्विस पूरनिया, जानकीपुरम चौराहा, बुद्धेश्वर चौराहा, बालागंज, राम प्रसाद बिस्मिल पार्क राजाजीपुरम, संदोहन मंदिर चौपटिया, सुजानपुरा, पराग चौराहा दीनदयाल स्मृतिका, तोपखाना बाजार, पेपर मिल कॉलोनी, जगरानी हॉस्पिटल, मानसरोवर बैंक इंदिरा नगर, अरविंदो पार्क, मंत्री आवास गोमती नगर, अमौसी मेट्रो स्टेशन, बंगला बाजार, नीलमथा चौराहा में मौन पदयात्रा निकाली गई।

लोगों ने विभाजन के समय आम जनता द्वारा झेली गई परेशानी, पलायन के समय भुखमरी और बीमारी जैसी समस्याएंए महिलाओं के साथ हुए अमानवीय अत्याचार से जुड़ी दिक्कतों के लिखित प्लेकार्ड हाथ में लेकर शांति पूर्वक पंक्ति बंद होकर यात्रा निकाली।

# स्वतंत्रता सेनानियों के कड़े संघर्षों और बलिदानों का प्रतिफल है आजादी

## ● स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान, सराहनीय कार्य : राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल आनंदीबेन** पटेल ने रविवार को राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष से जनपद आगरा में माथुर वैश्य महासभा द्वारा आयोजित स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के सम्मान समारोह को सम्बोधित किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया जाना एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कल हम अपनी आजादी के 75 वर्षों का समारोह मनाएंगे। भारत की आजादी स्वतंत्रता सेनानियों के कड़े संघर्षों और बलिदानों का प्रतिफल है। यह हमारा दायित्व है कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों से प्रेरणा लें, उनके आदर्शों को आत्मसात करें।

राज्यपाल ने वैश्य समाज के




योगदानों की सराहना करते हुए कहा कि वैश्य समाज एक सक्षम समाज है। इस समाज को आगे आकर बेटियों और महिलाओं के उत्थान में सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा समाज में अभी भी दहेज प्रथा और बाल विवाह की कुरीतियां व्याप्त हैं। वैश्य समाज को सामाजिक रूढ़ियों से उत्पीड़ित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा वैश्य सबल और सम्पन्न समाज वर्ग है, इसलिए समाज की वे महिलाएं जो आर्थिक विपन्नता के कारण अपने परिवार को सम्बल देने के लिए स्वयं आत्मनिर्भर होने का प्रयास कर रही हैं, उन्हें सहायता प्रदान करें और अपने विभिन्न अभियानों से जोड़कर उन्हे सक्षम बनाएं। कार्यक्रम में लघु उद्योगों से जुड़े व्यवसायियों की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालयों से भी सहयोग ले सकते हैं। वे अपनी उद्योग.जनित आवश्यकताओं पर कुलपतियों से चर्चा करके आवश्यक तकनीकी सहायता के कार्य करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुलपतियों को यह निर्देश है कि वे अपने छात्रों को लघु उद्योगों के प्रशिक्षण कार्यों से जोड़ें, लघु व्यवसायियों की आवश्यकता अनुसार प्रोजेक्ट कार्य करवाएं। समारोह में राज्यपाल जी ने रक्षा बंधन की बधाई भी दी, साथ ही उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को 15 अगस्त के शुभ अवसर पर स्वतंत्रता दिवस की विशेष रूप से बधाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने माथुर वैश्य समाज के 38 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से संबंधित स्वतंत्रता सेनानी संक्षिप्त परिचय पुस्तिका का विमोचन भी किया।

# महिला पुलिस कर्मियों ने तिरंगा यात्रा निकालकर नारी शक्ति का दिया संदेश

संवाददाता। सीतापुर

**आजादी के** अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर सीतापुर की सड़कों पर महिला पुलिस कर्मियों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर नारी शक्ति का संदेश दिया। पुलिस लाइन से महिला पुलिस कर्मियों की तिरंगा यात्रा लालबाग चौराहा, आंख अस्पताल, तरणताल से जीआईसी होते हुए वापस पुलिस लाइन में आकर समाप्त हो गई। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह, सीओ सिटी पियूष कुमार सिंह, सीओ लाइन एसके दुबे, टीआई फरीद अहमद और महिला थाना प्रभारी पूजा यादव कर रही थी। देश भक्ति के गीतों के साथ हांथों में तिरंगा लेकर पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी सड़कों पर कदम ताल कर रहे थे, तो पीछे-पीछे तिरंगा लेकर चल रहीं महिला पुलिस कर्मी भी संदेश दे रही थी कि वह किसी से कम नहीं। इस तिरंगा यात्रा के दौरान मां तुझे सलाम और सारे जहां से अच्छा गीत बज रहा था। इससे पहले पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने यूपी 112 वाहनों तिरंगा मार्च पास्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यूपी 112 वाहनों का तिरंगा मार्च पास्ट पुलिस से प्रारंभ होकर खैराबाद टोल प्लाजा पहुंचकर टोल प्लाजा के कर्मियों के साथ संयुक्त रूप से टोल प्लाजा के कार्यालय पर राष्ट्रध्वज फहराया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरीय डा. राजीव दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नरेन्द्र प्रताप सिंह, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन सुजीत दुबे, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु शोभित, प्रतिसार निरीक्षक राज कुमार, 112 के प्रभारी राकेश सिंह व अन्य कर्मी मौजूद रहे। इससे पूर्व आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 99 सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने पुलिस लाइन में अंगवस्त्र व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद पुलिस लाइन में ही उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले जनपद के 75 उपनिरीक्षक, महिला उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, महिला मुख्य आरक्षी, आरक्षी, महिला आरक्षियों को पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान द्वारा प्रशंसा पत्र एवं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया।

### लालबाग पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़े लोग....

# मौन जुलूस निकालकर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता। सीतापुर

- कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा
- भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पूर्व विधायक महेन्द्र यादव भी हुए शामिल

डीएम अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने भी दी श्रद्धांजलि

**देश को** आजादी दिलाने के लिए शहीद हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में सीतापुर में स्कूली बच्चों ने मौन जुलूस निकालकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर जीआईसी से बड़े पैमान पर स्कूली बच्चें मौन जुलूस की तिरंगा यात्रा निकालकर लालबाग पार्क पहुंचे, जिनकी अगुवाई कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही कर रहे थे, लालबाग पार्क में शहीद स्तंभ पर राज्यमंत्री सुरेश राही, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पूर्व विधायक महेन्द्र यादव ने श्रद्धांजलि दी, साथ में जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक चन्द्रभान और जिले के अन्य अधिकारियों ने भी शहीदों की याद में शहीद स्तंभ मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में सीएमओ डा. मधु गेरौला, एडीएम रामभरत तिवारी, सिटी मजिस्टेªट अमृता सिंह, बीएसए अजीत कुमार, डीपीआरओ मनोज कुमार, पीडी ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, ईओ वैभव त्रिपाठी आदि शामिल रहे। सीतापुर के लालबाग पार्क का भी अपना इतिहास है 18 अगस्त 1942 को अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंकने पर अंग्रेज जिलाधिकारी ने देश प्रेमी आंदोलनकारियों पर गोलियां चला दी थी, जिसमें 6 लोग शहीद हो गए थे, उन्हीं शहीदों के स्तंभ पर जाकर लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## क्विक न्यूज

### इफको नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का निरीक्षण करने पहुंचे प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी



**बरेली।** इफको नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का निरीक्षण करने पहुंचे प्रबंध निदेशक महोदय डॉ उदय शंकर अवस्थी जी ने आंवला इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक श्री राकेश पुरी जी से कार्य प्रगति का जायजा लिया किसान भाइयों को नैनो यूरिया उपलब्ध कराने के लिए आंवला इकाई पर संयंत्र निर्माणाधीन है जल्द ही नैनो की तरल यूरिया बोतल का उत्पादन इफको आंवला से शुरू हो जाएगा पूर्णतया अत्याधुनिक संयंत्र को बनाने के लिए दिन रात इंजीनियरों की विशेष टीम कार्य कर रही है नैनो संयंत्र के भ्रमण के दौरान प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी जी ने कार्य में जुटे इंजीनियरों के दल और कर्मियों से निर्माणाधीन संयंत्र प्रगति पर विस्तार से चर्चा की । प्रबंध निदेशक महोदय ने निरीक्षण के दौरान इस बात पर ज्यादा बल दिया कि किसानों को उन्नत पैदावार से फसल ज्यादा मुनाफा दे इसके लिए महत्वकांक्षी परियोजना नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र उत्पादन के लिए जल्द से जल्द तैयार हो।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत गल्ला मण्डी में निकाली गयी रैली

**सीतापुर।** गल्ला मण्डी सीतापुर में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कृषि उत्पादन मण्डी समिति सीतापुर के तत्वावधान में हर घर तिरंगा के तहत मण्डी सचिव डी.पी. सिंह की अगुवाई में गल्ला मण्डी सीतापुर के सभी व्यापारी/मिलर्स/ श्रमिक एवं किसान भाइयों ने एक भव्य विशाल जागरूकता रैली गल्ला मण्डी मेन गेट से पुरानी गल्ला मण्डी/नई गल्ला मण्डी एवं सब्जी मंडी में निकाली गई। मण्डी सचिव डी.पी. सिंह, मण्डी निरीक्षक विवेक शुक्ला, मण्डी निरीक्षक संजय कुमार, राम सहाय पाल, सीतापुर कच्चा आढ़ती एवं ट्रेडर्स एसोसिएशन के महामंत्री विनय गुप्ता, विजय बंसल, मुन्ना गुप्ता (लम्बू), राधेश्याम गुप्ता, मनीष राठौर, संदीप भरतिया, तेजनारायन भरतिया, विमल गुप्ता, दीपू गुप्ता, रामनाथ गुप्ता, रजनीश गुप्ता, मोहित मिश्रा, मुरारी जी,रामकुमार जायसवाल, गौरव जायसवाल, पंकज गुप्ता, सौरभ जायसवाल, रामकिशोर, सुहास शाह, नरेन्द्र बंसल (पप्पू), उत्कर्ष गुप्ता, कपिल गुप्ता, सचिन गुप्ता, सुजीत गुप्ता, मोहसिन, सईद, लालजी राठौर, मुन्ना लाल राठौर, रामनाथ गुप्ता, मुस्कान, फूल सिंह आदि ने रैली में भाग लिया।

### क्रास कंट्री रेस का आयोजन

**सीतापुर।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को जिला खेल कार्यालय सीतापुर की ओर से दो वर्गो में क्रास कंट्री रेस का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में लगभग 170 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पुरुष ओपेन वर्ग में अभिषेक प्रथम, अतुल द्वितीय तथा संदीप कुमार तृतीय स्थान पर रहे। नमन मिश्रा, श्रेष्ठ मिश्रा व फजल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी तरह महिला ओपेन वर्ग में कोमल राजपूत प्रथम, रुचि द्वितीय व अंजली तृतीय स्थान पर रहीं। शालू, अनुष्का व दिव्या को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### बेघरों को सौंपे स्वामित्व प्रमाण पत्र



**संडीला(हरदोई)।** नगर के सैकड़ों बेघर लोगों की आंखों में इस समय खुशी के आंसू छलक उठे, जब उन्हें स्वामित्व प्रमाण पत्र क्षेत्रीय विधायक द्वारा सौंपे गए। नगर पालिका परिषद कार्यालय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में आसरा योजना के अंतर्गत रेलवे केबिन के पीछे बेगमगंज में बेघरों के लिए आवासों का निर्माण डूडा द्वारा किया गया था। इनमें से 96 पात्र लोगों को नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में जिसकी अध्यक्षता अधिशसी अधिकारी रुद्र प्रताप सिंह ने की। इसमें क्षेत्रीय विधायक अलका अर्कवंशी ने बेघरों को स्वामित्व के प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर श्रीमती अर्कवंशी ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकारें लगातार कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से भेदभाव रहित होकर गरीबों के कल्याणमें लगी हैं। इस अवसर पर एसडीएम देवेन्द्र पाल सिंह भी मौजूद रहे और उन्होंनें सभी लाभार्थियों को बधाई दी।

# अभ्युदय योजना की क्लास में डीएम ने बताए सफलता के मंत्र

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

75वें स्वतंत्रता दिवस सप्ताह पर आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव पर रविवार को कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत विशेष प्रेरक कक्षा का आयोजन हुआ, जिसमें खीरी के डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने रविवार को एक टीचर के रूप में नजर आए। वह मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को पढ़ाते दिखे।

डीएम ने सिविल सर्विस में आने वाले निबंध व जनरल स्टडी के पेपर की तैयारी के टिप्स दिए। रविवार को करीब दो घंटे तक डीएम ने क्लास ली। उन्होने सिविल सर्विसेज में सफ्लता के मंत्र दिए। संवाद भी कायम किया और प्रतिभागियों की जिज्ञासाएं दूर की। उन्होंने यूपीएससी में सफ्लता के तैयारी करने के बारे में तो बताया ही, साथ ही यह भी बताया कि विषयों का चयन कैसे करें। नोट्स तैयार के साथ ही पत्र-पत्रिकाओं के पढ़ने से जानकारी करने के बारे में बताया। कहा कि नए युग में अब स्मार्ट फोन पर काफी कुछ मिल जा रहा है, तैयारी काफी आसान हो सकती है। पूरी क्लास में शिक्षक की तरह डीएम नजर आए और प्रतिभागियों से पढ़ाने के दौरान जुड़ते चले गए। डीएम ने निबंध, सामान्य अध्ययन ए उत्तर लेखन में समय प्रबंधन जैसे विषयों पर टिप्स दिए। उन्होंने अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सिविल सेवा परीक्षा की अच्छी तैयारी के लिए प्रत्येक माह लक्ष्य बना का तैयारी करें और प्रत्येक विषय को समान समय निर्धारित करते हुए टाइम टेबिल से पढ़ाई करें। जो विशेष कमजोर लग रहे हो। उस पर विशेष ध्यान देते हुए तैयारी करें। डीएम ने कहा कि रटना नहीं बल्कि पढ़ना व समझना महत्वपूर्ण है। विषय वस्तु को लिंककर आपस में जोड़कर नोट्स बनाएं। शिक्षा सरलता से अच्छी से अच्छी बुलंदी दिला सकती है। एनसीईआरटी की बुक्स पढ़कर विषय वस्तु की समझ को विकसित करें। ष्एक सीट मेरी हैष् लक्ष्य बनाकर ईमानदारी से उसे हासिल करने में जुट जाएं। सभी में प्रतिभा है बशर्ते मेहनत से उसे निखरना होगा। खीरी की लाइब्रेरी को बेहतर बनाया जा रहा है। कॉन्फिडेंस को कतई लूज़ ना करें। जीवन में सीखने की अपार संभावनाएं हैं। डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखर ने अभ्युदय क्लासेस में प्रवेश की प्रक्रिया समझाई। कोई भी बच्चा उनसे या डाइट में संचालित अभ्युदय कक्षाओं में जाकर अपना पंजीकरण करा सकता है। जिले में संचालित सभी स्कूलों से मेधावी एवं प्रतिभावान बच्चों के नाम भी मांगे हैंए जो तैयारी करना चाह रहे हैं। सभी अभिभावक बच्चे का पंजीकरण कराएं। विशेष प्रेरक कक्षा में सीडीओ अनिल कुमार सिंहए अभ्युदय योजना के नोडल जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर सहित बड़ी संख्या में सिविल सर्विसेज की तैयारी कर बालक एवं बालिकाओं अपने अभिभावक के साथ मौजूद रहे।

# इफको फूलपुर-भारतीय कृषि में बदलाव

**इंडियन** फार्म फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड, जिसे इफको के नाम से जाना जाता है, न केवल भारत में बल्कि दुनिया में उर्वरक उद्योग में अग्रणी है। इसकी स्थापना 3 नवंबर, 1967 को हुई थी। इफको पूरे देश में पांच मेगा उर्वरक परिसरों का संचालन कर रहा है। इफको भारत से लगभग 32% फॉस्फोरिक और 21% नाइट्रोजन उर्वरकों की मांग में योगदान दे रहा है। आज इफको एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है जिसकी वैश्विक उपस्थिति सेनेगल, ओमान, दुबई और जॉर्डन में है। अपने मुख्य उर्वरक व्यवसाय के अलावा इफको ने सामान्य बीमा, ग्रामीण मोबाइल टेलीफोनी, ग्रामीण ई-कॉमर्स, एसईजेड, कमोडिटी ट्रेडिंग, एग्रोकेमिकल्स और कृषि इनपुट ग्रामीण खुदरा, आदि में विविधता लाई है। इसने किसानों को अपने कृषि उत्पादन में वृद्धि करने और इष्टतम लाभ प्राप्त करने में एक महान भूमिका निभाई है। इफको ने अपने उत्पादों को अपने ई-कॉमर्स उद्यम ई-बाजार के माध्यम से किसानों के दरवाजे पर उपलब्ध कराया है और इस प्रकार डिजिटल क्षेत्र में जगह बनाई है। हम इफको संगठन में सहकारी समितियों और किसानों की सेवा करने की दिशा में काम करते हैं और किसान की आय को दोगुना करने के लिए हमारे माननीय प्रधान मंत्री द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करते हैं। इफको प्रधानमंत्री के सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण के लिए भी प्रतिबद्ध है और देश भर में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए समर्पित है। आजादी के अमृत महोत्सव के 75 वें वर्ष में इफको ने इस वर्ष माननीय प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में सार्थक व मजबूत कदम बढ़ाये है जिसमें इफको ने हाल ही में नैनी प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद हमारे दूरदर्शी प्रबंध निदेशक डॉ यू.एस. अवस्थी के नेतृत्व में संभव हुआ है जो मिट्टी के पोषक तत्वों के आशाजनक विकल्प के रूप में उभरे हैं। नैनो उर्वरक उच्च पोषक तत्व दक्षता के साथ पर्यावरण के अनुकूल है और उनका उपयोग भूमिगत जल की गुणवत्ता पर एक बड़ा सकारात्मक प्रभाव देगा और ग्लोबल वार्मिंग में महत्वपूर्ण कमी को बढ़ावा देगा। इससे भारत को उर्वरकों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद मिलेगी। नैनो यूरिया का वाणिज्यिक उत्पादन कलोल इकाई में शुरू हो चुका है, अब तक 4.0 करोड़ 500 मिलीलीटर बोतल (18.0 लाख मीट्रिक टन यूरिया के बराबर) का उत्पादन किया गया है और इसी तरह के संयंत्रों को फूलपुर सहित पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर स्थापित करने का प्रस्ताव दिया गया है, और पौधों पर नैनो यूरिया के घोल के अनुप्रयोग के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए स्प्रे सहित किसानों को नियमित छिड़काव प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 में फूलपुर इकाई ने लगभग 14.78 लाख मीट्रिक टन उत्पादन किया है। 1981 में अपनी स्थापना के बाद से, इफको की फूलपुर इकाई ने 472 लाख मीट्रिक टन से अधिक यूरिया उर्वरक का उत्पादन किया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में वार्षिक अनुरक्षण कार्य सफलतापूर्वक किया गया है और आशा है कि इस वर्ष हम नए मील के पत्थर हासिल करने में सक्षम होंगे।

# जिले भर में शान से निकाली गई तिरंगा यात्रा

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

शहर के युवा कुंवर विकेंस के आवाहन पर भव्य तिरंगा रैली राजापुर मंडी गेट से निकाली गई। सदर विधायक योगेश वर्मा व प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना राज्य सलाहकार समिति के सदस्य रवि शंकर हवलेकर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के आगे चल रहे साउंड पर देशभक्ति के गाने बजाकर युवाओं का जोश दोगुना किया जा रहा था। जगह.जगह युवा रैली में शामिल होने के लिए बाइक पर तिरंगा झंडा लगाकर शामिल होते रहे। सुबह 10:30 बजे सदर विधायक योगेश वर्मा व प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना राज्य सलाहकार समिति के सदस्य रवि शंकर हवलेकर ने कुंवर विकेंस की अगुवाई में भारी संख्या में मौजूद बाइक कों हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत माता की जय और वंदे मातरम की सदाएं गुंजायमान करती यात्रा सौजन्या चौरहा पहुंची। यहां यात्रा का स्वागत हुआ और पहले से मौजूद सैकड़ों युवा रैली में शामिल हुए। यहां से यात्रा गुरु गोविंद सिंह चौक पहुंची जहां यात्रा में शामिल युवाओं ने देशभक्तों के सम्मान में जयघोष किए। हीरा लाल धर्मशाला पर ओवरब्रिज से तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। इसके बाद यात्रा संकटा देवी चौराहा पर कुंवर विकेन्स की मां प्रमिला, बहन वैशाली, वीना व सरिता ने टीका लगा कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सर्राफा बाजार बाईक रैली पहुंची तो दिनेश कुमार गुप्ता ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बड़ा चौराहा, हमदर्द दवाखाना चौराहा पर श्याम किशोर बेचैन, राम बाबू वाल्मीकि ने पुष्प वर्षा की। शाहपुरा कोठी चौराहा व कचेहरी रोड होते हुए अम्बेडकर पार्क पहुंची तो सारा शमां जय भीम के नारों से गूंज उठा। अम्बेडकर पार्क में रविशंकर हवेलकर व कुंवर विकेंस, दिव्यांशु यादव एडवोकेट, युवा साहित्यकार देव कुमार, चंदन लाल, डा. ऋषभ ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्री हवेलकर ने कुंवर विकेंस से इसी तरह युवाओं को देश की प्रगति में सहयोग के लिए नेतृत्व करने की अपील की। साथ ही देश की मजबूती में बाबा साहेब अम्बेडकर के योगदान का जिक्र करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलकर देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने की आवाहन किया। कुंवर विकेंस ने युवाओं को देश के प्रति सर्वस्व न्यौछावर करने की शपथ दिलाई। बाइक रैली में कुंवर आयुष्मान, नमन मिश्रा, अभिषेक, विकास, अनमोल सागर, आनन्द कुमार, तुषार, अंशु, पपिल, अभिषेक, उदय, सचिन, अमन, विशाल, अनूप, भानु, शिवा, हर्षित, सूरज, अंकेश, शौर्य, विशाल व कुलदीप आदि ने विशेष योगदान दिया।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पुष्कर एवं परिषद के जिला मंत्री इं. अजय कुमार पाठक के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में विलोबी मेमोरियल हाल में एकत्रित होकर मोटर साइकिल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली बिलोबी मेमोरियल हाल के प्रांगण से शहपुरा कोठी से इमली चौराहा होते हुए मेला मैदान से संकटा देवी चौराहे से हीरालाल धर्म शाला होते हुए सौजन्या चौराहे से डी सी रोड़ होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव में मोटर साइकिल तिरंगा रैली का समापन किया गया। तिरंगा रैली में परिषद् के घटक संघों के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। संग्रह अमीन संघ के जिलाध्यक्ष बलराम सिंह, अमर सिंह, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कोषाध्यक्ष गया प्रसाद, लोक निर्माण विभाग से इं. डीएबी सिंह, जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद सीतापुर, इं. प्रमोद कुमार, इं. अज़ीज़ खां, इं. वकील अहमद, इं. देवानंद सागर, इं. नैमिष, इं. रोहित चौधरी, विनोद गुप्ता, सिंचाई खंड के जिलाध्यक्ष रहीश पाल सिंह, फरमान अली खां, मंत्री सुरेंद्र कुमार मौर्य, प्राविधिक सहायक कृषि के जिला अध्यक्ष राजकिशोर प्रजापति, मंत्री गोकुल प्रसाद, ग्राम विकास अधिकारी संघ के विजय कुमार शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, विद्युत विभाग के अजय कुमार हंस, राजेश कुमार गौतम, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ से विकास अवस्थी, आशीष सिन्हा, अटेवा संघ के संयोजक विश्वनाथ मौर्या, अमीन संघ के तहसील अध्यक्ष दिलीप वर्मा व सर्वेश त्रिवेदी इत्यादि हज़ारों राज्य कर्मचारी सामिल हुए।

ढखेरवा संवाददाता के अनुसार, आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अजीत सिंह के नेतृत्व में जनपद के पशुधन प्रसार अधिकारियों के द्वारा एक तिरंगा यात्रा का आयोजन पशु चिकित्सालय सदर से हीरा लाल धर्मशाला चौराहा होते हुए विकास भवन तक निकाली गई तथा वापस पशु चिकित्सालय सदर पर समाप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा वेटरनरी फार्मासिस्ट मौजूद रहे। विशेष रुप से इस अवसर पर आरपी ओझा, अशोक श्रीवास्तव सेवानिवृत्त पशुधन प्रसार अधिकारी उपस्थित रहे।

बेहजम संवाददाता के अनुसार, आजादी के अमृत महोत्सव के रंग में देश पूरी तरह रंगा हुआ है।

### 4056 मोतियाबिंद के मरीजों का हुआ आपरेशन

**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता एवं दृष्टि दोष नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अब तक चार हजार से अधिक नेत्र रोगियों के ऑपरेशन किये गये। अभियान में कुछ संस्थाओं ने भी स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बेहतर काम किया है। सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता एवं दृष्टि दोष नियंत्रण कार्यक्रम राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता एवं दृष्टि दोष नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता की देखरेख में संचालित हो रहा है। जिसके जरिए नेत्र रोगियों खासतौर से मोतियाबिंद के मरीजों का इलाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि वैसे तो स्वास्थ्य विभाग स्वयं नेत्र रोग विभाग संचालित कर ऐसे रोगियों का ऑपरेशन व इलाज करता है। जिसके चलते जिले की सभी सीएचसी पर नेत्र परीक्षण की सुविधाएं उपलब्ध हैए लेकिन मोतियाबिंद के रोगियों को और बेहतर सुविधाओं के साथ इलाज कराने के लिए कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है।

### विभाजन विभीषिका पर निकला मौन जुलूस



**मितौली खीरी।** 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर जिला मंत्री भाजपा बृजेश सिंह की अध्यक्षता में दुधवा सती शिव मंदिर से होते हुए ब्लाक सभागार से बड़ागांव तिराहा तक यात्रा का आयोजन कर काला दिवस मनाया गया। जिलामहामंत्री बृजेश सिंह ने विभाजन की त्रासदी को लेकर देश में मची उथल-पुथल में लाखों लोगों को जान गवानी पड़ी थी भारत का विभाजन हुआ था। उसी को लेकर आज मितौली कस्बे में काला दिवस मनाते हुए मौन जुलूस निकालकर हाथ में पट्टिका लेकर मौन जुलूस निकालकर देश के बंटवारे में शहीद हुए लोगों को नमन किया गया कार्यक्रम आयोजक मितौली मंडल के अध्यक्ष सर्वेश सिंह देश विभाजन की त्रासदी को मानवता का सबसे बड़ा कलंक बताया। अवध क्षेत्र के अध्यक्ष व देश विभाजन को लेकर शहीद हुए लोगों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए शोक संवेदना प्रकट की। वहीं कस्ता कस्बे में कार्यक्रम आयोजक भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद वर्मा व कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ल उर्फ रिंकू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख डा. राम राखन पाल, स्वयं प्रकाश अवस्थी, शिव कुमार कटियार, विनोद गुप्त, संदीप सिंह, सुधाकर मिश्र व अखिलेश मिश्र सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता सम्मानित नागरिक पत्रकार मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### देश के...

उदाहरण है और इसका श्रेय नरेन्द्र मोदी सरकार को जाता है और विश्व में चल रही आर्थिक कठिनाई के विपरीत, भारत की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने का श्रेय सरकार तथा नीति-निर्माताओं को जाता है। मुर्मू ने कहा, पिछले कुछ वर्षां के दौरान भौतिक और डिजिटल अवसंरचना के विकास में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। प्रगति के प्रति हमारे देश में दिखाई दे रहे उत्साह का श्रेय कड़ी मेहनत करने वाले हमारे किसान और मजदूर भाई-बहनों को भी जाता है। साथ ही व्यवसाय की सूझबूझ से समृद्धि का सृजन करने वाले हमारे उद्यमियों को भी जाता है। उन्होंने कहा, सबसे अधिक खुशी की बात यह है कि देश का आर्थिक विकास और अधिक समावेशी होता जा रहा है तथा क्षेत्रीय विषमताएं भी कम हो रही हैं। उन्होंने कहा, लेकिन यह तो केवल शुरुआत ही है। दूरगामी परिणामों वाले सुधारों और नीतियों द्वारा इन परिवर्तनों की आधार-भूमि पहले से ही तैयार की जा रही थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य भावी पीढ़ी को औद्योगिक क्रांति के अगले चरण के लिए तैयार करना तथा उन्हें हमारी विरासत के साथ फिर से जोड़ना भी है। मुर्मू ने कहा कि आर्थिक प्रगति से देशवासियों का जीवन और भी सुगम होता जा रहा है और आर्थिक सुधारों के साथ-साथ जन-कल्याण के नए कदम भी उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सहायता से गरीब के पास स्वयं का घर होना अब एक सपना नहीं रह गया है बल्कि सच्चाई का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि इसी तरह जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना पर कार्य चल रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि इन उपायों का और इसी तरह के अन्य प्रयासों का उद्देश्य सभी को, विशेषकर गरीबों को, बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा, इन जीवन-मूल्यों का मुख्य उद्देश्य हमारे वंचित, जरूरतमंद तथा समाज के हाशिए पर रहने वाले लोगों के कल्याण हेतु कार्य करना है। हमारे राष्ट्रीय मूल्यों को, नागरिकों के मूल कर्तव्यों के रूप में, भारत के संविधान में समाहित किया गया है। उन्होंने कहा, देश के प्रत्येक नागरिक से मेरी अपील है कि वे अपने मूल कर्तव्यों के बारे में जानें, उनका पालन करें, जिससे हमारा राष्ट्र नई उंचाइयों को छू सके। राष्ट्रपति ने कहा कि आज देश में स्वास्थ्य, शिक्षा और अर्थव्यवस्था तथा इनके साथ जुड़े अन्य क्षेत्रों में जो अच्छे बदलाव दिखाई दे रहे हैं उनके मूल में सुशासन पर विशेष बल दिए जाने की प्रमुख भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत के नए आत्मविश्वास का स्रोत देश के युवा, किसान और सबसे बढ़कर देश की महिलाएं हैं। उन्होंने कहा, अब देश में स्त्री-पुरुष के आधार पर असमानता कम हो रही है। महिलाएं अनेक रूढ़ियों और बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ रही हैं। सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं में उनकी बढ़ती भागीदारी निर्णायक साबित होगी। आज हमारी पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या चौदह लाख से कहीं अधिक है। राष्ट्रपति ने कहा, हमारे देश की बहुत सी उम्मीदें हमारी बेटियों पर टिकी हुई हैं। समुचित अवसर मिलने पर वे शानदार सफलता हासिल कर सकती हैं। अनेक बेटियों ने हाल में सम्पन्न हुए राष्ट्रमंडल खेलों में देश का गौरव बढ़ाया है। हमारे खिलाड़ी अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे बहुत से विजेता समाज के वंचित वर्गों में से आते हैं। फाइटर पायलट बनने से लेकर अंतरिक्ष वैज्ञानिक तक, हमारी बेटियां बड़ी ऊंचाइयां छू रही हैं। उन्होंने कहा, जब हम स्वाधीनता दिवस मनाते हैं तो वास्तव में हम अपनी भारतीयता का उत्सव मनाते हैं। हमारा भारत अनेक विविधताओं से भरा देश है। परंतु इस विविधता के साथ ही हम सभी में कुछ न कुछ ऐसा है जो एक समान है।

### बिग बुल...

1986 में टाटा टी के 5,000 शेयर 43 रुपए के भाव पर खरीदे। तीन माह में यह शेयर 143 रुपए पर पहुंच गया। यह उनका पहला बड़ा मुनाफा था। तीन साल में उन्होंने 20 से 25 लाख रुपए की कमाई की। झुनझुनवाला ने जिस समय शेयर बाजारों में निवेश करना शुरू किया उस समय सेंसेक्स 150 अंक पर था। आज सेंसेक्स 59,000 अंक के स्तर पर मौजूद है।

### विभाजन हमारे...

कुछ ही हफ्तों में भारत के विभाजन की अनुमति दे दी गई। वीडियो में विभाजन की कहानी सुनाई गई है तथा इसमें देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की तस्वीरें भी हैं। वीडियो के साथ भाजपा ने ट्वीट किया कि उस समय वे लोग कहां थे जिनके पास विभाजनकारी ताकतों से लड़ने की जिम्मेदारी थी।

### सियासी लाभ...

की याद में 14 अगस्त के दिन विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाएगा। रमेश ने ट्वीट किया, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने के पीछे प्रधानमंत्री की वास्तविक मंशा सबसे दुखद ऐतिहासिक घटनाओं को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने की है। लाखों लोग विस्थापित हुए और जानें गईं। उनके बलिदानों को भुलाया या निरादर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने लिखा, बंटवारे की त्रासदी का दुरुपयोग नफरत और पूर्वाग्रह की भावना को भड़काने के लिए नहीं होना चाहिए। सच यह है कि सावरकर ने द्वि-राष्ट्र का सिद्धांत दिया और जिन्ना ने इसे आगे बढ़ाया। पटेल ने लिखा था कि मुझे लगता है कि अगर विभाजन स्वीकार नहीं किया गया, तो भारत कई टुकड़ों में बंट जाएगा। कांग्रेस नेता ने पूछा, क्या प्रधानमंत्री आज जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भी याद करेंगे, जिन्होंने शरत चंद्र बोस की इच्छा के खिलाफ बंगाल के विभाजन का समर्थन किया था और वह तब स्वतंत्र भारत की पहली कैबिनेट में शामिल हुए थे जब विभाजन के दर्दनाक परिणाम स्पष्ट रूप से सामने आ रहे थे? रमेश ने ट्वीट किया, देश को बांटने के लिए आधुनिक दौर के सावरकर और जिन्ना का प्रयास आज भी जारी है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस गांधी, नेहरू, पटेल और अन्य नेताओं की विरासत को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्र को एकजुट करने का प्रयास जारी रखेगी। नफरत की राजनीति हारेगी।

### रुश्दी का...

एडिनबर्ग में रह रही लेखिका को इससे पहले भी महिला अधिकार के प्रति रुख की वजह से धमकी का सामना करना पड़ा था और उस समय भी पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच की थी।

### महाराष्ट्र में...

वह कपड़ा और संसदीय कार्य विभाग भी देखेंगे। पूर्व में, वह लोकनिर्माण और सहकारिता मंत्री थे। सुधीर मुनगंटीवार को वन, मत्स्य विकास और सांस्कृतिक मामलों के विभाग आवंटित किए गए हैं। साल 2014-19 तक वह वित्त और योजना के साथ-साथ वन मंत्री भी थे। भाजपा के अतुल सावे को सहकारिता और ओबीसी कल्याण विभाग दिया गया है, जबकि रवींद्र चव्हाण को लोकनिर्माण और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग दिया गया है। दोनों विगत में कुछ समय के लिए राज्य मंत्री रहे थे। भाजपा की मुंबई इकाई के पूर्व अध्यक्ष मंगल प्रभात लोढ़ा को पर्यटन विकास, कौशल विकास और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय मिला है। फडणवीस के करीबी गिरीश महाजन को ग्रामीण विकास और पंचायती राज, चिकित्सा शिक्षा और खेल और युवा विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। विजयकुमार गावित को आदिवासी विकास विभाग दिया गया है, जबकि पश्चिमी महाराष्ट्र से भाजपा विधायक सुरेश खाड़े को श्रम विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। शिवसेना के शिंदे के नेतृत्व वाले समूह से दीपक केसरकर स्कूली शिक्षा मंत्री बनाए गए हैं। गुलाबराव पाटिल को जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग दिया गया है, जबकि पूर्व में कृषि मंत्री रहे दादा भुसे अब बंदरगाह और खनन मामलों के मंत्री होंगे। अब्दुल सत्तार को कृषि विभाग दिया गया है। पूर्व में उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री रहे उदय सामंत को उद्योग विभाग दिया गया है। शिंदे खेमे के विवादास्पद नेता संजय राठौड़ खाद्य एवं औषधि विभाग संभालेंगे। राठौड़ पहले उद्धव ठाकरे सरकार में वन मंत्री थे। भाजपा नेताओं द्वारा एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाए जाने का आरोप लगाए जाने के बाद उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा था। तानाजी सावंत को जनस्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, शंभूराज देसाई को आबकारी विभाग और संदीपन भुमरे को रोजगार गारंटी योजना और बागवानी विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

### सियाचिन में...

था। इस टुकड़ी में एक अधिकारी सेकेंड लेफ्टिनेंट पीएस पुंडीर समेत 18 जवान शामिल थे। ये सभी तूफान की चपेट में आ गए। बाद में तलाशी अभियान में 14 के शव मिले और जबकि पांच का कुछ पता नहीं चला था। शेखर का शव एक गश्ती दल को मिला। ये गश्ती दल गर्मी के महीनों में लापता जवानों को खोजने के लिए निकलते हैं। इससे पहले भी गश्ती दल को लापता जवानों के शव मिले हैं। ऑपरेशन मेघदूत के तहत वर्ष 1984 से सियाचिन ग्लेशियर में तैनात सेना के 900 जवान विषम मौसम और बर्फीले तुफान के चलते अपनी जान गंवा चुके हैं।

# विविधता सहेजने के लिए पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा: मोहन भागवत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि विविधता को सहेजने के लिए पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। उन्होंने महाराष्ट्र के नागपुर शहर में भारत एट 2047 : माय विजन माय एक्शन पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक अखंड भारत का निर्माण तभी होगा, जब लोग भयभीत होना छोड़ देंगे। आरएसएस प्रमुख ने कहा, जब विविधता को प्रभावी तरीके से सहेजने की बात की जाती है, तो विश्व भारत की ओर देखता है। दुनिया विरोधाभासों से भरी हुई है लेकिन द्वंद्व से निपटने का हुनर केवल भारत के पास है।

भागवत ने कहा, ऐसी कई ऐतिहासिक घटनाएं हुई हैं, जो हमें कभी नहीं बताई गईं और न ही उपयुक्त तरीके से कभी पढ़ाई गईं। उदाहरण के लिए संस्कृत का व्याकरण जिस स्थान से उपजा, वह भारत में नहीं है। क्या हमने कभी सवाल किया कि ऐसा क्यों है? उन्होंने कहा, यह मुख्य रूप से इसलिए हुआ कि सबसे पहले हम अपना विवेक और ज्ञान भूल गए और बाद में हमारी जमीन पर विदेशी आक्रांताओं ने कब्जा कर लिया जो मुख्यत: उत्तर-पश्चिम क्षेत्र से आए थे। हम अनावश्यक रूप से जाति और ऐसी ही अन्य व्यवस्थाओं को महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि काम के लिए बनाई गई व्यवस्था का इस्तेमाल लोगों तथा समुदायों के बीच मतभेद पैदा करने के लिए किया गया।

संघ प्रमुख ने कहा, हमारी भाषा, वेशभूषा, संस्कृतियों में मामूली अंतर हैं लेकिन हमें एक वृहद तस्वीर देखने तथा इन चीजों पर अटके नहीं रहने की समझ बनानी होगी। आरएसएस प्रमुख ने कहा, देश में सभी भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं, विभिन्न जाति के सभी लोग अपने हैं, हमें ऐसा प्रेम दिखाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब हम अखंड भारत की बात करते हैं तो हमें डरना क्यों चाहिए? भागवत ने कहा, लोग आश्चर्य जताते हैं कि ऐसा कब होगा। ऐसा होगा, जब हम भयभीत होना छोड़ देंगे। हालांकि, हमें ऐसा भारत बनाने और ऐसे भारत का सपना देखने की जरूरत है।

भागवत ने यह जानने की इच्छा पर भी जोर दिया कि भारत क्या है? उन्होंने कहा कि भारत पूरे विश्व को एकता और अहिंसा का मंत्र देता है। साथ ही भारत क्षमा भी कर सकता है और दंड भी दे सकता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि आधुनिक विश्व में जर्मनी शक्तिशाली हुआ तो हिटलर का जन्म हुआ और जब अमेरिका शक्तिशाली हुआ तो हिरोशिमा और नागासाकी पर (परमाणु) हमला हुआ। अब जब चीन थोड़ा शक्तिशाली हो रहा है, हम देख सकते हैं कि दुनिया भर में क्या हो रहा है। लेकिन, जब भारत शक्तिशाली होता है, तो वह दुनिया को बचाने के लिए अपनी शक्तियों का उपयोग करता है। भारत अहिंसा का पुजारी है।

# शाह ने विभाजन पर कहा, भारतीय इतिहास के अमानवीय अध्याय को कभी भुलाया नही जा सकता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को उन लोगों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने विभाजन की कीमत चुकाई। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास के अमानवीय अध्याय को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस युवा पीढी को देशवासियों द्वारा सही गई यातना और पीड़ा की याद दिलाएगा और नागरिकों को हमेशा शांति और सौहार्द्र बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगा। शाह ने कहा, 1947 में हुआ देश का विभाजन भारतीय इतिहास का वो अमानवीय अध्याय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। विभाजन की हिंसा और घृणा ने लाखों लोगों की जान ली व असंख्य लोगों को विस्थापित करवाया।

उन्होंने कहा, आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विभाजन का दंश झेलने वाले लाखों लोगों को नमन करता हूं। गौरतलब है कि पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने विभाजन के दौरान लोगों के संघर्ष और बलिदान को याद करने के लिए हर साल 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की थी।

गृहमंत्री अमित शाह ने रेखांकित किया कि नासमझ घृणा और हिंसा की वजह से लाखों लोग विस्थापित हुए और कई की जान गई। गौरतलब है कि ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से 1947 में आजादी मिलने के वक्त मुस्लिम बहुल इलाकों को अलग कर पाकिस्तान के नाम से नया देश बनाया गया था। इस दौरान हुई हिंसा में बड़े पैमानों पर लोगों की जान गई थी और लाखों लोग विस्थापित हुए थे।



अहमदाबाद में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सजे हुए ऐतिहासिक गेट तिरंगे के रंग में।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**चंडीगढ़।** स्वतंत्रता दिवस से पहले पंजाब पुलिस ने रविवार को दावा किया कि उसने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन को पंजाब पुलिस और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। स्वतंत्रता दिवस से पहले पंजाब और हरियाणा तथा उनकी साझा राजधानी चंडीगढ़ में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की सीमाओं पर वाहनों की जांच की जा रही है और असामाजिक तत्वों के मंसूबे को नाकाम करने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

पंजाब पुलिस ने ट्वीट किया, स्वतंत्रता दिवस से पहले, पंजाब पुलिस ने दिल्ली पुलिस की मदद से बड़े आतंकी खतरे को नाकाम किया और पाक-आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। कनाडा के अर्श डल्ला और ऑस्ट्रेलिया के गुरजंत सिंह से जुड़े मॉड्यूल के चार सदस्य गिरफ्तार। पंजाब पुलिस ने एक अन्य ट्वीट में कहा, तीन हथगोले (पी-86), एक आईईडी, दो पिस्तौल और 40 कारतूस बरामद किए गए। अधिकारियों के अनुसार, उन स्थानों के चारों ओर सुरक्षा का घेरा बनाया गया है, जहां राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों सहित गणमान्य व्यक्ति 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों के आस-पास सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस ने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी जांच की और होटल, गेस्ट हाउस तथा टैक्सी सेवाओं के मालिकों को लोगों पर नजर रखने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की आवाजाही पर सूचित करने के लिए कहा है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सोमवार को लुधियाना में राज्य स्तरीय समारोह में तिरंगा फहराएंगे, वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर पानीपत के समालखा में झंडा फहराएंगे।

# श्रीलंका को भारत की उदारतापूर्ण सहायता सराहनीय है: राष्ट्रमंडल महासचिव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल महासचिव पेट्रीसिया स्कॉटलैंड ने कहा है कि श्रीलंका को उसके अभूतपूर्व आर्थिक संकट से निपटने में मदद करने के लिए भारत की उदारतापूर्ण और बहुआयामी सहायता सराहनीय है। स्कॉटलैंड ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में वैश्विक खाद्य संकट से निपटने में भारत की प्रमुख भूमिका के बारे में भी बात की। राष्ट्रमंडल खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिक समग्र दृष्टिकोण लाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कोविड-19 महामारी से निपटने में बड़ी संख्या में देशों की सहायता करने के लिए भारत की सराहना की और इसे अंतरराष्ट्रीय सेवा और नेतृत्व का उल्लेखनीय कार्य बताया।

राष्ट्रमंडल महासचिव पिछले सप्ताह चार दिवसीय यात्रा पर भारत में थीं और उन्होंने जलवायु परिवर्तन, महामारी के बाद आर्थिक सुधार और व्यापार को बढ़ावा देने के तरीकों जैसे कई क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर अपने भारतीय वार्ताकारों के साथ बातचीत की। स्कॉटलैंड ने कहा, श्रीलंका को उसके अभूतपूर्व आर्थिक संकट से निपटने में मदद करने के लिए भारत की उदारतापूर्वक सहायता सराहनीय है। यह राष्ट्रमंडल की भावना और मूल्यों दोनों का उदाहरण है। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रों का एक परिवार हैं, और परिवार जरूरत के समय में एक दूसरे की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकतांत्रिक तरीकों, संस्थानों और संवैधानिक ढांचे के माध्यम से स्थिरता और आर्थिक सुधार के लिए श्रीलंका के लोगों की मदद करने के वास्ते हाल में भारत की ओर से समर्थन व्यक्त किया था।

भारत ने इस साल श्रीलंका को आर्थिक संकट से निपटने में मदद के लिए 3.8 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की सहायता प्रदान की है। स्कॉटलैंड ने कहा, श्रीलंका जिन अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहा है, उनसे निपटने के लिए उसे अपने नेताओं के समर्पण भाव और दृढ़ता के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समर्थन की आवश्यकता है। वैश्विक खाद्य संकट पर, स्कॉटलैंड ने कहा कि संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और कोविड-19 के आर्थिक प्रभावों जैसे कई कारकों के कारण दुनिया इसका सामना कर रही है। राष्ट्रमंडल महासचिव ने कहा कि कई राष्ट्रमंडल देश खुद को इस संकट के करीब पा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने तीव्र संकट को दूर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आह्वान किया है, जिसमें भारत एक प्रमुख हिस्सा है, जो सबसे ज्यादा मदद चाहने वाले देशों और समुदायों को तत्काल व्यावहारिक और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जून में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक (चोगम) में नेताओं ने एक घोषणा पत्र (चार्टर) की पुष्टि करके खाद्य सुरक्षा के लिए एक नया और अधिक समग्र दृष्टिकोण लाने के समूह के प्रयासों का समर्थन किया था।

# राजू श्रीवास्तव की हालत में कोई सुधार नही, अब भी वेंटीलेटर पर

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय हास्य कलाकार-अभिनेता राजू श्रीवास्तव की स्थिति में कोई सुधार नहीं है और वह अब भी यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में जीवनरक्षक प्रणाली पर हैं। अस्पताल के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। श्रीवास्तव (58) को बुधवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद एम्स में भर्ती किया गया था। उसी दिन उनकी एंजियोप्लास्टी की गई थी। श्रीवास्तव की हालत नाजुक है और वह जीवनरक्षक प्रणाली पर हैं। उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं है। वह अब भी बेहोश हैं। दिल का दौरा पड़ने के बाद उनके मस्तिष्क को क्षति पहुंची है।

शुक्रवार को श्रीवास्तव के परिवार ने उनके इंस्टाग्राम पेज पर एक आधिकारिक बयान जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि उनकी हालत स्थिर है। परिवार ने बयान में कहा था, राजू श्रीवास्तव जी की हालत स्थिर है। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं और अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं। निरंतर प्रेम और समर्थन के लिए सभी शुभचिंतकों को धन्यवाद।

परिजनों ने लोगों से किसी भी अफवाह अथवा गलत खबर पर ध्यान नहीं देने का भी अनुरोध किया था। यहां एक होटल के जिम में व्यायाम के दौरान कॉमेडियन को दिल का दौरा पड़ा था। श्रीवास्तव, 1980 के दशक के अंत से मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे हैं। उन्हें 2005 में स्टैंड-अप कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज के पहले सीजन में भाग लेने के बाद पहचान मिली थी। उन्होंने मैंने प्यार किया , बाजीगर , बॉम्बे टू गोवा (रीमेक) और आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। वह बिग बॉस सीजन तीन के प्रतियोगियों में से एक थे।

# हिंदू कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग समुदाय के प्रेमी जोड़े को रास्ते में रोका

**मेंगलुरु।** दक्षिणपंथी हिंदू कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग समुदायों के प्रेमी युगल को सुब्रमण्या जाने के रास्ते में बीच में रोक दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अलग-अलग समुदायों से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति और उसकी प्रेमिका को दक्षिण कन्नड़ जिले के धर्मस्थल में ठहरने की जगह नहीं मिली थी, जिसके बाद वे सुब्रमण्या जा रहे थे। गडग निवासी रफीक (26) और उसकी 28 वर्षीय प्रेमिका शनिवार को धर्मस्थल गए थे, जहां उन्होंने भगवान मंजूनाथेश्वर के दर्शन किए और वहां ठहरने की जगह तलाशने की कोशिश की। एक लॉज के प्रबंधक ने उन्हें कमरा देने से इनकार कर दिया क्योंकि वे अलग-अलग समुदायों से थे। अन्य होटलों में भी कमरा न मिलने के बाद वे सुब्रमण्या के लिए रवाना हो गए। यह सूचना मिलने के बाद एक हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुत्तूर तालुका में कपिना बागिलु में रोक लिया और उन्हें उप्पतिनांगदी पुलिस को सौंप दिया।



बीकानेर में हर घर तिरंगा अभियान में झण्डा लहराते हुए ब्रह्मकुमारियां।

# डिजनी किड्स मनाएगा स्वतंत्रता दिवस का जश्न

**मुंबई।** इस बार 15 अगस्त पर हंगामा टीवी एक नई सीरीज भैयाजी बलवान् लॉन्चत कर रहा है, जबकि डिज़्नी चैनल गैजट गुरू गणेशका ताज़ा एपिसोड्स लेकर आ रहा है। इस बार के स्वेतंत्रता दिवस पर डिजनी किड्स नेटवर्क प्रासंगिक किरदारों और रोजाना के किस्सोंड पर विशेष ध्यागन के साथ बच्चों और परिवारों का संपूर्ण मनोरंजन करने के लिये तैयार है। भैयाजी बलवान में बच्चे गोमतीपुर नामक आश्चचर्यों से भरी एक जगह पर जाएंगे, जहाँ एक आकर्षक, युवा और होशियार शहरी लड़का भैयाजी रहता है। उसे गाँव के लोग समस्यानएं सुलझाने की उसकी चतुराइ,भरी और सरल क्षमता के कारण प्यार करते हैं। वह अपने ग्रामीण जीवन का पूरा मजा लेता है, लेकिन अपने गाँव की बेहतरी के लिये काम भी करता है। इस सीरीज के कथानक में बहुत सारी मस्ती। गैजट गुरू गणेशमें फैंस दुबई के सफर पर जाएंगे जहाँ गणेश गुरू और उनका पूरा गैंग छुट्टियाँ मना रहा है। अपने साहसी और निडर अवतार में यह गैंग दुबई में मस्तीर से भरे कारनामे करने के लिये ज्याशदा तेजी और चतुराई दिखाएगा। इस सीरीज में लोट.पोट कर देने वाली कॉमेडी से भरे दुबई के रहस्यन भी होंगे और इसे देखने वालों को हँसी की भरपूर खुराक मिलेगी।

# मंडल व कमंडल दोनों अब भाजपा के साथ: सुशील मोदी

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने अगले आम चुनाव में प्रधानमंत्री पद के लिए विपक्षी उम्मीदवार के रूप में जनता दल (यू) सुप्रीमो नीतीश कुमार के उभरने की संभावनाओं को खारिज करते हुए रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने कुमार कहीं नहीं टिकते हैं और इतना ही नहीं, भाजपा के पास अब मंडल और कमंडल दोनों का समर्थन है। राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने कुमार की उम्मीदवारी की संभावना खारिज करते हुए कहा कि इस कतार में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी और तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के मुखिया के. चंद्रशेखर राव जैसे बड़े दावेदार मौजूद हैं। कुमार के साथ कभी अच्छा तालमेल रखने वाले और उनकी सरकार में तीन से अधिक बार उपमुख्यमंत्री की भूमिका निभा चुके सुशील मोदी ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में दावा किया कि जद (यू) प्रमुख का प्रभाव उनके गृह राज्य बिहार में भी घट रहा है।

उन्होंने कहा, राज्यों में उनसे (नीतीश से) अधिक ताकतवर नेता हैं, जैसे टीएमसी नेता और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, टीआरएस सुप्रीमो और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल। मोदी ने कहा, नीतीश प्रधानमंत्री मोदी के आगे कहीं नहीं टिकते। उनके पास बिहार के बाहर कुछ भी नहीं है और राज्य के नेता के रूप में भी उनका प्रभाव कम हो रहा है। उनकी लोकप्रियता और जनाधार दोनों में गिरावट आई है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा को अब समाज के सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त है और यह मंडल-कमंडल युग्मक (बाइनरी) से प्रभावित नहीं है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, आज की भाजपा मंडल और कमंडल दोनों का प्रतिनिधित्व करती है। मंडल और कमंडल दोनों पार्टी के साथ हैं और प्रधानमंत्री मोदी देश में ओबीसी की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। वर्ष 1990 में मंडल आयोग-विरोधी आंदोलन के बाद, मंडल शब्द अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जातियों को शामिल करने वाली राजनीति के लिए गढ़ा गया था, जिसमें कई क्षेत्रीय दलों ने इन समुदायों को अपना प्रमुख समर्थक बताया था।

साधुओं, तपस्वियों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला पानी का बर्तन कमंडल भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति का एक रूपक बन गया, खासकर इसलिए भी कि इसकी तुकबंदी मंडल के साथ अच्छी बैठती है। इस सप्ताह की शुरुआत में, जब कुमार ने सहयोगी भाजपा से नाता तोड़ लिया था और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ विपक्षी खेमे में शामिल हो गए थे, तो राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर काफी चर्चा थी कि भगवा पार्टी फिर से मंडल बनाम कमंडल की राजनीति की चुनौती का सामना कैसे कर सकती है। सुशील मोदी ने दावा किया कि नीतीश कुमार राज्य की राजनीति में संतृप्ति बिंदु पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दावा किया, वह देश का उपराष्ट्रपति भी बनना चाहते थे और उनकी पार्टी के नेताओं ने इसके लिए भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व से संपर्क भी किया था।

# चीनी पोत के प्रवेश से उपजी चुनौतियों से निपटने में सक्षम भारत: सोनोवाल

**भाषा।** चेन्नई



**केंद्रीय मंत्री** सर्वानंद सोनोवाल ने रविवार को कहा कि श्रीलंका द्वारा अपनी समुद्री सीमा में उन्नत तकनीक वाले चीनी अनुसंधान पोत को प्रवेश देने की अनुमति के कारण पैदा होने वाली किसी भी तरह की चुनौतियों से निपटने में भारत पूरी तरह सक्षम है। सोनोवाल के बयान से एक दिन पहले श्रीलंका ने कहा था कि उसने आवश्यक आपूर्ति के पुनर्भंडारण के लिए हंबनटोटा बंदरगाह पर चीनी सेना के एक पोत को 16 अगस्त से 22 अगस्त तक रुकने की इजाजत दी है। भारत ने श्रीलंका के इस कदम पर चिंता जताई थी। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सोनोवाल ने यहां संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम किसी भी प्रकार की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह बिलकुल स्पष्ट होना चाहिए।

पूर्वी तट पर अंतर-पोत परिवहन के एक केंद्र की भूमिका निभाने वाले कोलंबो बंदरगाह पर भारतीय मालवाहक पोतों की निर्भरता के बाबत पूछे गए एक सवाल के जवाब में सोनोवाल ने कहा, भारतीय तटों पर एक अंतर-पोत परिवहन केंद्र विकसित करने के प्रति मंत्रालय प्रतिबद्ध है। हम पहले भी यह कह चुके हैं। चेन्नई पत्तन न्यास के अध्यक्ष सुनील पालीवाल ने बीच में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि भारत, चीनी पोत के मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर कर चुका है और देश की सुरक्षा पर इस तरह विमर्श नहीं होना चाहिए।

# बांस व केले के रेशों से सैनिटरी नैपकिन बना रहे जामिया के छात्र

**भाषा। नई दिल्ली**

**दक्षिणी दिल्ली** की एक झुग्गी बस्ती में रहने वाली रेशमा अक्सर सोचती थी कि सैनिटरी नैपकिन कैसे बनते हैं तथा उसकी यह जिज्ञासा तब और बढ़ गई जब उसे मालूम चला कि माहवारी के समय इस्तेमाल किए जाने वाले पैड प्लास्टिक के बजाय प्राकृतिक उत्पादों से भी बनाए जा सकते हैं। उसकी यह जिज्ञासा उसे पुन: इस्तेमाल होने वाले और पर्यावरण अनुकूल पैड बनाने वाली फैक्टरी तक ले गई, जिसे जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के छात्रों ने शुरू किया। यह निर्माण इकाई मदनपुर खादर में श्रम विहार के एक इलाके में बदलाव ला रही है, जहां आम तौर पर महिलाएं पुरुषों के सामने महिला संबंधी समस्याओं के बारे में बात नहीं करती हैं।

इस निर्माण इकाई में काम करने वाली छह महिला कामगारों में से एक रेशमा (35) ने कहा, जब भइया और दीदी आए तो हम उनके सामने माहवारी के बारे में बात करने को लेकर बहुत शर्मा रहे थे लेकिन जब हमने वीडियो देखे और इसके बारे में जाना तो हम थोड़े सहज हो गए। अब मैं एक हाइड्रॉलिक प्रेस पर काम करती हूं जिसका इस्तेमाल नैपकिन बनाने में होता है और अब इस पर अच्छे से काम कर लेती हूं।

इस निर्माण इकाई के संस्थापकों ने दावा किया कि बांस और केले के रेशों से तैयार किए जाने वाले श्रीमती नैपकिन का इस्तेमाल फिर से किया जा सकता है और यह पर्यावरण अनुकूल है। इन्हें कम से कम 12 बार इस्तेमाल किया जा सकता है। छात्र संगठन इनेक्टस से जुड़े जामिया के छात्रों ने फिर से इस्तेमाल किए जाने वाले पैड्स पर 2019 में काम शुरू किया था और उन्हें इस उत्पाद को बनाने में एक साल से अधिक का वक्त लगा। ए नैपकिन पहली बार में फिर से इस्तेमाल करने लायक आम नैपकिन जैसे दिखते हैं लेकिन इनकी खासियत इसमें इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल है। उन्होंने बताया कि इसकी पहली परत फर की तथा दूसरी परत लाइक्रा की होती है। इसमें रक्त को सोखने वाला हिस्सा केले और बांस के रेशों से बनाया जाता है।

इस उत्पाद को अंतिम रूप देने के बाद अगला काम इनका उत्पादन है। इसके लिए तीन मशीनों की आवश्यकता थी और इन्हें खरीदने के लिए छात्रों को पैसे की जरूरत थी। इसके लिए वह दान लेने बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पास गए। कई कंपनियों को अपना काम दिखाने के बाद वे 2.5 लाख रुपए हासिल कर पाए। इनेक्टस के अध्यक्ष और जामिया के तृतीय वर्ष के छात्र गौरव चक्रवर्ती ने कहा, इस उत्पाद को अंतिम रूप देने के बाद सबसे बड़ा काम खास मशीनें खरीदने का था। हमें एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की सीएसआर गतिविधियों के तहत मशीनों के लिए निधि मिली और इसे एक एनजीओ द्वारा चलाए जा रहे सिलाई केंद्र में लगाया गया और सैनिटरी पैड का उत्पादन शुरू किया गया।

उत्पाद में करीब 22 छात्र लगे हुए हैं। इस समूह को तीन से चार छात्रों के दलों में बांटा गया है। एक दल उत्पादन का काम देखता है जबकि दूसरा विपणन तथा अन्य काम देखता है। छात्रों ने कहा कि उन्हें लगता है कि उनकी कोशिश मासिक धर्म से जुड़ी वर्जनाओं को तोड़ देगी। वे इनमें वंचित वर्ग की महिलाओं को नौकरी दे रहे हैं। इन महिलाओं को प्रति पैड 25 रुपए के हिसाब से भुगतान किया जाता है।

## यादें हैं पाकिस्तान के घर की बस

# बंटवारे के बाद भारत आए लोगों की कहानियां

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में अपने घर जाना तो चाहते हैं, लेकिन अब कौन लेकर जाएगा, यह कहते हुए दिल्ली के करोल बाग में रहने वाली 90-वर्षीय स्वर्णकांता जोशी की आंखें नम हो गईं। आज़ादी के 75 वर्ष बाद पाकिस्तान में अपने पुश्तैनी घर को याद करते हुए उन्होंने कहा, "सबकुछ तो वहीं रह गया और जो हाथ लगा वह लेकर हम यहां आ गए। भारत इस साल आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है तो वहीं, अपने पैतृक आवासों को छोड़कर आए लोगों में आज भी अपने मूल घरों को देखने की एक आस बची है। देश के बंटवारे के समय जोशी का परिवार पाकिस्तान के मुल्तान, डेरा इस्माइल खान (खैबर पख्तूनख्वा) इलाके में रहता था। जोशी उस समय करीब 16 वर्ष की थीं। उन्होंने बातचीत में कहा, "हमारे घर में अमरूद और आम के पेड़ थे। हम बच्चे अपने साथियों के साथ फलों का लुत्फ उठाते थे।

जोशी की तरह कुंदनलाल शर्मा भी उसी इलाके में रहते थे। अब दिल्ली के करोल बाग में रह रहे 85-वर्षीय शर्मा ने कहा, हम उस तरफ कभी भी नहीं जाना चाहते जिसने हमारा सब कुछ छीन लिया और हमें बांट दिया। उस समय करीब दस वर्ष के रहे शर्मा ने कहा, 14-15 अगस्त की

दरमियानी रात को मैंने किसी तरह दौड़ते हुए ट्रेन पकड़ी। थोड़ी देर बाद मैंने देखा कि कुछ लोग सभी का नाम पूछ रहे थे। हिन्दू धर्म का होने के कारण उनका सिर तलवार के जरिए धड़ से अलग किया जा रहा था। कितनी ही औरतें अपनी आबरू बचाने के लिए ट्रेन से कूद गईं। उन्होंने कहा, मैं जान बचाने के लिए ट्रेन की सीट के नीचे छिप गया और अपने ऊपर कुछ लाशों को रखकर सांस रोके रखी। ऐसा इसलिए क्योंकि पाकिस्तानी सुरक्षाबल या आम लोग (उपद्रवी) यह देखने के लिए अपनी बंदूकों पर लगे चाकू से उन लाशों को गोद रहे थे कि कहीं कोई जिन्दा तो नहीं।

बंटवारे के बाद विस्थापित हुए लाखों लोगों की ऐसी ही कहानियां हैं। स्वर्णकांता जोशी ने कहा, डेरा इस्माइल खान पठानों का इलाका था। सिंध दरिया के उस पार मुल्तान, सूजाबाद था। हमें अगस्त में कहा गया कि अगर तुम यहां से नहीं निकलोगे तो दरिया पार नहीं करने देंगे। इसलिए हमने कुछ दिन पहले ही घर छोड़ दिया था।


अपने जन्मस्थान को छोड़कर भारत आने की अपनी यात्रा के बारे में जोशी की बचपन की सहेली रानी पराशर ने कहा, सूजाबाद में हमें कहा गया कि बिना सिले कपड़े नहीं ले जा सकते। मेरे चाचा ने सभी के लिए जल्द सारे कपड़े सिल दिए। हमें हिदायत दी गई कि गहने और सोना लेकर नहीं जा सकते। लोगों ने पकौड़ों जैसी भोजन वस्तुओं और कपड़ों में गहने व सोना छिपाया तथा साथ ले आए। उन्होंने कहा, मुझे आज भी उन दिनों को याद कर रोना आता है और हंसी भी कि हम ऐसे भागे जैसे काला चोर ...।

पराशर ने कहा, मेरे पिताजी जनसंघ में थे। उनकी सेना के जवानों से दोस्ती थी। सूजाबाद से आठ बैलगाड़ियां भारत आई थीं। हमें उन्होंने रोहतक में उतारा और रोहतक से हम पैदल आगरा तक आए तथा कुछ दिन वहीं रहे। उन्होंने उन दिनों को याद करते हुए कहा, उस समय बहुत मारकाट, लूटपाट हुई। हर रोज़ किसी न किसी घर से आग की लपटें दूर तक दिखती थीं। मेरे पिताजी के पास बंदूक और तलवार थी, जिसे उन्होंने मम्मी को चलाना सिखाया हुआ था। उन्हें हिदायत थी कि जब हम घर न हों, तो जो भी आए उसे यह दिखा देना।

शर्मा ने कहा, मेरे पिता जी पश्तोपठानी बोली बोलते थे। उन्होंने सिखाया था कि वे आएंगे तो कहेंगे कि- तरे माछे (नमस्कार), तो तुम कहना कि ख्वार माछे (आपको भी नमस्कार)। उन्होंने कहा, हालांकि, पूरी बोली तो नहीं आती थी लेकिन उनको जवाब देने के लिए कुछ चीजें हमें सिखाई गई थीं।

कुंदनलाल के बेटे मनोज ने कहा, इन अनोखी कहानियों को सुनकर हमारा भी मन करता है कि उन दिनों को दोबारा जीया जाना ज़रूरी है, लेकिन नफरत के इस दौर में अब वो पुरानी बात नहीं रही। शर्मा ने कहा, मुझे पाकिस्तान में मक्खन मलाइयों के दिन याद आते हैं। बचपन तो बचपन था। मैंने चार क्लास पढ़ाई की थी। पांचवीं में गए कुछ ही महीने बीते थे कि देश का बंटवारा हो गया। अपना बचपन याद करते हुए जोशी और पराशर भावुक हो गईं।

# रुश्दी की हालत में सुधार, वेंटीलेटर हटाया गया



भाषा। न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**प्रख्यात लेखक** सलमान रुश्दी अब जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटीलेटर) पर नहीं हैं और बात भी कर रहे हैं। उन पर एक दिन पहले न्यूयॉर्क में हमला किया गया था। अमेरिकी प्राधिकारियों ने इस हमले को लक्षित, बिना उकसावे का और पूर्व नियोजित बताया। मुंबई में जन्मे विवादास्पद लेखक रुश्दी को द सैटेनिक वर्सेज लिखने के बाद वर्षों तक इस्लामी चरमपंथियों से मौत की धमकियों का सामना करना पड़ा था। उन्हें न्यूजर्सी के 24-वर्षीय निवासी हादी मतार ने पश्चिमी न्यूयॉर्क राज्य में एक कार्यक्रम में चाकू मार दिया था। चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष माइकल हिल ने शनिवार रात को ट्वीट किया, सलमान रुश्दी अब वेंटीलेटर पर नहीं हैं और बातचीत कर रहे हैं। सभी लोग दुआएं कर रहे हैं। रुश्दी के एजेंट एंड्रयू वायली ने भी अमेरिकी मीडिया में इस खबर की पुष्टि की। मतार द्वार चाकू घोंपे जाने के बाद रुश्दी (75) को वेंटीलेटर पर रखा गया था। इससे पहले शनिवार को मतार ने अदालत में पेश होने के दौरान हत्या के प्रयास के आरोप स्वीकार नहीं किए और उसे जमानत देने से इनकार कर दिया गया। मतार पर हत्या की कोशिश का आरोप लगाया गया है,लेकिन उसने आरोप स्वीकार नहीं किए हैं। जिस वक्त उसे अदालत में पेश किया गया वह काली और सफेद धारियों का जम्पसूट पहने हुए था। चौटाउक्वा काउंटी के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी जैसन स्मिथ ने अदालत में रुश्दी की चोटों की जानकारी दी। लेखक को उनकी गर्दन के दाएं ओर चाकू लगने के तीन घाव, पेट में चाकू लगने के चार घाव, दाईं आंख और सीने पर घाव तथा दाईं जांघ पर घाव हुआ है।

## रुश्दी पर हमला ईरान के खिलाफ प्रतिबंध लगाने के लिए पश्चिम को जगाने वाली घटना : सुनक

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद के दावेदार ऋषि सुनक ने रविवार को कहा कि प्रख्यात लेखक सलमान रुश्दी पर किया गया हमला ईरान के खिलाफ सख्त प्रतिबंध लगाने और उसकी सैन्य इकाई को निषिद्ध करने के लिए पश्चिम को जगाने वाला होना चाहिए। पूर्व चांसलर ने द डेली टेलीग्राफ से कहा कि ईरान के साथ हुए परमाणु समझौते को बहाल करने की कोशिश बेकार हो सकती है और इसलिए ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के खिलाफ कार्रवाई का आकलन किया जाना चाहिए। उनका बयान ऐसे समय आया है जब रुश्दी पर हमले के संदिग्ध आरोपी हादी मटर के खिलाफ शनिवार को हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया गया और उसे बिना जमानत हिरासत में भेज दिया गया था। शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि वह शिया चरमपंथ और रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रति सहानुभूति रखता था। सुनक ने अखबार से कहा, ईरान में स्थिति बहुत ही गंभीर है और हम (व्लादिमीर) पुतिन के आमने-सामने खड़े होने की वजह से कहीं और से नजर नहीं हटा सकते हैं। उन्होंने पुतिन का संदर्भ यूक्रेन-रूस युद्ध के संदर्भ में दिया। उन्होंने कहा, परमाणु हथियारों से संपन्न ईरान हमारे साझेदार इजराइल के अस्तित्व के लिए खतरा हो सकता है और अपनी बैलेस्टिक मिसाइल क्षमता से पूरे यूरोप को संकट में डाल में सकता है। सुनक ने कहा, हमें तत्काल नवीन और सशक्त समझौता करना चाहिए और कहीं अधिक सख्त प्रतिबंध लगाना चाहिए। अगर हमें नतीजे नहीं मिले तो हमें यह सवाल करना चाहिए कि क्या संयुक्त विस्तृत कार्ययोजना (जेसीपीओए) मरणासन्न हो गई है? सलमान रुश्दी पर चाकुओं से नृशंस हमला पश्चिम के लिए जगाने वाला संदेश होना चाहिए और हमले को लेकर ईरान की प्रतिक्रिया से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) पर प्रतिबंध का मामला बनता है।

## इजराइल ने रुश्दी पर हमले को आजादी और मूल्यों पर हमला करार दिया

**यरुशलम।** इजराइल ने मुंबई में जन्मे लेखक सलमान रुश्दी पर न्यूयॉर्क में हुए हमले को रविवार को आजादी और मूल्यों पर हमला करार दिया और इसे ईरान के कट्टरपंथी शासन के दशकों के उकसावे का परिणाम बताया। वेस्टर्न न्यूयॉर्क में एक साहित्यिक कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को 24 वर्षीय एक युवक ने रुश्दी पर चाकू से हमला कर दिया था। युवक की पहचान लेबनान मूल के अमेरिकी नागरिक एवं न्यूजर्सी निवासी हादी मतार के रूप में हुई है। गौरतलब है कि द सैटनिक वर्सेज की रचना के बाद से रुश्दी को इस्लामी समूहों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। इजराइल के प्रधानमंत्री याइर लापिद ने शनिवार को ट्वीट किया, सलमान रुश्दी पर हमला, हमारी आजादी और मूल्यों पर हमला है। यह ईरान के कट्टरपंथी शासन के दशकों के उकसावे का नतीजा है। इजराइल की जनता की ओर से हम उनके जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना करते हैं। विदेश मामलों के उपमंत्री इदन रोल ने रुश्दी पर जानलेवा हमले को तेहरान की क्रूरता और कट्टरपंथ का साक्ष्य बताया। रोल ने ट्वीट किया है, सलमान रुश्दी पर कल हुआ हमला ईरानी शासन की क्रूरता और कट्टरपंथ का प्रमाण है।

# यरुशलम में बस पर हमला, आठ इजराइली घायल

भाषा। यरुशलम

यरुशलम की ओल्ड सिटी में रविवार तड़के एक बंदूकधारी ने एक बस पर गोलियां चला दीं, जिसमें आठ इजराइली नागरिक घायल हो गए। संदेह है कि हमलावर फलस्तीनी है। यह हमला गाजा में इजराइल और आतंकवादियों के बीच हिंसा के एक सप्ताह बाद हुआ है। घायलों का इलाज कर रहे इजराइली अस्पतालों ने बताया कि दो घायलों की हालत गंभीर है, जिसमें एक गर्भवती महिला भी शामिल है और उसे पेट में चोटें आई है। एक व्यक्ति को सिर और गर्दन में गोलियां लगी हैं। यह गोलीबारी तब हुई जब बस वेस्टर्न वॉल के



समीप पार्किंग क्षेत्र में खड़ी थी। वेस्टर्न वॉल को पवित्र स्थल माना जाता है, जहां यहूदी प्रार्थना करते हैं। इजराइली पुलिस ने बताया कि हमले की जांच के लिए पुलिसकर्मियों को भेजा गया है। इजराइली सुरक्षा बलों को संदिग्ध हमलावर की तलाश में फलस्तीन के सिलवान इलाके में भी भेजा गया था। बाद में रविवार को पुलिस ने कहा कि संदिग्ध हमलावर ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस ने अभी संदिग्ध हमलावर की पहचान उजागर नहीं की है। गौरतलब है कि इजराइल के विमानों ने पिछले सप्ताहांत गाजा में बम गिराते हुए आतंकवादी समूह इस्लामिक जिहाद को निशाना बनाया था। यह हिंसा तीन दिनों तक चली थी और इस्लामिक जिहाद ने भी सैकड़ों रॉकेट दागे थे। इस हिंसा में 17 बच्चों समेत 49 फलस्तीनियों की मौत हो गई थी। इसमें 14 आतंकवादी भी शामिल हैं।

# काहिरा में चर्च में आग लगने से 41 लोगों ने गंवाई जान



भाषा। काहिरा

**मिस्र की** राजधानी काहिरा के एक चर्च में रविवार को आग लगने से कम से कम 41 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य झुलस गए।

पुलिस के एक बयान के अनुसार, आग इम्बाबा के घनी आबादी वाले इलाके में स्थित अबू सेफीन चर्च में लगी। बयान के अनुसार, आग लगने के कारण का तत्काल पता नहीं चल सका है और शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शार्ट-सर्किट माना जा रहा है। कॉप्टिक चर्च ने स्वास्थ्य अधिकारियों का हवाला देते हुए हताहतों की संख्या के बारे में सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जिस वक्त आग लगी, उस समय इमारत के अंदर कई बच्चे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि आग लगने पर चर्च में धुआं भर गया और कई फंसे लोग बचने के लिए ऊपरी मंजिलों से कूद गए और कई घुटन की वजह से मर गए। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की पंद्रह गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया, जबकि एम्बुलेंस के जरिए हताहतों को निकटवर्ती अस्पतालों में पहुंचाया गया। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति अब्दुल फतेह अल-सिसी ने कॉप्टिक क्रिश्चियन पोप तावड्रोस द्वितीय के साथ फोन पर बात की और अपनी संवेदना व्यक्त की। अल-सिसी ने फेसबुक पर कहा, मैं इस दुखद हादसे पर नजर रखे हुए हूं। मैंने सभी संबंधित एजेंसियों और संस्थानों को सभी आवश्यक कदम उठाने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि घायल लोगों को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया।

# पाकिस्तान में सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान के** पंजाब प्रांत में एक बस और ट्रक की टक्कर में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बचाव अधिकारियों के अनुसार, शनिवार शाम लाहौर से करीब 400 किलोमीटर दूर रहीम यार खान जिले में विपरीत दिशा से आ रहे गन्ने से भरे ट्रक से बस की टक्कर हो गई। बस में कुल 18 यात्री सवार थे। अधिकारियों ने कहा, दुर्घटना के बाद बचाव दल ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां 13 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि शेष पांच घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि जिस जगह दुर्घटना हुई वहां बारिश का पानी सड़क पर जमा हो गया था। बयान में कहा गया, दुर्घटना के बाद बस गन्ने के ढेर के नीचे दब गई और बचाव दल को घायलों को अस्पताल पहुंचाने में काफी समय लगा। प्राप्त सूचना के अनुसार, ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया।

### बलूचिस्तान में पाकिस्तान के दो सैनिकों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों पर हुए हमले में दो पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई और एक सैन्य अधिकारी घायल हो गया। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना के मीडिया प्रकोष्ठ ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने शनिवार की रात को हरनाई जिले के पास खोस्त कस्बे में चौकी से दूर पास की पहाड़ियों से गोलीबारी कर रहे आतंकवादियों का पीछा कर उन्हें खदेड़ दिया।

# पेलोसी के दौरे के 12 दिन बाद कुछ अमेरिकी सांसद ताइवान की यात्रा पर

भाषा। ताइपे

**अमेरिकी** सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल, प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैन्सी पेलोसी की यात्रा के 12 दिन बाद ताइवान का दौरा कर रहा है। पेलोसी के दौरे पर चीन ने सख्त आपत्ति जताई थी। ताइवान में अमेरिकन इंस्टीट्यूट ने कहा कि पांच सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मैसाचुसेट्स के डेमोक्रेटिक सांसद एड मार्के कर रहे हैं और एशिया की यात्रा के तहत रविवार और सोमवार को ताइवान में हैं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य अमेरिका-ताइवान संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार, निवेश और अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। यह संस्थान अमेरिकी सरकार का प्रतिनिधित्व करता है। अमेरिका का ताइवान के साथ राजनयिक संबंध नहीं है। पेलोसी के दो अगस्त के दौरे के जवाब में चीन ने मिसाइलें दागी थीं और कई दिनों तक ताइवान के समुद्र और हवाई क्षेत्र के आसपास युद्धपोत तथा लड़ाकू विमान मंडराते रहे। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और दूसरे देशों के साथ किसी तरह के संपर्क पर कड़ा एतराज जताता है। ताइवान के एक प्रसारक ने अमेरिकी सरकार के एक विमान के शाम 7 बजे के करीब ताइवान की राजधानी ताइपे में सोंगशान हवाई अड्डे पर उतरने का वीडियो प्रदर्शित किया।

### चीन की हालिया कार्रवाई के चलते हिंद-प्रशांत में असहज शांति : अमेरिकी सांसद कृष्णमूर्ति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति का कहना है कि चीन की हालिया आक्रामक कार्रवाई के चलते हिंद-प्रशांत में असहज शांति की स्थिति है। उन्होंने रेखांकित किया कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए भारत और अमेरिका को जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। ताइवान समेत हिंद-प्रशांत क्षेत्र की यात्रा से हाल में लौटे भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद कृष्णमूर्ति (49) ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि उनकी यात्रा के दौरान भारत का उदय और इस देश का अहम भूमिका निभाना बातचीत के दिलचस्प विषयों मे शुमार रहा। हाल में अमेरिकी प्रतिनिधिसभा की अध्यक्ष नैसी पेलोसी की अगुवाई मे प्रतिनिधिमंडल ने जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और ताइवान की यात्रा की थी। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ने कहा, मुझे लगता है कि वहां (क्षेत्र में) एक असहज शांति है। हमने जितने भी देशो का दौरा किया, चाहे वह सिंगापुर, मलेशिया, जापान, कोरिया या ताइवान हो, चीन की आक्रामकता को लेकर एक वास्तविक चिंता है।

### बेंगलुरु की सड़कों पर दौड़ेंगी स्विच मोबिलिटी की 75 इलेक्ट्रिक बसें

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने राजधानी बेंगलुरु मे सार्वजनिक परिवहन की जरूरते पूरी करने के लिए रविवार को 75 इलेक्ट्रिक बसो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन बसो को बेंगलुरु महानगर परिवहन निगम (बीएमटीसी) के बेड़े मे शामिल किया जाएगा। इनका निर्माण स्विच मोबिलिटी लिमिटेड ने किया है और यह खेप नई तकनीकी रूप से उन्नत 300 इलेक्ट्रिक बसो के ऑर्डर का हिस्सा है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति मे कहा कि अगली पीढ़ी की कार्बन-मुक्त इलेक्ट्रिक बस और हल्की वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली स्विच मोबिलिटी 300 बसो की आपूर्ति, संचालन और रखरखाव करेगी। कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी महेश बाबू ने कहा कि स्विच इंडिया ने लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए जून 2022 मे स्विच ईआईवी 12 मंच पेश किया था। इस मंच पर बनी 300 इलेक्ट्रिक बसो की शुरुआती खेप की आपूर्ति बीएमटीसी को की गई है।

### टाइटन अमृत महोत्सव पर उतारेगा 75 हीरों से सजी घड़ियां

**मुंबई।** पुरूषों और महिलाओं के लिए पेश की गई 75 हीरों से सजी ये घड़ियां आज़ादी के 75 भव्य वर्षों का जश्न मनाती हैं और देश के इतिहास अशोक चक्र से प्रेरित हैं। भारत में सोलिड गोल्ड वॉचेज़ के पहले ब्राण्ड नेब्युला ने देश के 75 वें स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में अपना खास कलेक्शन पेश किया है। जश्न 75 के नाम से पेश किए इस कलेक्शन में बेहतरीन कारीगरी से तैयार की गई 2 घड़ियां शामिल हैं, जो 75 हीरों से सजी हैं, इसमें से हर हीरा आज़ादी के एक वर्ष का प्रतीक है। पुरूषों के लिए श्वेत और महिलाओं के लिए नील के नाम से पेश की गई ये घड़ियां आकर्षक डिज़ाइन और बेहतरीन लुक का संयोजन हैं। श्वेत और नील दोनों के डायल में हमारे इतिहास का प्रतीक अशोक चक्र है जो प्रगति और उन्नति का प्रतिनिधित्व करता है। वहीं नील के डायल पर दिए गए पर्ल कट आउटए हमारे राष्ट्रीय पक्षी मोर के वाइब्रेन्ट नीले रंग से प्रेरित हैं। ये घड़ियां क्लासिक लैदर में डिज़ाइन की गई हैंए जिसमें नील को खास सैटिन ब्लू फिनिश दिया गया है। इस स्पेशल एडीशन के लॉन्च पर बात करते हुए सिरीश चन्द्रशेखर मार्केटिंग हैड टाइटन कंपनी लिमिटेड ने कहा कि हमारा सोलिड गोल्ड वॉच ब्राण्ड नेब्युला बाय टाइटन, अनूठे तरीके से देश के 75वें स्वतन्त्रता दिवस का जश्न मना रहा है। नील की कीमत रु 2 लाख और श्वेत की कीमत रु 4 लाख है।

# छूट-मुक्त कर व्यवस्था की समीक्षा होगी

● अधिक आकर्षक बनाने की तैयारी मे वित्त मंत्रालय

भाषा। नई दिल्ली



**वित्त मंत्रालय** छूट या रियायतों से मुक्त कर व्यवस्था की समीक्षा की योजना बना रहा है। मंत्रालय ने जल्द छूट-मुक्त कर व्यवस्था की समीक्षा का प्रस्ताव रखा है ताकि इसे व्यक्तिगत आयकरदाताओं के लिए अधिक आकर्षक बनाया जा सके। सूत्रों ने कहा कि सरकार का इरादा ऐसी कर प्रणाली स्थापित करने का है जिसमें किसी तरह की रियायतें न हों। इसके साथ ही सरकार छूट और कटौतियों वाली जटिल पुरानी कर व्यवस्था को समाप्त करना चाहती है। आम बजट 2020-21 में एक नई कर व्यवस्था पेश की गई थी। इसमें करदाताओं को विभिन्न कटौतियों और छूट के साथ पुरानी व्यवस्था और बिना छूट और कटौतियों वाली निचली दरों की नई व्यवस्था में से चयन का विकल्प दिया गया था। इस सारी कवायद के पीछे मकसद व्यक्तिगत आयकरदाताओं को राहत देना और आयकर कानून को सरल करना था। नई कर व्यवस्था के अनुभव के बारे में पूछे जाने पर सूत्रों ने कहा कि इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि जिन लोगों ने अपना आवास और शिक्षा ऋण चुका दिया है वे नई कर व्यवस्था को अपनाना चाहते हैं क्योंकि अब उनके पास किसी तरह की मुक्तता या छूट का दावा करने का विकल्प नहीं है। नई व्यवस्था में करों को कम किए जाने से यह अधिक आकर्षक बन पाएगी। इसी तरह की कर व्यवस्था कॉरपोरेट करदाताओं के लिए भी सितंबर, 2019 में लाई गई थी। इसमें कर दरों को घटाया गया था और साथ ही छूट या रियायतों को भी समाप्त किया गया था। व्यक्तिगत आयकरदाताओं के लिए एक फरवरी, 2020 को पेश नई कर व्यवस्था में ढाई लाख रुपए तक की सालाना आय वाले लोगों को कोई कर नहीं देना होता। ढाई लाख से पांच लाख रुपए की आय पर पांच प्रतिशत का कर लगता है। इसी तरह पांच लाख से 7.5 लाख रुपए की आय पर 10 प्रतिशत, 7.5 लाख से 10 लाख रुपए पर 15 प्रतिशत, 10 लाख से 12.5 लाख रुपए की आय पर 20 प्रतिशत, 12.5 से 15 लाख रुपए की आय पर 25 प्रतिशत तथा 15 लाख रुपए से अधिक की आय पर 30 प्रतिशत कर लगता है।

# एफपीआई ने अगस्त में अबतक शेयर बाजारों में 22,452 करोड़ डाले

भाषा। नई दिल्ली

**विदेशी पोर्टफोलियो** निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयरों में आक्रामक तरीके से खरीदारी की है। पिछले महीने एफपीआई एक लंबे अंतराल के बाद भारतीय शेयर बाजारों में फिर शुद्ध लिवाल बने थे। मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं कम होने के बीच विदेशी निवेशकों ने अगस्त के पहले दो सप्ताह में शेयर बाजारों में 22,452 करोड़ रुपए डाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले जुलाई के पूरे महीने में एफपीआई ने शेयरों में करीब 5,000 करोड़ रुपए डाले थे। लगातार नौ माह तक निकासी के बाद जुलाई में एफपीआई पहली बार शुद्ध लिवाल बने थे। पिछले साल अक्टूबर से वे लगातार बिकवाल बने हुए थे। अक्टूबर, 2021 से जून, 2022 तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 2.46 लाख करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध (खुदरा) श्रीकांत चौहान ने कहा कि मुद्रास्फीति का लेकर चिंता दूर होने तथा केंद्रीय बैंकों द्वारा मौद्रिक रुख को सख्त किए जाने की वजह से आगे चलकर उभरते बाजारों में एफपीआई के प्रवाह में और सुधार देखने को मिलेगा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर 6.71 प्रतिशत पर आ गई है। हालांकि, यह अब भी रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। खाद्य वस्तुओं के दाम घटने से खुदरा मुद्रास्फीति नीचे आई है। वहीं अमेरिका में भी मुद्रास्फीति 40 साल के उच्चस्तर से घटकर जून में 8.5 प्रतिशत रह गई है। इससे संकेत मिलता है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व आगे अपने मौद्रिक रुख को अधिक सख्त नहीं करेगा। ट्रेडस्मार्ट के चेयरमैन विजय सिंघानिया ने कहा, ऊर्जा के दाम निचले स्तर पर रहते हैं और युद्ध के मोर्चे से कुछ हैरान करने वाली खबरें नहीं आती हैं, तो विदेशी कोषों का प्रवाह जारी रहेगा। एफपीआई ने एक से 12 अगस्त के दौरान शेयरों में शुद्ध रूप से 22,452 करोड़ रुपए डाले। इसके अलावा समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 1,747 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

## बैंक ऑफ इंडिया को चालू वित्त वर्ष में ऋण कारोबार में 10-12 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) को चालू वित्त वर्ष (2022-23) में कॉरपोरेट ऋण की मांग में वृद्धि से कुल कर्ज या अग्रिम में 10-12 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। बैंक के एक शीर्ष अधिकारी ने विश्लेषक कॉल में यह बात कही। बैंक की मौजूदा साल में अबतक ऋण वृद्धि पांच प्रतिशत रही है। मुख्य रूप से में खुदरा क्षेत्र, कृषि और सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योग ऋण (आरएएम) क्षेत्रों में मांग से बैंक का अग्रिम बढ़ा है। बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ए के दास ने कहा, पूरे साल में ऋण वृद्धि 10 से 12 प्रतिशत के बीच रहेगी। इस साल अभी जून तक हमारी वृद्धि लगभग पांच प्रतिशत रही है। दास ने कहा, जून, 2022 के अंत में बैंक का कुल अग्रिम (वैश्विक और घरेलू) 4,77,746 करोड़ रुपए था। बीओआई का चालू वित्त वर्ष के जून में समाप्त पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत की घटकर 561 करोड़ रुपए पर आ गया।

## आकाश बायजू के 10 छात्रों को जेईई मेन्स 22 में 99 प्रतिशत

**कानपुर।** कानपुर में आकाश बायजू के 10 छात्रों ने जेईई मेन्स 2022 परीक्षा के दूसरे सत्र में 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान और शहर को गौरवान्वित किया है। 99.77 के साथ ऋषि मेहरोत्रा, अविरल शर्मा 99.69, कुशाग्र गुप्ता 99.55, शिवांश कांडपाल 99.54 और आदर्श पाल 99.51 के साथ शीर्ष स्कोरर हैं। छात्रों को बधाई देते हुएए आकाश चौधरी, मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश बायजूस ने कहा कि हम इस उपलब्धि के लिए सभी छात्रों को बधाई देते हैं।

### मांग बढ़ने के बीच भारतीय खिलौना विनिर्माताओं का उत्पादन बढ़ाने पर जोर

भाषा। नई दिल्ली

**खिलौनों** के आयात पर सीमा शुल्क बढ़ाने और आयात के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) प्रमाणन अनिवार्य करने जैसे कदमों से घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलने के अलावा खिलौना उद्योग को वैश्विक बाजारों में संभावनाएं तलाशने में भी मदद मिली है।

खिलौना उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों ने कहा है कि इन सरकारी कदमों से घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिला है। इसके अलावा हाल के समय में घरेलू किरदारों को अहमियत देने से भी बाजार को मजबूती मिली है। विशेषज्ञों के मुताबिक, भारतीय पौराणिक पात्रों, देसी फिल्म के पात्रों और छोटा भीम जैसे सुपरहीरो पर आधारित खिलौनों की मांग बढ़ रही है क्योंकि घरेलू कंपनियां चीन और कुछ अन्य देशों के प्रभुत्व से अलग हो गए हैं। अब मेड-इन-इंडिया खिलौनों की घरेलू बाजारों में बहुत स्पष्ट बढ़त है।

# राज्य अपनी राजकोषीय क्षमता से बाहर जाकर मुफ्त सौगात न बांटें : राजीव

भाषा। नई दिल्ली



**नीति आयोग के** पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार का मानना है कि राज्य सरकारों को अपनी राजकोषीय क्षमताओं से इतर मुफ्त सौगात नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षमता से बाहर जाकर उपहार या टिकाऊ उपभोक्ता सामान मुफ्त में देना कतई सही नहीं है। कुमार ने कहा कि पात्रता के आधार पर अंतरण भुगतान और सरकार की राजकोषीय क्षमता से इतर दी जाने वाली मुफ्त सौगातों में अंतर है। उन्होंने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, मुफ्त उपहार या टिकाऊ उपभोक्ता सामान को सौगात में देने की प्रकृति ऐसी है, जिसकी जरूरत नहीं है। किसी भी मामले में ऐसा काम उन सरकारों को नहीं करना चाहिए जो राजकोषीय गतिरोधों से जूझ रही हों। कुमार ने कहा कि कराधान और वितरण के जरिए सरकार से भुगतान का अंतरण एक लोकतंत्र में हमेशा जरूरी होता है। उन्होंने कहा, कोई भी अंतरण भुगतान जिसके प्रतिफल की सामाजिक दर निजी दर के प्रतिफल से अधिक है यानी जिसमें सकारात्मक प्रभाव हैं, उन्हें करना वाजिब है। कुछ राजनेताओं द्वारा भारत की मौजूदा आर्थिक स्थिति की तुलना श्रीलंका से किए जाने के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा, ऐसी कोई भी तुलना कई स्तरों पर अनुचित और शरारती है। श्रीलंका गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है और भारत उसे आर्थिक सहायता दे रहा है। उन्होंने कहा कि नॉर्डिक देशों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुपात में कर का अनुपात लगभग 50 प्रतिशत है क्योंकि वे आम लोगों को सार्वजनिक सेवाएं एवं सामान मुहैया कराने में बहुत सारा पैसा खर्च करते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह ऐसी बात नहीं है जिसपर हमें चर्चा या बहस करनी चाहिए। आम आदमी, खासकर निचले तबके के लोगों के लिए सार्वजनिक वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को बढ़ाना काफी अहम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में सरकारों की तरफ से लोगों को मुफ्त उपहार देने की प्रवृत्ति को रेवड़ी बांटना बताते हुए इसकी आलोचना की है। उन्होंने इसे करदाताओं के पैसे की बर्बादी के साथ ही एक आर्थिक आपदा भी बताया है जो भारत के आत्मनिर्भर बनने के सफर पर असर डाल सकता है। जब उनसे तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नीति आयोग के बारे में आए हालिया बयान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि राव अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र हैं। राव ने नीति आयोग को एक अनुपयोगी संस्था बताते हुए इसके संचालन परिषद की बैठक का पिछले हफ्ते बहिष्कार किया था। इस पर कुमार ने कहा, सच तो यह है कि संचालन परिषद की बैठक में लगभग सभी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 15 अगस्त, 2022



# ये गांव है वीर जवानों का, अलबेले मस्तानों का

## वतन के रखवाले: गाजीपुर में फौजियों के गांव गहमर में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर जश्न का माहौल

भाषा। गाजीपुर



**देश** पर मर मिटने का जज्बा तो हर सच्चे हिंदुस्तानी के दिल में होता है लेकिन गाजीपुर जिले का गहमर गांव इस लिहाज से बेहद खास है। एशिया का सबसे बड़ा गांव कहे जाने वाले गहमर ने देश को हजारों सैनिक दिए हैं और इस बार आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर गांव में खास उत्साह देखा जा रहा है। लगभग सवा लाख की आबादी वाले गहमर गांव में स्वाधीनता दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। आज भी इस गांव के लगभग हर घर का कोई न कोई जवान सेना की सेवा कर रहा है या कर चुका है। इस गांव के जवानों ने वर्ष 1965 और 1971 की लड़ाई से लेकर कारगिल की जंग तक में हिस्सा लिया है और इस गांव के हर घर में फौजियों की तस्वीरें तथा पदक अलमारियों की शोभा बढ़ाते हैं। देशभक्ति से ओतप्रोत इस गांव में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है और लोग स्वत:स्फूर्त भाव से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ रहे हैं। गहमर गांव के प्रधान बलवंत सिंह ने कहा, देशभक्ति की भावना यहां रहने वाले हर परिवार के दिल में बसती है। हमारा गांव फौजियों का गांव है। आपको यहां के लगभग हर घर में एक सैनिक जरूर मिलेगा। किसी-किसी परिवार में तो कई सदस्य फौज में हैं। उन्होंने कहा 75वें स्वाधीनता दिवस को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं और गांव के लोग हर घर तिरंगा अभियान से खुद को जोड़ रहे हैं। सिंह ने बताया कि गांव के हर घर पर तिरंगा लहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे तो प्रशासन हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में जुटा है लेकिन गहमर में लोग स्वत: स्फूर्त भावना से तिरंगा लहरा रहे हैं। सेना में लिपिक के पद से हाल ही में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले चुके चंदन कुमार ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि सरकार के आह्वान पर ही लोग तिरंगा फहराएंगे। उन्होंने कहा कि सभी सच्चे हिंदुस्तानी 15 अगस्त और 26 जनवरी को खुद ही झंडा फहराते हैं। ग्राम प्रधान बलवंत सिंह ने बताया कि गहमर गांव ने अब तक लगभग 20 हजार सैनिक देश को दिए हैं और इस वक्त गांव के लगभग पांच हजार लोग सेना में अलग-अलग पदों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे जिले की बात करें तो इस वक्त 10,000 से ज्यादा सैनिक देश की सेवा में अलग-अलग जगह तैनात हैं और गांव के कई जवानों ने 1965 तथा 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध और कारगिल की लड़ाई में भी हिस्सा लिया।गहमर गांव के निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वर चंद्र ने कहा कि गांव में देशभक्ति का जज्बा द्वितीय विश्वयुद्ध के समय से ही पैदा हो गया था। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध में गहमर गांव के कई सैनिक शहीद हुए थे और फिर उसके बाद से यहां के युवाओं में सेना में भर्ती होने का जुनून पैदा हुआ। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ ऐसे परिवार भी हैं जिनकी कई पीढ़ियां फौज की सेवा में रहीं। उन्होंने कहा कि 1965 में भारत-पाक युद्ध में लेफ्टिनेंट कर्नल रहे रामबचन सिंह का परिवार भी कुछ ऐसा ही है जिनके घर की तीन पीढ़ियां सेना में रही हैं। चंद्र ने बताया कि राम बचन सिंह वर्ष 1971 की जंग में भी शामिल रहे और उनके बेटे अशोक भी इस वक्त सेना में हैं। उन्होंने कहा कि फौज में भर्ती की तैयारी के लिए गांव के युवाओं का जुनून इस कदर है कि उन्होंने गांव के किनारे गंगा घाट के नजदीक एक मैदान में दौड़ लगाने और कसरत का तमाम साजो-सामान इकट्ठा कर रखा है तथा वे हर सुबह-शाम यहां दौड़ लगाते एवं वर्जिश करते नजर आते हैं। चंद्र ने कहा कि इस मैदान का नजारा किसी सैन्य प्रशिक्षण इकाई की तरह दिखता है जहां सेना के नियमों के अनुरूप रनिंग ट्रैक है और सेना के सख्त प्रशिक्षण की विभिन्न सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। पूर्व सैनिकों के बच्चों को सेना में भर्ती के लिए कुछ वरीयता मिल जाती है, इसलिए भी वे फौजी बनने पर ज्यादा ध्यान देते हैं। हालांकि वह कहते हैं कि इससे एक नुकसान यह हुआ है कि शुरू से ही गांव के लड़के उच्च शिक्षा लेने के बजाय सैनिक भर्ती पर ही ध्यान देते हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि गहमर गांव के रहने वाले सेनाकर्मियों में से मुश्किल से 12-15 लोग ही अधिकारी की रैंक पर हैं।

## कोल्ड स्टोर में ट्रक पर चढ़े मजदूर की करंट लगने से हुई मौत

**आगरा।** आगरा में किरावली रुनकता मार्ग पर कोल्ड स्टोर में ट्रक पर चढ़े श्रमिक की करण्ट लगने से मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और आरोप लगाया कि करंट लगा कर उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वाले श्रमिक की पहचान अतुल कुमार(30) के रूप में की गई है। मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब नौ बजे केले के ट्रक को खाली करने के लिए श्रमिक अतुल ट्रक के ऊपर बैठा था। इसमें कहा गया है कि ट्रक को कोल्ड स्टोर में ले जाते समय हाईटेंशन तार से वह चिपक गया और तेज धमाके के साथ बुरी तरह झुलस कर नीचे गिर पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके की आवाज सुनकर अन्य श्रमिक और कोल्ड स्टोर कर्मचारी मौके पर पहुंचे, तब तक अतुल की मौत हो चुकी थी। इस बीच पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा हंगामा किया। उन्होंने कोल्ड स्टोर संचालक और अन्य कर्मचारियों पर करण्ट लगा कर हत्या करने का आरोप लगाया। क्षेत्राधिकारी (हरीपर्वत) सत्यनारायण ने बताया कि परिजनों की मांग पर कोल्ड स्टोर के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## श्रीराम नगरी में नागा संतों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**अयोध्या।** सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी सागरिया पट्टी के महंत ज्ञान दास महाराज के शिष्य संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास के संयोजन में प्रभु श्री राम की जन्म स्थली भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे से गुंजायमान होने लगी।सीताराम नाम का संकीर्तन करने वाले सैकड़ों नागा संत हाथों में तिरंगा लेकर के वंदे मातरम भारत माता की जय बोलते हुए हनुमानगढ़ी के सिंहद्वार से लेकर मां सरयू पावन तट राम पैड़ी तक गए और लोगों को अपने घरों में तिरंगा लगाने के लिए जागरूक किया। मौका है आजादी के अमृत महोत्सव का जब देश को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे होने वाले हैं और कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आवाहन किया था कि 13 तारीख से 15 तारीख शाम 5 बजे तक हर देशवासी अपने घर पर तिरंगा लगाए इसी की अलख जगाने के लिए अयोध्या की सड़कों पर हजारों की संख्या में गलियों से संत निकले और पूरी राम नगरी वंदे मातरम से गुंजायमान होगी। महंत संजय दास ने कहा कि देश 75 वर्ष पहले आजाद हुआ था और तिरंगा राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक की आंन बान शान है। इसलिए आजादी के अमृत महोत्सव में हर व्यक्ति को सम्मिलित होना चाहिए और अपने घर पर तिरंगा लगाना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान शान है इसके लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है आज हमें महोत्सव मनाने का मौका मिला है तो दिल से मनाना चाहिए और हर घर तिरंगा लगना चाहिए।इस तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से महंत मुरली दास महंत माधव दासए महंत सुरेंद्र दासए महंत रामशंकर दासए महंत सरोज दासए गद्दी नशीन के शिष्य डॉ महेश दासए महंत जनार्दन दासए महंत मनीष दासए महंत दिलीप दासए महंत इंद्रदेव दासए बाल योगी महंत रामदासए वरिष्ठ पुजारी हेमंत दासए राजेश पहलवानएअभिषेक दासए कृष्ण कांत दासए अंकित दासए शिवम श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सरकारी स्कूलों की मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित



**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस और आजादी का अमृत महोत्सवष् समारोह के अवसर पर विभिन्न सरकारी स्कूलों में आईडीसी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक एवं सीईओ प्रतीक गट्टानी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 वीं तक के सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को जिन्होंने शीर्ष रैंकिंग हासिल किया या परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है उनको सम्मानित कियाद्य साथ ही आईडीसी ने कुछ स्कूलों को बुनियादी सुविधायें प्रदान करने की बात कही जैसे स्टेशनरीए पाठ्य पुस्तकें और कंप्यूटर प्रयोगशालाओं के लिए अधुनिक सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर जैसे कंप्यूटर और प्रिंटर प्रदान करने की पहल की हैए जो छात्रों के कंप्यूटर शिक्षा में काफी में मदद करेगा। विश्वदीपक सिंह, सुश्री नंदिनी सिंह ने बेसिक स्कूल पैतामऊए जूनियर हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल कुर्सी रोड, रजौली की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया।आईडीसी मेधावी छात्र पुरस्कार हेतु कुल 75 छात्राओं का चयन किया गया था। छात्राओं को प्रोत्साहन प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट हैम्पर प्रदान कर उनका सम्मान किया गया।

## बिहार के राजनीतिक प्रयोग का हश्र वैसा ही होगा जैसा उप्र में चाचा-भतीजे का हुआ: दिनेश

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता दिनेश शर्मा का कहना है कि बिहार में जद (यू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के फिर से हाथ मिलाने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजनीतिक वनवास की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने दावा किया कि बिहार के राजनीतिक प्रयोग का हाल भी वैसा ही होगा, जैसे उत्तर प्रदेश में चाचा-भतीजा और बुआ-भतीजा की असफल साझेदारी का हुआ था। भाजपा नेता 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के नेता शिवपाल यादव और 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती के साथ समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के कथित असफल गठबंधन का जिक्र कर रहे थे। पूर्व उपमुख्यमंत्री शर्मा ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजनीतिक वनवास की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और यह अगले लोकसभा चुनाव में पूरी हो जाएगी। गौरतलब है कि नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ने के बाद बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और कुछ अन्य दलों के साथ मिलकर सरकार बनाई थी।

## बलिया में युवती की हत्या मामा-मामी पर भी हमला

**बलिया।** बलिया सदर कोतवाली क्षेत्र के बहेरी मोहल्ले में एक युवक ने मामूली बात को लेकर एक युवती की धारदार हथियार से हत्या कर दी और उसके मामा-मामी पर भी हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार की रात की है और वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राज करन नय्यर ने रविवार को बताया कि बलिया सदर कोतवाली क्षेत्र के बहेरी मोहल्ले के दिलशाद नामक युवक ने अपने पड़ोस में रहने वाली अरमाना (27) के घर में घुसकर शनिवार देर रात को धारदार हथियार से उसकी गर्दन पर प्रहार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आरोपी ने अरमाना की मामी बदरू निशा (56) और मामा कुर्बान शाह (60) को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों को हालत गंभीर होने पर वाराणसी के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद दिलशाद ने बलिया शहर कोतवाली में पहुंच कर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने युवती के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नय्यर ने बताया कि दिलशाद मानसिक रूप से विक्षिप्त है। पुलिस ने दिलशाद की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल धारदार हथियार बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार, दिलशाद का कुछ दिनों पहले अरमाना से रास्ते में टक्कर लगने को लेकर विवाद हो गया था, जिसमें युवती ने दिलशाद को थप्पड़ मार दिया था।

## खेत में दफन विवाहिता का शव निकला गया, दहेज हत्या का मामला हुआ दर्ज

**गोरखपुर।** जिले की पिपराइच इलाके में एक खेत में दफन 28 वर्षीय विवाहिता का शव रविवार को बाहर निकाला गया। मामले में उसके पति के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि पिपराइच थाना क्षेत्र के पिपरा मिगलन गांव में शत्रुघ्न निषाद नामक एक किसान ने आज सुबह अपने खेत में दुर्गंध महसूस की, इसके बाद उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। अवस्थी ने बताया कि पुलिस ने खेत में खुदाई कराई तो वहां एक महिला का शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान राधिका निषाद के रूप में की गई। ग्रामीणों के मुताबिक राधिका का अपने पति अमित निषाद से किसी बात को लेकर झगड़ा था, जिसके बाद से वह अपनी मां के साथ रहने लगी थी। अवस्थी ने बताया कि राधिका की मां गीता देवी की शिकायत पर अमित के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और खेत से निकाले गए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## शाहजहांपुर में युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**शाहजहांपुर।** शहर कोतवाली में दूसरे धर्म के एक युवक द्वारा कथित तौर पर हिंदू बनकर नौ साल से एक युवती का कथित यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में आरोपी समेत छह लोगों के विरूद्ध संबंधित धाराओं में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) अखंड प्रताप सिंह ने पीटीआई-भाषा को रविवार को बताया कि दानिश नामक युवक ने हिंदू नाम अविनाश बताकर नौ साल पहले फोन के जरिए शहर में रहने वाली 30 वर्षीय युवती से दोस्ती की थी। उन्होंने बताया कि बाद में दानिश ने युवती को अपने घर बुलाया तथा परिजनों से मिलाया। उन्होंने बताया कि दानिश से अविनाश बने व्यक्ति के बारे में जब युवती को पता चला कि वह मुस्लिम है, तो उसने विरोध जताया। उन्होंने बताया कि इस पर आरोपी ने अपनी बहन तथा भाभी के सामने ही युवती के साथ अपने ही घर में कथित दुराचार किया तथा घटना का वीडियो बना लिया। सिंह ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इसके बाद आरोपी वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने का भय दिखाकर युवती के साथ नौ वर्षों से लगातार दुष्कर्म करता रहा।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सांसद ने किया क्षेत्र का दौरा



संसदीय क्षेत्र पहुंची सांसद डा रीता बहुगुणा जोशी।

**प्रयागराज।** भारतीय स्वतंत्रता के स्वीधनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त हर घर तिरंगा के अन्तर्गत सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी ने रविवार को करछना विधान के ग्राम गलिबाबाद में मो शफीक उर्फ ननकू के घर पर तिरंगा झण्डा फहराया। वहां पर उपस्थित लोगों से अपील की आप लोग अपने अपने घर पर तिरंगा झण्डा फहराएँ एवं अपने देश पर गर्व महसूस करिए। इसके उपरान्त प्रो रीता बहुगुणा जोशी मेजा विधान सभा के मेजा रोड चौराहे पर स्थित पर पूर्व ब्लाक प्रमुख राम स्वरूप पाण्डेय उर्फ बबऊ पाण्डेय के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रो जोशी ने मेजा क्षेत्र के महान जनसेवक सामाजिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपनी योगदान देने वाले स्व ब्रदीनाथ तिवारी इंटर कालेज के प्रागंण में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और एनसीसी कैडेटों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुई। मेजा रोड चौराहे पर हर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत झण्डा वितरित किया और सभी को अपने घर पर झण्डा लगाने की अपील की। डा रीता बहुगुणा जोशी ने भीरपुर करछना में खन्ना भाई की प्रसिद्ध चाय एवं लस्सी की दुकान पर पहुंचकर झण्डा लगाया और लोगों से अपील किया की आप लोग अपने प्रतिष्ठानों पर झण्डा लगाए। उसके उपरान्त प्रो जोशी ने जिला प्रशासन प्रयागराज द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मनाए जा रहे कार्यक्रम 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन जूलुस में इलाहाबाद विवि के विजय नगरम हाल से होकर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क स्थित गेट नं तीन पर अभिलेख प्रदर्शनी स्थल पर शान्ति पाठ में सम्मिलित हुई। पूर्व विधायक आनन्द पाण्डेय उर्फ कलेक्टर पाण्डेय जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रेमशंकर शुक्ल उर्फमुन्नन शुक्ला जिला महामंत्री राजेश शुक्ला सन्त प्रसाद पाण्डेय आर के पाण्डेय अभिषेक शुक्ला राजेश त्रिपाठी विजय मिश्रा बाबा ओझा तपस्वी तिवारी राजेश पाण्डेय आशीष मिश्रा अमरेश तिवारी प्रदीप पाण्डेय मण्डल अध्यक्ष विनोद तिवारी वीरेन्द्र तिवारी संजय विश्वकर्मा विष्णु शुक्ला स्वप्निल द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

## इफको नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का निरीक्षण करने पहुंचे प्रबंध निदेशक

**बरेली।** इफको नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का निरीक्षण करने पहुंचे प्रबंध निदेशक महोदय डॉ उदय शंकर अवस्थी जी ने आंवला इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक श्री राकेश पुरी जी से कार्य प्रगति का जायजा लिया किसान भाइयों को नैनो यूरिया उपलब्ध कराने के लिए आंवला इकाई पर संयंत्र निर्माणाधीन है जल्द ही नैनो की तरल यूरिया बोतल का उत्पादन इफको आंवला से शुरू हो जाएगा पूर्णतया अत्याधुनिक संयंत्र को बनाने के लिए दिन रात इंजीनियरों की विशेष टीम कार्य कर रही है नैनो संयंत्र के भ्रमण के दौरान प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी जी ने कार्य में जुटे इंजीनियरों के दल और कर्मियों से निर्माणाधीन संयंत्र प्रगति पर विस्तार से चर्चा की । प्रबंध निदेशक महोदय ने निरीक्षण के दौरान इस बात पर ज्यादा बल दिया कि किसानों को उन्नत पैदावार से फसल ज्यादा मुनाफा दे इसके लिए महत्वकांक्षी परियोजना नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र उत्पादन के लिए जल्द से जल्द तैयार हो।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली रैली

**सीतापुर।** गल्ला मण्डी सीतापुर में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कृषि उत्पादन मण्डी समिति सीतापुर के तत्वावधान में हर घर तिरंगा के तहत मण्डी सचिव डी.पी. सिंह की अगुवाई में गल्ला मण्डी सीतापुर के सभी व्यापारी/मिलर्स/ श्रमिक एवं किसान भाइयों ने एक भव्य विशाल जागरूकता रैली गल्ला मण्डी मेन गेट से पुरानी गल्ला मण्डी/नई गल्ला मण्डी एवं सब्जी मंडी में निकाली गई। मण्डी सचिव डी.पी. सिंह, मण्डी निरीक्षक विवेक शुक्ला, मण्डी निरीक्षक संजय कुमार, राम सहाय पाल, सीतापुर कच्चा आढ़ती एवं ट्रेडर्स एसोसिएशन के महामंत्री विनय गुप्ता, विजय बंसल, मुन्ना गुप्ता (लम्बू), राधेश्याम गुप्ता, मनीष राठौर, संदीप भरतिया, तेजनारायन भरतिया, विमल गुप्ता, दीपू गुप्ता, रामनाथ गुप्ता, रजनीश गुप्ता, मोहित मिश्रा, मुरारी जी,रामकुमार जायसवाल, गौरव जायसवाल, पंकज गुप्ता, सईद, फूल सिंह आदि ने रैली में भाग लिया।

## फांसी इमली शहीद स्थल को राष्ट्रीय धरोहर स्मारक बनाने की मांग

- पूर्व काबीना मंत्री और विधायक मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने सीएम को लिखा पत्र



सिद्धार्थ नाथ सिंह।

**प्रयागराज।** पूर्व कैबिनेट मंत्री और शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर फांसी इमली शहीद स्थल को राष्ट्रीय धरोहर स्मारक बनाने की मांग की है। 1857 की क्रांति के दौर में प्रयागराज सुलेमसराय में स्थित फांसी इमली शहीद स्थल बन गया था। बताया कि ब्रिटिश साम्राज्य की सरकार के हुकूमत ने लगभग 600 भारतीयों को फांसी इमली के पेड़ में लगा दी गयी थी। अंग्रेजों ने आसपास 8 गांव को पूरी तरह जलाकर बर्बाद कर दिया गया था। यह भी कहा जाता है कि आठ गांवों को जलाने के बाद बसा था प्रयागराज का सिविल लाइंस 1857 में आधारशिला रखी गयी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर देश की आजादी के 75 वर्ष होने पर अमृत महोत्सव के रूप हर घर तिरंगा फहराने का जनजागरण अभियान में हर प्रयागराज वासी जुटा है। विगत दिनों तिरंगा यात्रा के दौरान स्थानीय नागरिकों ने फांसी इमली शहीद स्थल को राष्ट्रीय धरोहर स्मारक बनाने की ज्ञापन पत्र सौंपा था। समाचार पत्र लेख लिखकर हर नागरिकों को जनजागृति करने का प्रयास कर रहे है। फांसी इमली शहीद स्थल पर कई निर्दोष भारतीयों को फाँसी लगाने की मर्मम कांड ने झकझोर दिया था। हर प्रयागराजवासी यादकर शहीदों को नमन कर रहा है। ऐतिहासिक स्थल विकसित न होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई वर्षों से स्थानीय नागरिकों ने राष्ट्रीय धरोहर स्मारक बनाने की मांग करते चले आ रहे है। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने लिखे पत्र में 1857 की क्रांति में प्रयागराज के बलिदान के इतिहास को उल्लेखित करते हुए राष्ट्रीय धरोहर स्मारक के रूप में विकसित कराने की मांग किया है।

### क्रास कंट्री रेस का आयोजन

**सीतापुर।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को जिला खेल कार्यालय सीतापुर की ओर से दो वर्गो में क्रास कंट्री रेस का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में लगभग 170 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

## हजारों वर्षों से सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र है राष्ट्र: त्रिपाठी



तिंरगा यात्रा में शामिल लोग।

**प्रयागराज।** कांस्टीट्यूशनल एवं सोसल रिफार्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता ए एन त्रिपाठी का कहना है कि संविधान ने स्वतंत्रता का अधिकार दिया है किन्तु यह अनियंत्रित अधिकार नहीं है। कोई भी उसी सीमा तक स्वतंत्र है। जहां तक उसकी आजादी दूसरे के अधिकारों का उल्लघंन नहीं कर देती। त्रिपाठी ने कहा कि भारत हजारों वर्षों से सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र राष्ट्र है। आज भी जंबू द्वीपे भरत खंडे आर्यावर्तेक देशे का संकल्प लिया जाता है। अंग्रेजों ने 1947 में देश विभाजन के साथ सत्ता हस्तांतरण किया। सत्ता मिलने के साथ ही संविधान सभा बनी जिसने विश्व की मान्यताओं को समाहित करते हुए 1949 में भारतीय संविधान को अंगीकार किया। जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। त्रिपाठी ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में ही नागरिकों की स्वतंत्रता का खाका खींच दिया गया है और अनुच्छेद 19 में सात स्वतंत्रताओ में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी गई है। जो गणतंत्र की रीढ़ है। किंतु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता स्वच्छंद नहीं है। सरकार द्वारा नियंत्रित है। त्रिपाठी ने कहा कि संविधान सभा ने जहां नागरिकों के मूल अधिकार तय किए वहीं सरकार के लिए भविष्य के नीति निर्देशक सिद्धांत भी दिये।यह महत्वपूर्ण है किन्तु सरकारों ने राजनीतिक कारणों से इनकी उपेक्षा ही की। त्रिपाठी ने कहा कि संविधान में अधिकार थे किन्तु नागरिकों के कर्तव्य नहीं थे। जिसे 42 वें संशोधन से संविधान में जोड़ा गया। त्रिपाठी ने कहा कि संविधान में अधिकार थे किन्तु नागरिकों के कर्तव्य नहीं थे। जिसे 42 वें संशोधन से संविधान में जोड़ा गया। जहां गौरवशाली जीवन के लिए स्वतंत्रता जरूरी है वहीं कर्तव्य भी तय होने ही चाहिए। इन दोनों के बिना मनुष्य जीवन अस्तित्व विहीन होगा।लिंकन ने ठीक ही कहा है कि प्रत्येक नागरिक ऐसा काम करें जिससे लोग उसे याद रखें। थामस जैफर्सन ने कहा अखबार और सरकार में चुनना पड़े तो वह अखबार चुनेंगे। इसलिए सोसल मीडिया जरूरी है जो सरकार को आईना दिखाती है किन्तु इसे अनियंत्रित नहीं छोड़ा जा सकता। मनुष्य स्वतंत्र पैदा होता है उसके बाद सामाजिक बंधन में जीवन बिताता है। अधिकार से कर्तव्य का अधिक महत्व है। एक का कर्तव्य ही दूसरे के अधिकारों का सृजन करता है। 75 वें स्वतंत्रता वर्ष में हमें इसका ध्यान रखना चाहिए।

## महिला पुलिसकर्मियों ने तिरंगा यात्रा निकाल नारी शक्ति का दिया संदेश

संवाददाता। सीतापुर

**आजादी के** अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर सीतापुर की सड़कों पर महिला पुलिस कर्मियों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर नारी शक्ति का संदेश दिया। पुलिस लाइन से महिला पुलिस कर्मियों की तिरंगा यात्रा लालबाग चौराहा, आंख अस्पताल, तरणताल से जीआईसी होते हुए वापस पुलिस लाइन में आकर समाप्त हो गई। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह, सीओ सिटी पियूष कुमार सिंह, सीओ लाइन एसके दुबे, टीआई फरीद अहमद और महिला थाना प्रभारी पूजा यादव कर रही थी। देश भक्ति के गीतों के साथ हांथों में तिरंगा लेकर पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी सड़कों पर कदम ताल कर रहे थे, तो पीछे-पीछे तिरंगा लेकर चल रहीं महिला पुलिस कर्मी भी संदेश दे रही थी कि वह किसी से कम नहीं। इस तिरंगा यात्रा के दौरान मां तुझे सलाम और सारे जहां से अच्छा गीत बज रहा था। इससे पहले पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने यूपी 112 वाहनों तिरंगा मार्च पास्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यूपी 112 वाहनों का तिरंगा मार्च पास्ट पुलिस से प्रारंभ होकर खैराबाद टोल प्लाजा पहुंचकर टोल प्लाजा के कर्मियों के साथ संयुक्त रूप से टोल प्लाजा के कार्यालय पर राष्ट्रध्वज फहराया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरीय डा. राजीव दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नरेन्द्र प्रताप सिंह, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन सुजीत दुबे, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु शोभित, प्रतिसार निरीक्षक राज कुमार, 112 के प्रभारी राकेश सिंह व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# गिल को तीसरे क्रम पर करनी पड़ सकती है बल्लेबाजी

## ●राहुल की वापसी का असर, भारत का जिम्बाब्वे दौरा

**भाषा।** नई दिल्ली





**जिम्बाब्वे** के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला एशिया कप से पहले लोकेश राहुल के लिए लय को परखने का शानदार मौका होगा और ऐसे में वह आगामी मैचों में शिखर धवन के साथ पारी का आगाज करना पसंद करेंगे। इस दौरे पर टीम की कमान संभाल रहे राहुल अगर पारी का आगाज करेंगे तो वेस्टइंडीज के दौरे पर धवन के साथ इस भूमिका को निभाने वाले शुभमन गिल को तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आना पड़ सकता है। भारतीय टीम के लिए अभी टी20 विश्व कप सर्वोपरि है और जहां तक सबसे छोटे प्रारूप की बात है तो गिल भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है। ऐसे में 27 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप से पहले टीम प्रबंधन चोट से वापसी कर रहे राहुल को बल्लेबाजी का पर्याप्त मौका देना चाहेगा। गुरुवार (18 अगस्त) से हरारे में शुरू होने वाली तीन मैचों की संक्षिप्त श्रृंखला के लिए मुख्य कोच राहुल द्रविड़ टीम के साथ नहीं होंगे। उनकी जगह एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण कोच की भूमिका निभाएंगे। यह लगभग निश्चित है कि लक्ष्मण मुख्य कोच द्वारा निर्धारित खाके का पालन करेंगे। राहुल की वापसी ने शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज गिल के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। गिल ने वेस्टइंडीज में 50 ओवरों के प्रारूप में शानदार बल्लेबाजी की। वह 64, 43 और नाबाद 98 रन की मैच जिताऊ पारियों के बाद मैन ऑफ द सीरीज बने थे। राष्ट्रीय टीम के पूर्व चयनकर्ता और टेस्ट मैचों के सलामी बल्लेबाज देवांग गांधी ने इस मुद्दे पर कहा, मुझे लगता है कि शुभमन को भारतीय टीम प्रबंधन द्वारा सही तरीके से तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कैरेबियाई सरजमीं पर एकदिवसीय मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि टीम खिलाड़ियों को इस तरीके से तैयार कर रही कि वह किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सके। इस विशेष श्रृंखला के लिए शुभमन को तीसरे नंबर पर आना पड़ सकता है देवांग की बातों से पूर्व भारतीय खिलाड़ी दीप दास गुप्ता भी सहमत दिखे। उन्होंने कहा, इतनी अच्छी लय में होने के बाद किसी खिलाड़ी के लिए यह मुश्किल है। टीम का लक्ष्य फिलहाल राहुल को एशिया कप टी20 के लिए सलामी बल्लेबाज के तौर पर तैयार करना होगा। उसे बल्लेबाजी के लिए काफी समय मिलना चाहिए और यह मेरी प्राथमिकता है। मुझे लगता है कि यह एक अल्पकालिक व्यवस्था होगी क्योंकि मुझे लगता है कि शुभमन को एकदिवसीय विश्व कप के लिए सलामी बल्लेबाज के रूप में तैयार किया जा रहा है।

## एशियाई खेलों, ओलंपिक में पदक जीतना अगला लक्ष्यः पहलवान मोहित

**भाषा।** भिवानी

**राष्ट्रमंडल खेलों** में 125 किलोग्राम भार वर्ग की फ्री स्टाईल कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले मोहित ग्रेवाल ने रविवार को यहां कहा कि अब उनका अगला लक्ष्य एशियाई खेलों और ओलंपिक जैसे आयोजनों में पदक जीतना है। पदक जीतकर अपने पैतृक गांव बामला लौटे मोहित का यहां के घंटाघर चौक पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसके बाद विजय जुलूस निकालते हुए उसे गांव बामला तक ले जाया गया। बामला में भी मोहित का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्थानीय प्रशंसकों ने मोहित का स्वागत फूल-मालाओं, ढ़ोल-नगाड़ों व नोटों की मालाओं के साथ स्वागत किया। इस मौके पर मोहित ने कहा कि वह अपनों के बीच पहुंचकर गौरवान्वित महसूस कर रहे है। मै इस पदक को गुरु, परिवार व खेल प्रेमियों की दुआओं के चलते जीत पाया हूं। अब मेरा ध्यान आगामी प्रतियोगिताओं पर है। मैं अगले साल एशियाई खेलों और 2024 में ओलंपिक में इससे बेहतर प्रदर्शन करना चाहता हूं।

## निकहत ने पीएम मोदी को दस्ताने और हिमा ने पारंपरिक गमछा भेंट किया

**भाषा।** नई दिल्ली



भारतीय खिलाड़ियों ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किए जाने पर खुशी और आभार व्यक्त किया जिसमें निकहत जरीन ने उन्हें मुक्केबाजी ग्लव्ज और स्प्रिंटर हिमा दास ने पारपंरिक असमी गमछा उपहार में दिया। मोदी ने शनिवार को अपने निवास पर भारतीय दल की मेजबानी की और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। भारतीय खिलाड़ियों ने बर्मिंघम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 61 पदक हासिल किए जिसमें 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल हैं। मुक्केबाज निकहत ने ट्वीट किया, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर को सभी मुक्केबाजों के हस्ताक्षर किए हुए मुक्केबाजी ग्लव्ज उपहार में देने से सम्मानित महसूस कर रही हूं। इस शानदार मौके के लिए आपका शुक्रिया। देश को गौरवान्वित करने वाले अपने साथी खिलाड़ियों के साथ शानदार दिन बिताया। विश्व चैम्पियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता स्टार मुक्केबाज निकहत ने बर्मिंघम में अपने वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। हिमा ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, राष्ट्रमंडल खेल 2022 की बदौलत हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आर्शीवाद प्राप्त करके उत्साहित हूं। भाग्यशाली हूं कि उन्हें हमारा पारपंरिक गमछा उपहार में पेश किया जो पूरे असम की कृतज्ञता से भरा है। तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक रजत पदक जीतने के एक साल बाद राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली चैम्पियन भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने प्रधानमंत्री को उनकी प्रोत्साहन भरी बातों के लिए धन्यवाद कहा। चानू ने कहा, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर से मिलने और बातचीत करने के बाद सम्मानित महसूस कर रही हूं। आपके समर्थन और प्रोत्साहन के लिए शुक्रिया सर। जय हिंद। प्रधानमंत्री ने भारतीय दल का अभिनंदन करते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय खेलों का स्वर्णिम काल दस्तक दे रहा है और अच्छे प्रदर्शन पर संतोष करके चुप नहीं बैठना है।

## बार्सिलोना और रायो वालेकानो ने गोलरहित ड्रा खेला

**बार्सिलोना।** नए लुक मे उतरी बार्सिलोना की टीम को शनिवार को स्पेनिश लीग के शुरूआती मैच मे रायो वालेकानो से गोलरहित ड्रा के कारण अंक बांटने पड़े। बार्सिलोना के प्रशंसको को सत्र की शुरूआत ड्रा करने से काफी निराशा हुई जिसमे रायो वालेकानो ने अच्छी चुनौती पेश की जिससे रोबर्ट लेवांडोवस्की पदार्पण मे गोल करने मे नाकाम रहे। वही मैच के अंतिम मिनट मे बार्सिलोना के सर्गियो बुस्केट्स को रेड कार्ड दिखा दिया गया जिससे वह रियाल सोसीडाड के खिलाफ मैच मे नही खेल पाएंगे। अन्य मैचो मे विलारियाल ने एलेक्स बाएना के दो गोल की मदद से वालाडोलिड पर 3-0 से जीत हासिल की।

## लुकाकु का गोल, इंटर मिलान ने लीस को 2-1 से हराया

**मिलान।** रोमेलु लोकाकु को वापसी मे आकर गोल करने मे महज 82 सेकेंड लगे जिससे इंटर मिलान ने शनिवार को सीरी ए फुटबॉल मैच मे लीस पर 2-। से जीत हासिल की। बेल्जियम के स्ट्राइकर लोकाकु के दूसरे मिनट मे किए गए गोल से इंटर मिलान ।-0 से बढ़त बनाए था। इंटर मिलान ने चेल्सी से उधार पर फिर से लुकाकु को जोड़ा है। पर दूसरे हाफ मे लीस ने असान सीसे के 48वे मिनट मे किए गए गोल से स्कोर ।-। बराबर कर दिया। फिर डेंजेल डमफ्राइज के (90.5 वे मिनट मे किए गए) गोल ने सुनिश्चित किया ।

## नेमार के दो गोल, पीएसजी ने फ्रेंच लीग में मोंटपेलियर को 5-2 से हराया

**पेरिस।** नेमार और स्ट्राइकरो के शानदार प्रदर्शन से पेरिस सेंट जर्मेन क्लब ने फ्रेंच लीग फुटबॉल मैच मे मोंटपेलियर पर 5-2 से जीत हासिल की। वही ग्रोइन चोट से वापसी कर रहे किलियान एमबापे ने गोल कर खाता खोला लेकिन पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए। नेमार ने शनिवार को दो गोल दागे जिससे उनके दो लीग मैचो मे तीन गोल हो गए है। वही लियोनल मेस्सी मुकाबले मे कोई गोल नही कर सके। सेंटरबैक फालाए साको ने एमबापे के शॉट की दिशा बदलने का प्रयास किया लेकिन 39वे मिनट मे वह आत्मघाती गोल कर बैठे और पीएसजी का खाता खुल गया। नेमार ने 43वें मिनट मे पेनल्टी से गोल कर टीम को 2-0 से आगे कर दिया और फिर उन्होने इसके बाद 51वे मिनट मे अपना दूसरा गोल किया।

## चोटिल हेनरी की जगह सियर्स को न्यूजीलैंड टीम में मिला मौका

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी पसली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के मौजूदा दौरे से टीम से बाहर हो गए है और उनकी जगह नए तेज गेंदबाज बेन सियर्स को मौका दिया गया है। हेनरी ने पिछले सप्ताह अभ्यास के दौरान पहली बार पसली की बाई ओर दर्द का अनुभव किया था। चोट मे सुधार नही होने के बाद टीम मे उनकी जगह दूसरे खिलाड़ी को शामिल किया गया। कोच गैरी स्टीड ने न्यूजीलैड क्रिकेट की वेबसाइट से कहा कि यह एहतियाती कदम है।

## ओलीवियर इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला से बाहर

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डुआने ओलीवियर चोटिल होने के कारण इंग्लैड के खिलाफ 17 अगस्त से शुरू हो रही तीन टेस्ट की श्रृंखला में नही खेल पाएंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बताया कि ओलीवियर के कूल्हे में चोट लगी है। इस तेज गेंदबाज को केंटरबरी में इंग्लैड लॉयन्स के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी।

## फीफा प्रतिबंध की धमकी पर छेत्री ने खिलाड़ियों से कहा, ज्यादा ध्यान मत दो

**भाषा।** बेंगलुरू



**अनुभवी** स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने रविवार को साथी खिलाड़ियों को भारतीय फुटबॉल पर फीफा निलंबन के खतरे पर ज्यादा चिंता नहीं करने और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखने की सलाह दी। इस महीने के शुरू में विश्व फुटबॉल संचालन संस्था फीफा ने तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के कारण अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को निलंबित करने और इससे अक्टूबर में महिला अंडर-17 विश्व कप की मेजबानी के अधिकार छीनने की धमकी दी थी। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय महासंघ को चुनाव कराने का निर्देश दिया था जिसके कुछ ही दिन बाद यह चेतावनी जारी की गई थी। उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त की गई प्रशासकों की समिति (सीओए) ने हालांकि तब से चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी है और चुनाव 28 अगस्त को कराए जाने हैं। छेत्री ने नए सत्र की तैयारियों पर उनके क्लब बेंगलुरू एफसी द्वारा आयोजित वर्चुअल मीडिया बातचीत के दौरान कहा, मैंने लड़कों से बात की है और मेरी सलाह है कि ज्यादा ध्यान इस पर मत लगाओ क्योंकि यह आपके नियत्रंण से बाहर की चीज है। जो लोग शामिल हैं, वो यह सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहे हैं कि हम सर्वश्रेष्ठ संभव नतीजा हासिल कर लेंगे। हर कोई इस ओर कड़े प्रयास कर रहा है। जहां तक खिलाड़ियों का संबंध है तो हम सुनिश्चित करेंगे कि हम अपना काम उचित तरीके से करें। हमें सुनिश्चित करना होगा कि आप खुद को बेहतर खिलाड़ी बनाओ। जब भी आपको अपने क्लब या अपने देश के प्रतिनिधित्व का मौका मिले तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करो। छेत्री ने कहा, एआईएफएफ में सभी हर संभव तरीके से इससे निपटने की कोशिश कर रहे हैं ताकि नतीजा हमारे हक में रहे। भारत को 11 से 30 अक्टूबर तक फीफा महिला अंडर-17 विश्व कप की मेजबानी करनी है। डूरंड कप 16 अगस्त से कोलकाता में शुरू होगा जिसमें बेंगलुरू एफसी का सामना टूर्नामेंट के दूसरे दिन जमशेदपुर एफसी से होगा। बेंगलुरू एफसी ने 2013 में आने के बाद लगभग हर बड़ा राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया है इसलिए टीम अपनी ट्राफी कैबिनेट में डूरंड कप ट्राफी अपने नाम करने के लिए बेताब होगी। यह बहुत ही विशेष है। यह सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक है जो बहुत बड़ी बात है।

## उम्मीदवारों की सूची स्पष्ट होने के बाद बैठक कर अध्यक्ष पद पर फैसला करेंगे : भूटिया

**गंगटोक।** भारत के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया का मानना है कि राष्ट्रीय टीम के पूर्व सीनियर खिलाड़ी ब्रूनो कोटिन्हो और आईएम विजयन अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष पद के लिए कहीं अधिक योग्य उम्मीदवार हैं, लेकिन वह कोई फैसला करने से पहले मतदाताओं की सूची बनने का इंतजार करना चाहेंगे। चुनाव अधिकारी ने 67 मतदाताओं की पहली सूची जारी की है जिसमें 31 राज्य इकाइयों के प्रतिनिधि और 36 दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी शामिल हैं। बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के शामिल होने पर विश्व फुटबॉल के शासी निकाय फीफा ने नाराजगी जताई है। ऐसे में भूटिया मतदान करने वालों की पूरी सूची प्रकाशित होने तक इंतजार करना चाहते हैं। भूटिया ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा, मैं उच्चतम न्यायालय को धन्यवाद देता हूं क्योंकि पूर्व खिलाड़ियों को शामिल करने का फैसला स्वागत योग्य कदम है।

## पुजारा ने सर्वश्रेष्ठ 174 रन की पारी खेली

**भाषा।** होव

### ● रॉयल लंदन कप वनडे



**भारत के टेस्ट** विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को यहां लिस्ट ए में करियर की सर्वश्रेष्ठ 174 रन की पारी खेलते हुए 48 घंटे के भीतर दूसरा शतक जड़ा जिससे ससेक्स ने रॉयल लंदन कप एकदिवसीय चैंपियनशिप में सरे के खिलाफ छह विकेट पर 378 रन बनाए। शुक्रवार को पुजारा ने वारविकशर के खिलाफ 79 गेंद में 107 रन की पारी खेली थी लेकिन उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा। रविवार को ससेक्स ने होव के छोटे काउंटी मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार ओवर में नौ रन तक ही दो विकेट गंवा दिए थे। टॉम क्लार्क (104 गेंद में 106 रन) और पुजारा ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 205 रन जोड़कर पारी को संभाला। लिस्ट ए क्रिकेट में लगभग 55 के औसत से रन बनाने वाले पुजारा ने 50 ओवर के प्रारूप में अपना 13वां शतक पूरा किया और इस दौरान 131 गेंद की अपनी पारी में 20 चौके और पांच छक्के मारे। पुजारा 48वें ओवर में पवेलियन लौटे। उन्होंने तेज गेंदबाजों मैट डुन, कोनोर मैककेर और रेयान पटेल के अलावा स्पिनरों अमर विर्दी और यूसेफ माजिद पर भी छक्के मारे। लीसेस्टर के ग्रेस रोड ग्राउंड पर बाएं के स्पिनर कृणाल पंड्या वारविकशर के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने एक अन्य लिस्ट ए मैच में लीसेस्टरशर के खिलाफ 69 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लीसेस्टर ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 338 रन बनाए। पंड्या ने लुई किंबर (78), दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वियान मुल्डर (68) और आरोन लिली (33) को आउट किया। भारत के अनुभवी टेस्ट तेज गेंदबाज उमेश यादव ने मिडिलसेक्स की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 58 रन देकर दो विकेट चटकाए। उन्होंने समरसेट के सलामी बल्लेबाजों एंड्रयू उमेद (10) और कप्तान जेम्स रयु (114) को पवेलियन भेजा। उमेश ने अब तक चार मैच में 13 विकेट चटकाए हैं। समरसेट ने 50 ओवर में छह विकेट पर 335 रन बनाए। केंट की ओर से खेल रहे भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को कोई विकेट नहीं मिला। नॉर्थम्पटनशर की टीम 210 रन पर सिमट गई। इस दौरान सैनी ने 43 रन खर्च किए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। महिला हंड्रेड टूर्नामेंट में जेमिमा रोड्रिग्स सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गई लेकिन उनकी टीम नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स ने लंदन स्पिरिट को पांच रन से हरा दिया।

## दो बार की चैंपियन सिमोना हालेप टोरंटो फाइनल में

**भाषा।** टोरंटो

**दो बार की चैम्पियन** सिमोना हालेप ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराकर नेशनल बैंक टेनिस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना ब्राजील की बिट्रिज हदाद माइया से होगा। रोमानिया की हालेप ने सेमीफाइनल में पेगुला को 2-6 6-3 6-4 से शिकस्त दी। वहीं हदाद माइया ने दूसरे सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की 14वीं वरीय कैरोलिना प्लिस्कोवा पर 6-4, 7-6 से जीत हासिल की। पंद्रहवीं वरीयता प्राप्त हालेप ने 2016 और 2018 में मांट्रियल में टूर्नामेंट जीता था।



## 70 व 80 के दशक के दिग्गजों की फिर होगी फुटबॉल में भूमिका

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय क्लब** फुटबॉल में 1970 और 1980 के दशक में अपने कौशल से सभी को मंत्रमुग्ध करने वाले शब्बीर अली, मनोरंजन भट्टाचार्य जैसे पूर्व राष्ट्रीय कप्तानों की आगामी दिनों में भारतीय फुटबॉल में बड़ी भूमिका हो सकती है। एक दशक से अधिक समय तक वन मैन शो (सिर्फ एक व्यक्ति के इशारे पर चलने वाला) रहे भारतीय फुटबॉल किस राह जाएगी इसमें इनके विवेक की अहम भूमिका रहेगी। इन दोनों के अलावा 34 अन्य अपने जमाने के जाने माने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अब उस मतदाता सूची का हिस्सा हैं जो अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की अगली आम सभा का चयन करेंगे जबकि इस बीच खेल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा के प्रतिबंध की आशंका भी बढ़ रही है। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर 28 अगस्त को होने वाले चुनावों की शुरूआती 67 सदस्ईय मतदाता सूची में भारत के 24 पुरुष और 12 महिला पूर्व खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इस सूची में बाईचुंग भूटिया, आईएम विजयन, मॉरीसिया अल्फोंसो, क्लाइमेक्स लॉरेंस, प्रसून बनर्जी, विश्वजीत भट्टाचार्य, ब्रूनो कोटिन्हो, ओइनम बेमबेम देवी जैसे पूर्व भारतीय कप्तान शामिल हैं। नियमों के अनुसार प्रतिष्ठित खिलाड़ी

### ● एआईएफएफ मतदाता सूची

ने भारत के लिए कम से कम दो मैच खेले हों और चुनाव की तारीख से कम से कम दो साल पहले संन्यास ले लिया हो। मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ एक बड़ा राजनेता एआईएफएफ अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हो गया है। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व खेल मंत्री और मौजूदा केंद्रीय मंत्री सरवानंद सोनोवाल का नाम सामने आ रहा था। भारतीय जनता पार्टी के विधायक और असम फुटबॉल संघ के अध्यक्ष नाबा कुमार डोले और फुटबॉल दिल्ली के प्रमुख शाजी प्रभाकरन का नाम भी मतदाता सूची में शामिल है। कोई भी व्यक्ति जो निर्वाचक मंडल का सदस्य और भारतीय नागरिक है वह एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिए चुनौती पेश कर सकता है। एआईएफएफ के ए चुनाव फीफा की भारत पर प्रतिबंध लगाने और तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के कारण अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी का अधिकार को छीनने की धमकी के बीच हो रहे हैं। फीफा ने भी 36 खिलाड़ियों को मतदाता सूची में शामिल करने पर नाखुशी व्यक्त की है जो राज्य संघों के प्रतिनिधियों की संख्या के समान है। वैश्विक संस्था ने इस कदम को अविवेकपूर्ण करार दिया है। हालांकि देश में फुटबॉल का संचालन कर रही तीन सदस्ईय प्रशासकों की समिति (सीओए) चुनाव को लेकर आगे बढ़ रही है। इसने एक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है जिसने मतदाता सूची तैयार की है।

## होंडा रेसिंग इंडिया के राइडर सेंथिल एएआरसी रेस टू में 15वें स्थान पर रहे

**तोक्या।** इदेमित्सु (आईडीईएमआईटीएसयू) होंडा रेसिंग भारतीय टीम ने रविवार को यहां 2022 एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप (एआरआरसी) के तीसरे दौर में सेंथिल कुमार के 15वें स्थान पर रहने से एक अंक अर्जित किया। स्पोर्ट्सलैंड एसयूजीओ अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर हो रही प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रहे सेंथिल शुरुआती दौर में रेस पूरी नहीं कर सके थे लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए टीम के लिए एक अंक हासिल किया। शनिवार को पिछले चरण में पांचवें स्थान पर रहने वाले टीम के उनके साथी चालक राजीव सेतु इस रेस की शुरुआत में की गई गलती से उबरने में नाकाम रहे। वह इस दौर में 17वें स्थान पर रहे।

## खेल को अलविदा कहने की तैयारी कर रही सेरेना के सामने अगली चुनौती राडुकानु की

**भाषा।** मैसन (ओहियो)



**दिग्गज महिला** टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स सोमवार को वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन में उतरेंगी जहां उनके शानदार करियर के आखिरी कुछ मैचों में से एक होने की उम्मीद है। वह इस टूर्नामेंट में अमेरिकी ओपन चैम्पियन 19 साल की ऐमा राडुकानु के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेंगी। अमेरिकी ओपन की तैयारी करने वाले खिलाड़ियों के लिए यह एक आदर्श टूर्नामेंट है। ऐसे में इसमें टेनिस के कई बड़े सितारे चुनौती पेश करते है। टूर्नामेंट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी केटी हास ने कहा, सेरेना विलियम्स एक वैश्विक सितारा हैं, उनका प्रभाव टेनिस से बाहर भी काफी अधिक है। उन्होंने कहा, हम भाग्यशाली हैं कि उन्हें दो बार यहां जीतते हुए देखा है। हम उनके अविश्वसनीय करियर के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक में उनके स्वागत के लिए तैयार है। चालीस साल की सेरेना ने हाल ही में कहा था कि वह एक और बच्चे की मां बनने और व्यावसायिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए टेनिस को अलविदा कहने का मन बना रही है। समझा जा रहा है कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम विजेता 29 अगस्त से शुरु होने वाले अमेरिकी ओपन में आखिरी बार पेशेवर टूर्नामेंट में खेलते हुए दिखेंगी।सेरेना वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन में अगर विजई शुरुआत करती है तो दूसरे दौर में उनके सामने कैरोलिना प्लिस्कोवा और तीसरे दौर में बहन वीनस विलियम्स की चुनौती हो सकती है।

# साइकिल पर तिरंगा लहराते निकले खिलाड़ी



**लखनऊ।** भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के बीच प्रदेश के साइकिलिस्टों सहित अन्य खेलों के खिलाड़ियों ने साइकिल तिरंगा यात्रा निकाली।

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित साइकिल तिरंगा यात्रा की शुरुआत केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर हुई। तिरंगा यात्रा को मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजन सचिव आनन्द किशोर पाण्डेय ने बताया कि रविवार सुबह 6.30 बजे 350 साइकिलिस्ट केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर एकत्रित हुए जहां उन्हें तिरंगा झंडे वितरित किए गए और फिर साइकिल तिरंगा यात्रा की शुरुआत हुई। प्रदेश के उत्कृष्ट साइकिलिस्टों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान दिया गया । अर्जित सिंह ,अबु हुबैदा,अंश पाण्डेय ,संतोष सिंह,अनुष्का शर्मा , अमृतांश ,डा प्रभात रंजन व स्वर्गीय अमृता रंजन को संयुक्त पुरस्कार।

## अमृत महोत्सव खेल में खिलाड़ियो ने दिखाया दम

**लखनऊ।** 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस की 75वीं वर्षगाठ एवं आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति द्वारा जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन केडीसिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में किया जा रहा है जिसमें ताईक्वाण्डो, हैण्डबाल, कबड्डी, खो-खो, हाकी एवं टीटी की बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सफल खिलाड़ी वैभव बनौधा,सुमित सिंह,गौरांग शुक्ला देव थापा,वैभव सिंह ,अक्षय श्रीवास्तव,निलेश आर्या,अनुपम मिश्रा,दिव्यांश श्रीवा, बालिका वर्गः-आराध्या,आर्या त्रिपाठी,इरा मिश्रा,नव्या,दशनशी चर्तुवेदी,खुशीद्वितीय-जैनब। कबड्डी में बालिका वर्ग के फाइनल मैच राजकीय विकास नगर बनाम जस एकेडमी के मध्य खेला गया जिसमें दोनो ही टीमों ने काफी संघर्ष पूर्ण मुकाबला देखने को मिला। दोनो ही टीमें 35-35 के स्कोर पर बराबरी पर रही अन्तिम मिनट में राजकीय विकास नगर ने एक अंक बढ़ाकर अपनी टीम को जिला स्तरीय बालिका कबड्डी का खिताब जीता दिया। खो-खो की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ चौक स्टेडियम अजय कुमार सेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी ने किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में केन्द्रीय विद्यालय कैण्ट ने एक अंक से केन्द्रीय विद्यालय आरडीएसओ को पराजिम कर खिताब अपने नाम कर लिया। हाकी बालिका वर्ग का उद्घाटन रजनीश मिश्रा, अन्तर्राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी ने किया। फाइनल मुकाबला वीर शिवाजी हाकी एकेडमी और लखनऊ छात्रावास ने मध्य खेला गया जिसमें लखनऊ छात्रावास 1-0 से विजय प्राप्त की। हाकी बालक वर्ग का उद्घाटन देवेश चौहान, ओलम्पियन तथा क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी ने किया। आज आयोजित हुयी प्रतियोगिता में पहला मैच गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज एवं वीर शिवाजी के मध्य खेला गया, जिसमें स्पोर्ट्स कालेज की टीम 4-0 से विजयी रही। प्रतियोगिता का दूसरा मैच केडीसिंह बाबू सोसाइटी बनाम लखनऊ छात्रावास के मध्य खेला गया जिसमें लखनऊ छात्रावास की टीम ने बाबू सोसाइटी को 2-0 से पराजित कर जीत दर्ज की। टेबुल-टेनिस बालक वर्ग में टीटी की बालक वर्ग की प्रतियोगिता का फाइनल मैच वीर बाल्मीकी बनाम ओमकार के मध्य खेला गया जिसमें वीर बाल्मीकी 3-2 से विजय प्राप्त की। टेबुल-टेनिस बालिका वर्ग में फाइनल मैच सौम्या चन्द्रा बनाम स्वैश चन्द्रा के मध्य खेला गया जिसमें सौम्या 3-2 से विजय प्राप्त की। हैण्डबाल बालक वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच केडीसिंह बाबू स्टेडियम-1 बनाम अलीगंज-1 के मध्य खेला गया जिसमें केडीसिंह बाबू-1 ने अलीगंज-1 को 9-7 से पराजित किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच केडीसिंह बाबू स्टेडियम-2 बनाम चौक स्टेडियम के मध्य खेला गया जिसमें केडीसिंह बाबू-2 ने चौक स्टेडियम लखनऊ को 13-7 से पराजित किया। हैण्डबाल बालिका वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच केडीसिंह बाबू बनाम अलीगंज-2 के मध्य खेला गया जिसमें केडीसिंह बाबू स्टेडियम 4-0 से विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल मैच अलीगंज-1 बनाम गोमतीनगर-1 के मध्य खेला गया, जिसमें अलीगंज-1 ने गोमतीगनर-1 को 4-0 से पराजित किया।